कुंभ-2027 की तैयारियों को लेकर.. 02

राष्ट्रीय शिखर

खबरों की स्वतंत्रता

राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र गौतमबुद्धनगर, नई दिल्ली, देहरादून और लखनऊ से एक साथ प्रसारित

राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक समाचार पत्र

रकुल प्रीत ने जैकी भगनानी... 11

वर्ष - 02, अंक - 194 | गाजियाबाद / शुक्रवार 16 अक्टूबर 2026 | PRGI No. - UPHIN/25/A0086 | पृष्ठ -12, मूल्य - 04 रूपए

षष्ठम दिन

मां कात्यायनी

मां कात्यायनी को शक्ति, पराक्रम और धर्म की रक्षा करने वाली देवी माना जाता है। पौराणिक मान्यता के अनुसार, उन्होंने महिषासुर का वध किया था। सिंह पर सवार उनकी दिव्य छवि अन्याय के विरुद्ध संघर्ष की प्रेरणा देती है। भक्त मनोकामना पूर्ति, साहस और वैवाहिक सुख के लिए इनकी पूजा करते हैं।

जिस आईडी से सिम खरीदी, वही नाम डिस्प्ले होगा; फर्जी कॉल पहचानने में मदद मिलेगी

1 नवंबर से फोन-स्क्रीन पर कॉलर का नाम दिखाना जरूरी

नईदिल्ली (एजेंसी)। भारत में एक नवंबर से CNAP सिस्टम लागू होने जा रहा है। इसके तहत अनजान नंबर से कॉल आने पर भी फोन की स्क्रीन पर कॉल करने वाले का नाम और नंबर दिखाई देगा, लेकिन क्या मोबाइल का इंटरनेट बंद होने पर भी यह सिस्टम काम करेगा? क्या बिना मोबाइल डेटा के भी अनजान कॉलर का नाम स्क्रीन पर दिखेगा?

आपके फोन पर जब भी किसी का कॉल आएगा, तो स्क्रीन पर उस व्यक्ति का नंबर और नाम दोनों दिखेंगे। जिस आईडी से सिम खरीदी, वही नाम डिस्प्ले होगा। इससे फर्जी कॉल पहचानने में मदद मिलेगी।

दूरसंचार विभाग ने टेलिकॉम ऑपरेटर्स को 1 नवंबर 2026 से ये सर्विस शुरू करने का निर्देश दिया है। यूजर को इस सर्विस को अलग से एक्टिवेट करने की जरूरत नहीं होगी।

इंटरनेट पर निर्भर क्यों नहीं है CNAP?

सीधे टेलीकॉम इंफ्रास्ट्रक्चर से जुड़ाव-यह सुविधा सीधे आपके टेलीकॉम ऑपरेटर के इंटरनल नेटवर्क के जरिए काम करती है। जब भी आपके फोन पर किसी नंबर से कॉल आती है, तो ऑपरेटर का बैकएंड नेटवर्क बिना किसी इंटरनेट डेटा के कॉलर की पहचान कर लेता है।

आपके फोन पर ऐसे शुरू और काम करेगी यह सर्विस

कोई एप या सेटिंग नहीं: इसे चालू करने के लिए न तो आपको कोई थर्ड-पार्टी एप डाउनलोड करने की जरूरत होगी और न ही फोन की सेटिंग्स में जाकर कोई बदलाव करना पड़ेगा।

बाय-डिफॉल्ट ए: टेलीकॉम कंपनियां इस सेवा को अपने स्तर (नेटवर्क लेवल) से ही सभी ग्राहकों के लिए डिफॉल्ट रूप से चालू कर देंगी। वहीं, अगर कोई यूजर इसका इस्तेमाल नहीं करना चाहता, तो वह इस सिस्टम को ऑफ भी कर सकता है।

असली नाम की डिस्प्ले: जब भी कोई अनजान नंबर से आपको कॉल करेगा, तो टेलीकॉम कंपनी आपके फोन में इंटरनेट न होने पर भी सीधे केवायसी डेटाबेस से उस व्यक्ति का वही असली नाम स्क्रीन पर दिखाएगी।

हमारा ध्यान लद्दाख की नई पीढ़ी पर, केंद्र के लिए यहां का विकास प्राथमिकता : पीएम मोदी

- 3350 करोड़ के प्रोजेक्ट शुरू किए

नई दिल्ली (एजेंसी)। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने गुरुवार को कहा कि सरकार का ध्यान लद्दाख की नई पीढ़ी पर है, ताकि युवाओं को अच्छी शिक्षा मिले और उन्हें दूसरे शहरों पर निर्भर न रहना पड़े। उन्होंने कहा कि केंद्र सरकार के लिए लद्दाख का विकास प्राथमिकता है।

पीएम मोदी ने लद्दाख में करीब 3,350 करोड़ रुपए की विकास परियोजनाओं का वर्चुअली उद्घाटन और लोकार्पण किया। इनमें लेह एयरपोर्ट का नया पैसेंजर टर्मिनल, 298 किलोमीटर लंबी निम्मू-पदुम-दरचा सड़क, 9 मेगावाट का हानू हाइड्रोइलेक्ट्रिक प्रोजेक्ट, बिजली ट्रांसमिशन लाइन, देश का पहला पेट्रोग्लिफ संरक्षण पार्क और 40 गांवों में बनाए गए जलाशय शामिल हैं।

विदेशी मेहमानों को लद्दाख की बनी चीजें देता हूं

पीएम मोदी ने कहा- लद्दाख में खेलों की भी बहुत संभावनाएं हैं। यहां के युवाओं ने आइस हॉकी, पर्वतारोहण में नई पहचान बनाई है। यहां की खेल प्रतिभाओं को आगे बढ़ाने का प्रयास कर रहे हैं, ताकि युवा राष्ट्रीय-अंतरराष्ट्रीय स्तर पर उपलब्धियां हासिल करें।

संक्षिप्त समाचार

एक्टर इमरान खान को भारत छोड़ने का नोटिस

मुंबई (एजेंसी)। एक्टर इमरान खान को मुंबई पुलिस ने नोटिस जारी कर 28 अक्टूबर तक भारत छोड़ने का निर्देश दिया है। इमरान 10 अक्टूबर को मुंबई के अगस्त क्रांति मैदान में मुख्य चुनाव आयुक्त ज्ञानेश कुमार के इस्तीफे की मांग को लेकर प्रदर्शन में शामिल हुए थे। इसके बाद मुंबई पुलिस ने इमरान खान को हिरासत में भी लिया था। वे 22-23 जुलाई को नीट पेपर लीक के विरोध में हुए कॉकरोच जनता पार्टी के प्रदर्शन में भी शामिल हुए थे। मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक, इमरान भारतीय नहीं, अमेरिकी नागरिक हैं और विरोध प्रदर्शन में शामिल हुए थे। इस मामले में उनके खिलाफ इमिग्रेशन एक्ट की संबंधित धाराओं के तहत कार्रवाई की गई है।



अतीक-अशरफ जहां पैर रख दें, जमीन उनकी हो जाती थी

प्रयागराज (एजेंसी)। सीएम योगी ने गुरुवार को प्रयागराज में कहा- 2017 से पहले प्रदेश में माफिया हावी थे। उन्होंने जिस जमीन पर पैर रख दिया, वह अतीक की हो गई, अशरफ की हो गई। अब जिस जमीन पर सरकार ने बोल दिया कि ये माफिया की नहीं है, यहां गरीबों के लिए आशियाने बनने हैं। वहां गरीबों के लिए आवास बन रहे हैं। योगी ने ये बातें स्नातक मतदाता सम्मेलन में कहीं। सीएम योगी ने कसारी-मसारी क्षेत्र में माफिया अतीक अहमद और उसके गुर्गों के कब्जे से मुक्त कराई गई सरकारी जमीन पर बनने वाले फ्लैटों का भूमिपूजन किया। इस दौरान मंत्री स्वतंत्र देव सिंह, मंत्री नंदी भी मौजूद रहे।

अंकिता भंडारी मर्डर केस- माता-पिता का दिल्ली में धरना

नई दिल्ली (एजेंसी)। अंकिता भंडारी हत्याकांड में न्याय की मांग को लेकर प्रदर्शन कर रहे उनके माता-पिता को पुलिस ने गुरुवार सुबह इंडिया गेट से करीब 3:45 बजे हिरासत में ले लिया। करीब दो घंटे बाद उन्हें रिहा कर दिया गया।
कांग्रेस नेता पवन खेड़ा और अन्य कार्यकर्ताओं को भी यहीं से हिरासत में लिया गया है। दिल्ली पुलिस ने सीआरपीएफ के साथ मिलकर यह कार्रवाई की। सभी प्रदर्शनकारियों को तिलक मार्ग पुलिस स्टेशन में रखा गया है। अंकिता उत्तराखंड के एक होटल में रिसेप्शनिस्ट थी। साल 2022 में एक वीआईपी को विशेष सेवाएं देने से इनकार के बाद उसकी हत्या कर दी गई थी। संबंधित वीआईपी की पहचान सार्वजनिक नहीं है।

पिता बोले- दुष्यंत की नियुक्ति रद्द नहीं हुई तो फिर धरना देंगे- दिल्ली पुलिस द्वारा हिरासत में लिए जाने पर अंकिता भंडारी के पिता ने कहा, अगर मेरी बेटी को इंसाफ नहीं मिला, तो पूरे देश में प्रदर्शन होंगे। हमारी सबसे पहली मांग है कि दुष्यंत गौतम की नियुक्ति रद्द की जाए। और अगर नियुक्ति रद्द नहीं की गई, तो हमें एक बार फिर पूरे देश में सड़कों पर उतरना होगा।

सुप्रीम कोर्ट तक मार्च पर विपक्ष को नोटिस

सीजेआई बोले- हमें कोई धमका नहीं सकता

जानते हैं कोर्ट के बाहर क्या कह रहे और अंदर क्या कहते

केंद्र और चुनाव आयोग को भी नोटिस

नईदिल्ली (एजेंसी)। राहुल गांधी 12 अक्टूबर को सुप्रीम कोर्ट तक मार्च निकाला था, वह इसके बाद सुप्रीम कोर्ट के अंदर पहुंचे थे।

बाराखंभा से सुप्रीम कोर्ट तक मार्च को लेकर राहुल गांधी और कांग्रेस को नोटिस जारी किया गया है। सीजेआई सूर्यकांत ने गुरुवार को कहा कि कोई भी सुप्रीम कोर्ट को डराने या धमकाने की कोशिश नहीं कर सकता। सीजेआई ने सुप्रीम कोर्ट में एसआईआर के विरोध प्रदर्शन और मार्च से जुड़ी याचिकाओं पर सुनवाई के दौरान यह टिप्पणी की। राहुल गांधी और 13 अन्य की याचिका पर कोर्ट ने केंद्र और चुनाव आयोग (ईसीआई) को भी नोटिस जारी किया है। कोर्ट ने संबंधित पक्षों से जवाब मांगा है। सुप्रीम कोर्ट ने राहुल का नाम लिए बिना यह भी कहा कि याचिकाकर्ताओं में से एक से उसके आचरण के बारे में सवाल करना चाहते हैं। उन्हें सफाई देनी होगी। याचिका दायर करने से पहले इंडिया ब्लॉक ने 12 अक्टूबर को सुप्रीम कोर्ट तक मार्च किया था।

कोर्ट ने सीसीटीवी फुटेज सुरक्षित रखने के निर्देश दिए- वकील गौरव भाटिया ने सुप्रीम कोर्ट से उन सीसीटीवी फुटेज को सुरक्षित करवाने के लिए अंतरिम आदेश देने की मांग की, जो राहुल के सुप्रीम कोर्ट पहुंचने के हैं।

आरोप है कि तब उन्होंने गर्भवती महिला पत्रकार को धक्का दिया था। इस पर जस्टिस बागची ने सभी कानूनी एजेंसियों को सीसीटीवी और अन्य डिजिटल फुटेज सुरक्षित रखने का निर्देश दिया। यह भी कहा है कि इन्हें कोई भी आकर जमा करा सकता है।

पत्रकारों के फोन जब्त करने पर सुप्रीम कोर्ट का केंद्र को नोटिस- सीनियर एडवोकेट सीयू सिंह ने सुप्रीम कोर्ट को बताया कि पत्रकारों के उपकरण (फोन/कैमरा आदि) जब्त कर लिए गए हैं।

- **धर्मांतरण पर पिछले धर्म का आरक्षण नहीं मिलेगा: कहा- हिंदू धर्म में भी लौटने पर भी पुराना दर्जा नहीं** - सुप्रीम कोर्ट ने गुरुवार को कहा कि हिंदू धर्म से गैर-हिंदू धर्म अपनाने वाला व्यक्ति पुराने सामाजिक दर्जे के आधार पर आरक्षण का लाभ नहीं मांग सकता। कोर्ट ने इस मामले में मद्रास हाईकोर्ट का फैसला बरकरार रखा है। दरअसल, सरकार ने 9 मार्च 2024 को पिछड़ा वर्ग, अति पिछड़ा वर्ग, विमुक्त समुदाय और अनुसूचित जाति के लोगों को इस्लाम अपनाने के बाद मुस्लिम पिछड़ा वर्ग में शामिल करने की अनुमति दी थी। लेकिन मद्रास हाईकोर्ट ने इस फैसले पर रोक लगा दी थी, जिसके बाद सुप्रीम कोर्ट में इसे चुनौती दी गई थी।

- **अनुसूचित जाति का दर्जा सिर्फ हिंदू, बौद्ध या सिख धर्म को-** सुप्रीम कोर्ट ने संविधान के 1950 के अनुसूचित जाति आदेश का जिक्र किया। कोर्ट ने कहा कि अनुसूचित जाति का दर्जा हिंदू, बौद्ध या सिख धर्म के अलावा दूसरे धर्मों के लोगों को नहीं दिया जा सकता। कोर्ट के मुताबिक, ऐसे व्यक्ति का अपने मूल जाति से जुड़ा अनुसूचित जाति दर्जा खत्म हो जाता है। पूरा मामला सेक्रेटरी टू गवर्नमेंट बनाम समीर अहमद एन से जुड़ा था।

- **जवाब से संतुष्ट नहीं हुए तो कानून अपना काम करेगा, जंतर-मंतर को विरोध प्रदर्शन स्थल से हटाने पर एससी की दो टूक-** राष्ट्रीय राजधानी दिल्ली में विरोध-प्रदर्शनों के प्रमुख केंद्र रहे जंतर-मंतर को तय प्रदर्शन स्थल की सूची से हटाए जाने के केंद्र सरकार के फैसले को सुप्रीम कोर्ट में चुनौती दी गई है। इस याचिका पर सुनवाई के दौरान सुप्रीम कोर्ट ने गुरुवार को केंद्र सरकार और दिल्ली पुलिस को नोटिस जारी कर उनका रुख स्पष्ट करने को कहा है। दरअसल, हाल ही में दिल्ली पुलिस ने आदेश जारी करते हुए कहा कि जंतर-मंतर की जगह अब विरोध-प्रदर्शनों के लिए रामलीला मैदान, बुराड़ी मैदान और सीबीडी ग्राउंड (शाहदरा) को चिन्हित किया गया है। इसके बाद सुप्रीम कोर्ट में एक याचिका दायर की गई है, जिसमें केंद्र सरकार के जंतर-मंतर को विरोध-प्रदर्शन की तय जगह की सूची से हटाने के फैसले को चुनौती दी गई है।

कॉकरोच पार्टी की प्रेस कॉन्फ्रेंस में हंगामा, नारेबाजी की

- दीपके बोले- ज्ञानेश कुमार को बचाने के लिए तिरंगा फहराना भी अपराध बनाया

नई दिल्ली (एजेंसी)। कॉकरोच जनता पार्टी और छात्र संगठन एआईएसए की दिल्ली में जॉइंट प्रेस कॉन्फ्रेंस के दौरान हंगामा हुआ। नेहा बोरा के बोलना शुरू करते ही वहां मौजूद कुछ लोग 'बंद करो' के नारे लगाने लगे। प्रेस कॉन्फ्रेंस में एडवोकेट कपिल सिब्बल, प्रशांत भूषण और एक्टर प्रकाश राज भी शामिल हुए। दीपके ने प्रेस कॉन्फ्रेंस में कहा- सरकार ने ज्ञानेश कुमार को बचाने के लिए तिरंगा फहराने को भी अपराध बना दिया है। आशुतोष रांका और सौरव दास जंतर-मंतर पर तिरंगा फहराने गए थे, लेकिन उन्हें भी जेल भेज दिया गया। आखिर सरकार ज्ञानेश कुमार को क्यों बचा रही है। वहीं नेहा बोरा ने कहा- लोगों को हिरासत में लेने से, मारपीट करने से आंदोलन नहीं रुकेगा। सीजेपी और अन्य संगठनों ने 16 अक्टूबर को दिल्ली के कनॉट प्लेस स्थित सेंट्रल पार्क में तिरंगा लहराकर प्रदर्शन करने का ऐलान किया है। वे एसआईआर रोकने और मुख्य चुनाव आयुक्त ज्ञानेश कुमार के इस्तीफे की मांग कर रहे हैं।

प्रकाश राज बोले- हर जिले-गांव को जंतर-मंतर बनाएंगे

प्रकाश राज ने प्रेस कॉन्फ्रेंस में कहा- आपने बहुत कहानियां सुनी होंगी। इन कहानियों का मोरल ऑफ द स्टोरी है कि जो बचपन में क्रोकोडाइल से नहीं डरा, वह आज कॉकरोच से डर गया। कल देश के 200 संगठन एकजुट हो रहे हैं।

नक्सलवाद खत्म करना ही काफी नहीं, पीड़ितों के जख्म भरना भी जरूरी : शाह

नई दिल्ली (एजेंसी)। केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने बृहस्पतिवार को कहा कि छत्तीसगढ़ में बुनियादी ढांचे और सुविधाओं को बेहतर बनाने के प्रयास किए जा रहे हैं। भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) सरकार द्वारा बस्तर के पुनर्निर्माण और वामपंथी उग्रवाद के पीड़ितों के पुनर्वास के लिए किए जा रहे प्रयासों का उल्लेख करते हुए शाह ने कहा कि नक्सलवाद को खत्म करना ही पर्याप्त नहीं है, बल्कि पांच दशकों में इसके कारण लोगों को जो पीड़ा झेलनी पड़ी है, उसे दूर करना भी सरकार की जिम्मेदारी है।



इसका सबसे अधिक असर क्षेत्र के गरीब आदिवासी समुदायों पर पड़ा है। शाह ने छत्तीसगढ़ में नक्सलवाद से प्रभावित लोगों को सहायता प्रदान करने के लिए आयोजित एक कार्यक्रम को डिजिटल माध्यम से संबोधित करते हुए कहा कि पांच से सात अक्टूबर तक जगदलपुर में आयोजित दिव्यांग सहायता कार्यक्रम से 3,600 से अधिक लोग लाभान्वित हुए, जिनमें अकेले बस्तर के करीब 1,570 लोग शामिल हैं। इस पहल के तहत नक्सलवाद से प्रभावित लोगों को कृत्रिम अंग, व्हीलचेयर, तिपहिया साइकिल, सुनने में मदद करने वाले उपकरण और छड़ियों सहित अन्य सहायक उपकरण उपलब्ध कराए जा रहे हैं।

शाह ने कहा, नक्सलवाद का अंत होने का मतलब यह नहीं है कि हम इन पांच दशकों की पीड़ा को मिटा सकते हैं। उन्होंने कहा कि सरकार को पीड़ितों की जिंदगी और सम्मान दोबारा बहाल करने में मदद करनी चाहिए। उन्होंने इन प्रयासों में केंद्र सरकार की ओर से राज्य सरकार को पूरा सहयोग देने का आश्वासन दिया।

एंटी-ड्रग एक्टिविस्ट हत्याकांड

पंजाब बंद, स्कूल-बाजार नहीं खुले

लुधियाना, बठिंडा और मोहाली में हाईवे जाम, परिवार का शव लेने से इनकार; एसएचओ सस्पेंड

लुधियाना (एजेंसी)। एंटी ड्रग एक्टिविस्ट परविंदर झोटा की हत्या के विरोध में आज 15 अक्टूबर को पंजाब बंद बुलाया गया है। लुधियाना, पठानकोट, गुरदासपुर, बठिंडा, मानसा और जालंधर में प्राइवेट स्कूल-कॉलेज बंद हैं। सरकारी स्कूलों में छुट्टी नहीं है, लेकिन छात्र नहीं आए हैं।

सभी जिलों में बाजार बंद थे। किसान संगठनों ने लुधियाना, बठिंडा और मोहाली से चंडीगढ़ जाने वाले नेशनल हाईवे जाम कर दिया था। जालंधर, बठिंडा और फरीदकोट में किसान नेताओं को पुलिस ने हिरासत में लिया था। इसी बीच मानसा के एसएसपी वैभव चौधरी ने मानसा सिटी थाना-2 की एसएचओ बेअंत कौर को सस्पेंड कर दिया है। वहीं डीएसपी हरजिंदर सिंह गिल के खिलाफ जांच के लिए डीजीपी ऑफिस को सिफारिश की गई है।

'राहुल गांधी अराजकता के प्रतीक'

गौरव भाटिया बोले- संविधान को तार-तार कर रही कांग्रेस, क्यों भड़की भाजपा?

नई दिल्ली (एजेंसी)। एसआईआर के तहत मतदाता सूची में कथित गड़बड़ियों को लेकर विपक्ष चुनाव आयोग पर सवाल उठा रहा है। राहुल गांधी समेत इंडिया गठबंधन के 13 नेताओं ने स्वतंत्र जांच की मांग करते हुए सुप्रीम कोर्ट का रुख किया है। अदालत ने चुनाव आयोग और तीनों चुनाव आयुक्तों से जवाब मांगा है। इस बीच भाजपा प्रवक्ता गौरव भाटिया ने राहुल गांधी को 'अराजकता का प्रतीक' बताते हुए कांग्रेस पर संविधान को तार-तार करने का आरोप लगाया है।

भारतीय जनता पार्टी ने गुरुवार को कांग्रेस सांसद और लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी पर हमला बोला। भाजपा के राष्ट्रीय प्रवक्ता गौरव भाटिया ने राहुल गांधी को 'अराजकता का प्रतीक' बताया। उन्होंने उन्हें गैर-जिम्मेदार नेता प्रतिपक्ष करार देते हुए आरोप लगाया कि राहुल गांधी बिना तथ्यों के बोलते हैं। प्रेस कॉन्फ्रेंस के दौरान गौरव भाटिया ने राहुल गांधी और कांग्रेस पर संविधान का अपमान करने का आरोप लगाया। उन्होंने कहा कि राहुल गांधी और कांग्रेस पार्टी संविधान को तार-तार कर रहे हैं। इतना ही नहीं, भाजपा प्रवक्ता गौरव भाटिया ने राहुल गांधी पर निशाना साधते हुए प्रदर्शन के नाम पर नारेबाजी और हुड़दंग करने का आरोप लगाया। उन्होंने कहा कि संविधान हर नागरिक को प्रदर्शन करने का अधिकार देता है, लेकिन इसका मतलब यह नहीं है कि कोई भी व्यक्ति इस अधिकार की आड़ में नियमों का उल्लंघन करे। प्रदर्शन के लिए तय जगह होनी चाहिए और इसके लिए पहले अनुमति लेनी जरूरी है।

कोई जिम्मेदार व्यक्ति ऐसा नहीं कर सकता

भाजपा प्रवक्ता गौरव भाटिया ने कहा कि कांग्रेस पार्टी और राहुल गांधी ने कहा था कि वे विरोध प्रदर्शन करेंगे और सुप्रीम कोर्ट का दरवाजा खटखटाएंगे। अब सवाल यह उठता है कि यह किस तरह का बर्ताव था? क्या 'भीड़तंत्र' को चलने दिया जा सकता है? क्या न्यायपालिका पर दबाव डालने के लिए भीड़ जुटाई जा सकती है, एक ऐसी संस्था जो मजबूत और निष्पक्ष है, और जिस पर भारत के लोगों को भरोसा है?

यौन उत्पीड़न मामले में कांग्रेस सांसद अकोइजम को पुलिस का समन

- जेएनयू में 11 छात्राओं की शिकायत पर एफआईआर

नई दिल्ली (एजेंसी)। दिल्ली पुलिस ने जवाहरलाल नेहरू विश्वविद्यालय (जेएनयू) से जुड़े एक यौन उत्पीड़न मामले में कांग्रेस सांसद अंगोमचा बिमोल अकोइजम को पूछताछ के लिए तलब किया है। यह कार्रवाई 11 अक्टूबर को जेएनयू के मुख्य सुरक्षा अधिकारी की शिकायत पर दर्ज एफआईआर के बाद की जा रही है, जिसमें सांसद का नाम शामिल है। मीडिया रिपोर्ट्स के अनुसार, मई में 11 छात्राओं ने अकोइजम के खिलाफ शिकायतें दर्ज कराई थीं। इन शिकायतों में आरोप है कि उन्होंने छात्राओं को अपने कैंपस स्थित आवास पर बुलाकर यौन उत्पीड़न का प्रयास किया और क्लासरूम में भी आपत्तिजनक टिप्पणियां कीं। विश्वविद्यालय ने इन आरोपों की जांच के बाद उन्हें प्रोफेसर पद से बर्खास्त कर दिया था। इस मामले में भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) ने कांग्रेस और राहुल गांधी पर चुप्पी साधने और अकोइजम के खिलाफ कोई कार्रवाई न करने का आरोप लगाया है। भाजपा ने राहुल गांधी के पितृसत्ता को खत्म करने वाले बयान पर सवाल उठाते हुए इसे राजनीतिक बयानबाजी करार दिया। भाजपा की महिला सांसदों और अन्य नेताओं ने राष्ट्रपति और राष्ट्रीय महिला आयोग (एनसीडब्ल्यू) की अध्यक्ष से मिलकर सांसद अकोइजम के खिलाफ कड़ी कार्रवाई और उनके इस्तीफे की मांग की है।

वायु प्रदूषण पर 13 हजार करोड़ खर्च, फिर भी 20 लाख मौतें और बढ़ता संकट

नई दिल्ली (एजेंसी)। देश में वायु प्रदूषण पर अंकुश लगाने के लिए 2019 से अब तक 13 हजार करोड़ से अधिक जारी किए हैं, लेकिन इस भारी-भरकम राशि का अधिकांश हिस्सा, करीब 68 प्रतिशत सिर्फ सड़कों की धूल हटाने पर खर्च हुआ है। इस बीच, एक रिपोर्ट इंडिया एयर पॉल्यूशन 2026 के अनुसार, 2023 में प्रदूषित हवा के कारण 20 लाख लोगों की मौत हुई, जो 2000 के मुकाबले 43 प्रतिशत अधिक है। यदि हवा तय मानकों के अनुरूप साफ हो जाए, तब भारतीयों की औसत जीवन प्रत्याशा 3.5 साल बढ़ सकती है। रिपोर्ट बताती है कि 2025 में भारत में पीएम 2.5 का औसत स्तर 48.9 रहा, जो डब्ल्यूएचओ की तय सीमा से दस गुना से भी अधिक है। बीते साल दुनिया के 143 देशों में भारत छठा सबसे प्रदूषित देश रहा। प्रदूषण की निगरानी व्यवस्था में भी गंभीर खामियां उजागर हुई हैं। 2025 में 1,600 वायु गुणवत्ता जांच स्टेशनों के बावजूद, राष्ट्रीय स्वच्छ वायु कार्यक्रम (एनसीएपी) के तहत आने वाले 130 शहरों में से 28 में लगातार प्रदूषण मापने वाला एक भी स्टेशन नहीं था। वहीं, 40 शहरों में प्रदूषण के वास्तविक स्रोतों की पहचान भी पूरी नहीं हुई है।
परिणामस्वरूप, 2025 में देश के 229 में से 190 शहरों में पीएम10 का स्तर मानक से अधिक रहा, जिनमें गंगा के मैदानी इलाकों के 61 में से 60 शहर और दिल्ली-एनसीआर के सभी 14 शहर शामिल हैं।

आज मुख्यमंत्री योगी के दौरे से गाजियाबाद में ट्रैफिक बंद, शहर में बदलेगी व्यवस्था

गाजियाबाद (एजेंसी)। उत्तरप्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के शुक्रवार को गाजियाबाद दौरे के मद्देनजर शहर की यातायात व्यवस्था में बड़ा बदलाव किया है। उनके आगमन को देखकर हापुड़ रोड और पुराने बस अड्डे चौराहे पर वाहनों की आवाजाही पूरी तरह से बंद रखी जाएगी, जिससे शहरवासियों को परेशानी का सामना करना पड़ सकता है। इसके अतिरिक्त, मुख्यमंत्री के काफिले के गुजरने के दौरान एनएच-नौ पर भी कुछ समय के लिए यातायात रोका जाएगा। इन प्रमुख मार्गों पर यातायात बंद होने से अन्य वैकल्पिक रास्तों पर दबाव बढ़ने और भारी जाम की स्थिति पैदा होने की आशंका है। पुलिस प्रशासन ने सुरक्षा के साथ-साथ यातायात प्रबंधन को लेकर भी पुख्ता इंतजाम किए हैं। मुख्यमंत्री का यह दौरा कई महत्वपूर्ण उद्देश्यों को लेकर है। वह गाजियाबाद में निर्माणाधीन पुराने बस अड्डे का निरीक्षण करने, जहां चल रहे विकास कार्यों की प्रगति का जायजा लिया जाएगा। इसके उपरांत, सीएम डासना स्थित आईएमएस में भाजपा नेताओं के साथ अहम बैठक करने वाले है। जिसमें आगामी चुनावों की तैयारियों और पार्टी की रणनीति पर गहन मंथन किया जाएगा। मुख्यमंत्री के कार्यक्रमों के दौरान संबंधित क्षेत्रों में सुरक्षा व्यवस्था कड़ी रहेगी और यातायात नियमों का पालन सुनिश्चित कराने के लिए पुलिस बल तैनात रहेगा।

फर्जी तांत्रिक बनकर बुजुर्ग के घर से चुराए 15 लाख के गहने, तीन आरोपी गिरफ्तार

नई दिल्ली(एजेंसी)। दिल्ली में शाहदरा पुलिस ने जमीन में दफन पुश्तैनी सोना निकालने के बहाने बुजुर्ग से ठगी करने और उनके घर से करीब 15 लाख रुपए के सोने के गहने चोरी करने के आरोप में फर्जी तांत्रिक और उसके दो सहयोगियों को गिरफ्तार किया है। पुलिस के मुताबिक आरोपियों की पहचान मुजफ्फरनगर निवासी तहसीन उर्फ कृष्णा शर्मा उर्फ कृष्णा पंडित (48), मयूर विहार निवासी शोएब अली (40) और पश्चिम बंगाल के रहने वाले महाकादर खान (48) के रूप में हुई है। डीसीपी ने बताया कि सीमापुरी थाने में यह मामला पीड़ित गिरिजेश सिंह (79) की शिकायत पर दर्ज किया गया। शिकायतकर्ता का आरोप है कि उन्हें एक तांत्रिक से मिलवाया गया और आरोपियों ने असली सोने का सिक्का दिखाकर उनका विश्वास जीता और फिर अनुष्ठान के नाम पर उनसे नकद एवं यूपीआई के जरिए करीब 39 हजार रुपए ठग लिए। डीसीपी ने बताया कि इसके बाद चार अगस्त की रात आरोपियों ने बुजुर्ग के घर पर मिट्टी के बर्तनों और नकली सोने के बिस्कुटों का इस्तेमाल कर अनुष्ठान करने का नाटक किया।

कुंभ-2027 की तैयारियों को लेकर सतपाल महाराज सख्त, सुरक्षा और सुविधाओं के पुख्ता इंतजाम के निर्देश

हरिद्वार (शिखर समाचार)। हरिद्वार कुंभ-2027 को दिव्य, भव्य और सुरक्षित बनाने के लिए कैबिनेट मंत्री सतपाल महाराज ने संबंधित विभागों को सभी तैयारियां निर्धारित समयसीमा में पूरी करने के निर्देश दिए हैं। बृहस्पतिवार को मेला नियंत्रण भवन के सभागार में आयोजित समीक्षा बैठक में उन्होंने श्रद्धालुओं की सुरक्षा, भीड़ प्रबंधन, यातायात, पार्किंग, स्वास्थ्य सेवाओं, स्वच्छता और पेयजल व्यवस्था को सर्वोच्च प्राथमिकता देने पर जोर दिया। उन्होंने कहा कि कुंभ के लिए विकसित होने वाली सुविधाएं स्थायी हों, ताकि हरिद्वार के लोगों को भी वर्षभर उनका लाभ मिल सके। सतपाल महाराज ने संभावित भीड़ को ध्यान में रखते हुए पिछले आयोजनों के अनुभवों के आधार पर व्यापक कार्ययोजना तैयार करने को कहा। बसों और ट्रेनों के संचालन की ठोस योजना बनाने, उसका प्रचार-प्रसार करने तथा भगदड़ की आशंका रोकने के लिए विशेष सतर्कता बरतने के निर्देश दिए। उन्होंने ट्रेनों के प्रस्थान से ठीक पहले प्लेटफॉर्म बदलने जैसे अचानक बदलावों से बचने और आपात स्थिति में भीड़ की सुरक्षित निकासी के लिए वैकल्पिक मार्ग तैयार रखने पर जोर दिया। पार्किंग स्थलों और अस्थायी बस अड्डों से प्रमुख घाटों तक श्रद्धालुओं के लिए शटल बस सेवा उपलब्ध कराने को भी कहा। मंत्री ने सड़कों, पुलों, घाटों और मंदिरों तक जाने वाले मार्गों की गुणवत्ता सुनिश्चित करने तथा रोप-वे की सुरक्षा जांच कराने के निर्देश दिए। घाटों पर पर्याप्त पुलिस बल, वृद्धजनों और दिव्यांगजनों के लिए रैंप, चेंजिंग रूम, चिकित्सा सुविधाएं, एंबुलेंस और आवश्यक दवाओं की उपलब्धता सुनिश्चित करने को कहा। उन्होंने संक्रामक बीमारियों की रोकथाम, नियमित सफाई, कूड़ा एवं सीवरेज प्रबंधन, स्वच्छ पेयजल, निर्बाध बिजली और दूरसंचार सेवाओं पर भी विशेष ध्यान देने के निर्देश दिए। बैठक में मेलाधिकारी सोनिका ने बताया कि अधिकांश निर्माण कार्य निर्धारित समयसीमा के अनुसार आगे बढ़ रहे हैं। पुलों, घाटों और सड़कों की परियोजनाओं की निगरानी की जा रही है। बैठक में जिलाधिकारी मयूर दीक्षित, नगर आयुक्त नंदन कुमार, भाजपा जिलाध्यक्ष आशुतोष शर्मा, मुख्य विकास अधिकारी ललित नारायण मिश्र सहित विभिन्न विभागों के अधिकारी उपस्थित रहे। देहरादून, पौड़ी और टिहरी के अधिकारियों ने वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से प्रतिभाग किया।

रूसी सेना में फिर शामिल हो रहे भारतीय : सुप्रीम कोर्ट में सरकार की चिंता

नई दिल्ली (एजेंसी)। केंद्र ने सुप्रीम कोर्ट को सूचित किया है कि कुछ भारतीय, जिन्हें पहले रूसी सेना से मुश्किल से निकाला गया था, वे अब अपनी मर्जी से फिर से उसी सेना में शामिल हुए हैं और उनका कोई अता-पता नहीं है। मुख्य न्यायाधीश सूर्यकांत और जस्टिस जॉयमाल्य बागची की पीठ के समक्ष विदेश मंत्रालय द्वारा प्रस्तुत एक स्थिति रिपोर्ट में गंभीर जानकारी सामने आई है।
एडिशनल सॉलिसिटर जनरल ऐश्वर्या भाटी ने बताया कि इसतरह के कई मामले सामने आए हैं जहां भारतीय व्यक्ति आर्थिक लाभ के प्रलोभन में रूसी सेना में शामिल होने के प्रस्ताव स्वीकार करते हैं। उनका मकसद अस्थायी वित्तीय लाभ प्राप्त करना और बाद में भारत सरकार से संपर्क कर सुरक्षित वापसी की उम्मीद करना होता है।
विदेश मंत्रालय ने स्पष्ट किया कि रूस में टूरिस्ट, स्टूडेंट या वर्क वीजा पर गए कुछ भारतीय, कम समय के लिए मिलने वाले आर्थिक लाभों के लालच में रूसी सेना में शामिल होने में गहरी दिलचस्पी दिखा रहे हैं। मंत्रालय ने यह भी बताया कि कई भारतीयों ने दूतावास से संपर्क कर अपनी भारतीय नागरिकता स्वेच्छा से छोड़ने, रूसी पासपोर्ट लेने और फिर रूसी सेना में भर्ती होने की बात कही है, जो इस प्रलोभन की गंभीरता को दर्शाता है। सरकार लगातार अपने नागरिकों को संकटग्रस्त क्षेत्रों से निकालने और उनकी सुरक्षा सुनिश्चित करने के प्रयास कर रही है, लेकिन कुछ व्यक्तियों का स्वेच्छा से इस खतरे को दोबारा मोल लेना एक चिंताजनक स्थिति पैदा करता है।

यह 'दमन' सरकार की ताकत नहीं, बल्कि सवालों से भागने का प्रमाण

-अंकिता भंडारी के माता-पिता को हिरासत में लेने पर भड़के खड़गे

नई दिल्ली, एजेंसी।
अंकिता भंडारी हत्याकांड में न्याय की गुहार लगा रहे उनके माता-पिता को दिल्ली में हिरासत में लिए जाने के बाद राजनीति गरमा गई है। कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे ने इस घटना को लेकर केंद्र सरकार पर तीखा हमला बोला और इसे मोदी सरकार की कायरता और संवेदनहीनता की पराकाष्ठा करार दिया। खड़गे का यह बयान उस समय आया जब अंकिता के माता-पिता सिक्किम के नए राज्यपाल के रूप में दुष्यंत कुमार गौतम की नियुक्ति के विरोध में इंडिया गेट के पास शांतिपूर्ण प्रदर्शन कर रहे थे।
मीडिया रिपोर्ट के मुताबिक खड़गे ने एक्स पर एक पोस्ट में कहा कि न्याय की गुहार लगाने वाले अंकिता भंडारी के माता-पिता को हिरासत में लिया गया, जबकि बीजेपी से जुड़े एक 'वीआईपी' को राज्यपाल का पद दिया गया। कांग्रेस अध्यक्ष ने दावा किया कि यह ''दमन'' सरकार की ताकत नहीं, बल्कि सवालों से भागने का प्रमाण है। खड़गे ने कहा कि एक बेटी को खो चुके माता-पिता के साथ ऐसा व्यवहार अत्यंत शर्मनाक और निंदनीय है। उन्होंने कहा कि कांग्रेस अंकिता भंडारी को न्याय दिलाने के लिए अपना संघर्ष जारी रखेगी।
अंकिता के माता-पिता को उस समय हिरासत में लिया गया जब वे सिक्किम के राज्यपाल के तौर पर दुष्यंत कुमार गौतम की नियुक्ति के विरोध में इंडिया गेट के पास प्रदर्शन कर रहे थे। उनका आरोप है कि अंकिता भंडारी हत्याकांड में जिस ''वीआईपी'' की भूमिका को लेकर सवाल उठते रहे हैं, वह गौतम ही हैं। 18 सितंबर 2022 में हुई इस हत्या के समय गौतम बीजेपी की उत्तराखंड इकाई के प्रभारी थे। इस हत्या मामले को लेकर कांग्रेस सहित विपक्षी दल बीजेपी और उत्तराखंड सरकार पर लगातार निशाना साधते रहे हैं।

पुराने स्कूल भवन की जगह बनेगा नया विद्यालय, डीएम ने बच्चों से पूछे गणित के सवाल

हरिद्वार (शिखर समाचार)। जनपद में शिक्षा व्यवस्था को बेहतर बनाने और विद्यार्थियों को गुणवत्तापूर्ण शिक्षा उपलब्ध कराने के उद्देश्य से जिलाधिकारी मयूर दीक्षित ने अपर रोड स्थित राजकीय प्राथमिक विद्यालय का औचक निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने शिक्षण व्यवस्था, विद्यार्थियों की शैक्षणिक क्षमता और विद्यालय में उपलब्ध सुविधाओं का जायजा लिया। पुराने विद्यालय भवन की स्थिति देखते हुए उन्होंने नए भवन के निर्माण के लिए प्रस्ताव तैयार कर उपलब्ध कराने के निर्देश दिए। निरीक्षण के दौरान जिलाधिकारी विभिन्न कक्षाओं में पहुंचे और छात्र-छात्राओं से पाठ्यक्रम से संबंधित प्रश्न पूछे। उन्होंने बच्चों से गणित के सवाल भी हल कराए। विद्यार्थियों ने प्रश्नों के सही उत्तर दिए, जिस पर जिलाधिकारी ने उनका उत्साहवर्धन करते हुए पढ़ाई के प्रति उनकी रुचि की सराहना की। उन्होंने शिक्षिकाओं को निर्देश दिए कि बच्चों को पाठ्यपुस्तकों के ज्ञान के साथ व्यावहारिक जानकारी भी दी जाए, ताकि वे सीखी गई बातों का दैनिक जीवन में उपयोग कर सकें। जिलाधिकारी ने कहा कि बच्चों के सर्वांगीण विकास के लिए गुणवत्तापूर्ण शिक्षा के साथ खेलकूद और रचनात्मक गतिविधियां भी आवश्यक हैं। विद्यालय भवन का निरीक्षण करने के बाद उन्होंने मुख्य शिक्षा अधिकारी अमित चंद को पुराने भवन के स्थान पर नया विद्यालय भवन बनाने के लिए आवश्यक प्रस्ताव तैयार कर उपलब्ध कराने के निर्देश दिए। उन्होंने विद्यालय में खेल मैदान की आवश्यकता पर भी जोर देते हुए कहा कि खेलकूद से बच्चों में शारीरिक क्षमता, अनुशासन, टीम भावना और आत्मविश्वास का विकास होता है।
मयूर दीक्षित ने कहा कि जनपद में शिक्षा की गुणवत्ता में सुधार और विद्यार्थियों को बेहतर शैक्षणिक वातावरण उपलब्ध कराना प्रशासन की प्राथमिकता है। इसके लिए विद्यालयों में जरूरी सुविधाओं के विकास और शिक्षण व्यवस्था को मजबूत बनाने के प्रयास किए जा रहे हैं। निरीक्षण के दौरान मुख्य शिक्षा अधिकारी अमित चंद, प्रधानाध्यापिका सपना रानी, जिला सूचना अधिकारी रती लाल शाह, विद्यालय की शिक्षिकाएं और छात्र-छात्राएं उपस्थित रहे।

कन्या इंटर कॉलेज को सोलर हैंडपंप और मंच शेड की सौगात, हाथ धुलाई अभियान भी शुरू

हरिद्वार (शिखर समाचार)। सेवा संकल्प अभियान के अंतर्गत कैबिनेट मंत्री मदन कौशिक ने ज्वालापुर स्थित पीएम श्री राजकीय कन्या इंटर कॉलेज में सोलर ड्यूल हैंडपंप और मंच शेड का लोकार्पण किया। छात्राओं को स्वच्छ पेयजल उपलब्ध कराने तथा विद्यालय में सांस्कृतिक कार्यक्रमों के आयोजन की सुविधा बढ़ाने के उद्देश्य से ये व्यवस्थाएं की गई हैं। इस अवसर पर वैश्विक हाथ धुलाई दिवस के मौके पर विद्यालय में डेटॉल स्कूल स्वच्छता शिक्षा कार्यक्रम का शुभारंभ भी किया गया।
कार्यक्रम का उद्घाटन मदन कौशिक, विद्यालय की प्रधानाचार्य पूनम राणा और स्थानीय पार्षद निशा पुंडीर सहित अन्य अतिथियों ने संयुक्त रूप से किया। अतिथियों ने फीता काटने के साथ सोलर हैंडपंप का संचालन कर विकास कार्यों का शुभारंभ किया। इस दौरान कार्यक्रम के बैनर और शिलापट का अनावरण भी किया गया।
वैश्विक हाथ धुलाई दिवस पर छात्राओं और शिक्षकों को संबोधित करते हुए मदन कौशिक ने कहा कि नियमित रूप से साबुन और पानी से हाथ धोना स्वस्थ जीवन के लिए बेहद जरूरी है। भोजन करने से पहले और शौचालय के उपयोग के बाद अच्छी तरह हाथ धोने से दस्त और संक्रमण जैसी बीमारियों का खतरा कम किया जा सकता है। उन्होंने वर्ष 2026 की थीम ह्यहाथ धोने के नायक बनेंह्न का उल्लेख करते हुए छात्राओं से स्वच्छता की आदत अपनाने और दूसरों को भी जागरूक करने की अपील की। उन्होंने हथेलियों, उंगलियों के बीच और नाखूनों की सफाई करते हुए कम से कम 20 सेकंड तक साबुन से हाथ धोने पर जोर दिया। मंत्री ने स्वच्छ भारत मिशन का उल्लेख करते हुए कहा कि स्वच्छता को जन-आंदोलन बनाने में प्रत्येक नागरिक की भागीदारी आवश्यक है। कार्यक्रम का संचालन रश्मि डबराल ने किया। इस अवसर पर खंड शिक्षा अधिकारी विनोद कुमार, डेटॉल के जिला प्रभारी प्रकाश नेगी, मंडल अध्यक्ष राजेंद्र कटारिया, प्रधानाचार्य पूनम राणा, पार्षद निशा पुंडीर सहित विद्यालय के शिक्षक-शिक्षिकाएं और बड़ी संख्या में छात्राएं उपस्थित रहीं। कार्यक्रम का समापन स्वच्छता को दैनिक जीवन का हिस्सा बनाने के संकल्प के साथ हुआ।

राहुल गांधी का मकसद भारत के संविधान और लोकतंत्र को तबाह करना है : भंडारी

नई दिल्ली, एजेंसी।
बीजेपी के राष्ट्रीय मीडिया सह-प्रभारी और राष्ट्रीय प्रवक्ता प्रदीप भंडारी ने लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष और कांग्रेस सांसद राहुल गांधी पर बड़ा आरोप लगाया है। उन्होंने एक्स पर खुद की एक रिकॉर्डेड वीडियो पोस्ट कर कहा कि राहुल गांधी की पोस्टर गर्ल नेहा बोरा साबित करती हैं कि राहुल का विरोध राजनीतिक नहीं है और उनका मकसद सत्ता परिवर्तन है। नेहा बोरा ने कहा है कि वह बांग्लादेश में सत्ता परिवर्तन से प्रेरित हैं और चाहती हैं कि भारत में भी वैसा ही हो।
मीडिया रिपोर्ट के मुताबिक वीडियो में प्रदीप भंडारी ने कहा कि राहुल गांधी और उनका पूरा इकोसिस्टम पॉलिटिकल रिजीम चेंज करना चाहता है। नेहा बोरा जो राहुल गांधी के पूरे प्रोटेस्ट की पोस्टर गर्ल हैं, उन्होंने एक इंटरव्यू में कहा है कि वह बांग्लादेश के जेनजी मूवमेंट से प्रेरित हैं। जैसा बांग्लादेश में हुआ, वे वैसा ही भारत के अंदर करना चाहते हैं। उन्होंने कहा कि इससे ये साबित होता है कि राहुल गांधी का मकसद भारत के संविधान और लोकतंत्र को तबाह करना है। पूरा कांग्रेस इकोसिस्टम भारत के लोकतंत्र को बर्बाद करना चाहता है। बांग्लादेश की तरह सत्ता परिवर्तन करना चाहता है। उन्होंने जोर देकर कहा कि जो लोग भारत के संविधान में विश्वास करते हैं, उन्हें राहुल गांधी के इकोसिस्टम का विरोध करना चाहिए।
बता दें राहुल गांधी ने बुधवार को कहा था कि जंतर-मंतर पर तिरंगा लहराने के लिए सीजेपी के नेताओं को जेल भेजना कायरता का काम है। यह बयान तब आया था जब सीजेपी नेता सौरव दास और आशुतोष रांका को बुधवार को पांच दिन की न्यायिक हिरासत में तिहाड़ जेल भेज दिया गया था जबकि अजिंक्य शिंदे को निजी मुचलके पर रिहा कर दिया था। राहुल गांधी ने एक्स पर पोस्ट में लिखा था- शांतिपूर्ण विरोध में जंतर-मंतर पर तिरंगा लहराना अपराध नहीं है। इसके लिए युवाओं को जेल भेजना कायरता का काम है। छात्र, युवा, पत्रकार, इंडिया ब्लॉक, अलग-अलग बैनर के एक ही कारण हैं कि नागरिक अपने संवैधानिक अधिकारों की मांग कर रहे हैं। उन्होंने कहा था कि जंतर-मंतर भारत के लोगों का है। हम इसे वापस लेंगे।

ठंड से पहले मौसम करेगा टॉर्चर, दिल्ली समेत 20 से ज्यादा राज्यों में चेतावनी

नई दिल्ली, एजेंसी।
नई दिल्ली(ईएमएस)। गुलाबी ठंड की दस्तक से पहले ही देश के कई हिस्सों में मौसम ने करवट बदली है। मौसम विभाग के अनुसार, देश के करीब 20 से ज्यादा राज्यों में बारिश की संभावना बनी हुई है। विशेष रूप से पहाड़ी राज्यों में भूस्खलन का अलर्ट जारी किया गया है, जबकि दक्षिणी हिस्सों में मूसलाधार बारिश की आशंका जताई गई है। यह मौसमी बदलाव उत्तर-पश्चिम भारत में सक्रिय पश्चिमी विक्षोभ और साइक्लोनिक सर्कुलेशन के कारण हो रहा है, जिसके चलते तापमान में गिरावट से पहले अचानक मौसम में उथल-पुथल देखने को मिल सकती है। इन मौसमी प्रणालियों के चलते जम्मू-कश्मीर, हिमाचल प्रदेश, पंजाब, हरियाणा, चंडीगढ़ और दिल्ली के ज्यादातर हिस्सों में हल्की से मध्यम बारिश के आसार हैं। इसके अतिरिक्त, पश्चिमी उत्तर प्रदेश, पूर्वी राजस्थान, हरियाणा, उत्तराखंड, चंडीगढ़, दिल्ली और पंजाब में कुछ स्थानों पर ओलावृष्टि की भी चेतावनी जारी की गई है, जिससे फसलों और सामान्य जनजीवन पर असर पड़ने की संभावना है। लोगों को सलाह दी गई है कि वे मौसम में अचानक होने वाले इन बदलावों के प्रति सतर्क रहें।
राष्ट्रीय राजधानी दिल्ली में आज दिनभर आसमान में आमतौर पर बादल छाए रहेंगे। शाम तक कई जगहों पर हल्की बारिश और कुछ स्थानों पर मध्यम बारिश की संभावना है। इस दौरान 40-50 किलोमीटर प्रति घंटे की रफ्तार से तेज हवाएं चलने के भी आसार हैं, जिससे मौसम ठंडा हो सकता है। मौसम विभाग ने यह भी बताया है कि रात में भी दिल्ली के कई इलाकों में हल्की बारिश हो सकती है। राजधानी में अधिकतम तापमान 28 डिग्री सेल्सियस और न्यूनतम तापमान 19 डिग्री सेल्सियस से 21 डिग्री सेल्सियस के बीच रहने का अनुमान है।
मध्य और पूर्वी भारत की बात करें तो, बिहार में फिलहाल मौसम शुष्क रहेगा, लेकिन पूर्वी उत्तर प्रदेश और उससे सटे बिहार के कुछ इलाकों में सक्रिय साइक्लोनिक सर्कुलेशन के चलते 16 से 18 अक्टूबर के बीच राज्य के कुछ हिस्सों में हल्की बारिश की संभावना है। झारखंड में भी कई जगहों पर हल्की या छुटपुट बारिश दर्ज की जा सकती है, जिससे इन क्षेत्रों में भी मौसम का मिजाज बदला हुआ रहेगा।
दक्षिण भारत में, कोंकण, गोवा और तटीय कर्नाटक में गर्म और उमस भरा मौसम बना रहेगा। हालांकि, दक्षिण-पश्चिम मॉनसून की वापसी के लिए परिस्थितियां पूरी तरह अनुकूल हो चुकी हैं, और 15 से 19 अक्टूबर के दौरान दक्षिण भारत के बड़े हिस्से में बारिश का एक नया दौर देखने को मिल सकता है,

जिससे इन क्षेत्रों में भी मौसम में बड़ा बदलाव महसूस होगा और किसानों व आम जनता को सतर्क रहने की आवश्यकता होगी।

मुरादनगर में महिला किसानों का सम्मान, 11 लाभार्थियों को मिले कृषि यंत्रीकरण के प्रमाणपत्र

गाजियाबाद (शिखर समाचार)। अंतरराष्ट्रीय महिला किसान वर्ष 2026 के अंतर्गत गुरुवार को मुरादनगर में महिला किसान दिवस, जनपद स्तरीय रबी उत्पादकता गोष्ठी और पराली प्रबंधन जागरूकता कार्यशाला का आयोजन किया गया। ह्लसमृद्ध महिला किसान, समृद्ध देशह्व संदेश के साथ आयोजित कार्यक्रम में कृषि क्षेत्र में उल्लेखनीय योगदान देने वाली 100 से अधिक महिलाओं को सम्मानित किया गया, जबकि कृषि यंत्रीकरण योजना के 11 लाभार्थियों को प्रमाणपत्र प्रदान किए गए। कार्यक्रम का उद्देश्य कृषि में महिलाओं की भागीदारी और नेतृत्व को बढ़ावा देने के साथ उनकी उपलब्धियों को पहचान देना रहा। कार्यक्रम की अध्यक्षता मुरादनगर की ब्लॉक प्रमुख सुचेता सिंह ने की। उन्होंने महिला किसानों से कृषि विभाग की योजनाओं का लाभ उठाने और आधुनिक कृषि तकनीक अपनाकर उत्पादन तथा आय बढ़ाने का आह्वान किया। सम्मानित महिलाओं में कृषि वैज्ञानिक, कृषि सखियां, अग्रणी महिला किसान, महिला उद्यमी तथा कृषि विभाग की महिला अधिकारी और कर्मचारी शामिल रहीं। ब्लॉक प्रमुख राजीव त्यागी ने किसानों को पराली प्रबंधन

के प्रति जागरूक करते हुए पराली नहीं जलाने की शपथ दिलाई। कृषि विज्ञान केंद्र के अध्यक्ष डॉ. प्रमोद कुंदू ने खाद्य प्रसंस्करण और कृषि उत्पादों का मूल्य संवर्धन कर आय बढ़ाने के उपाय बताए। इस दौरान पांच किसानों को जैव कीटनाशी भी वितरित किए गए। उप कृषि निदेशक आशीष कुमार सिंह ने रबी अभियान की तैयारियों और अंतरराष्ट्रीय महिला किसान वर्ष के महत्व पर प्रकाश डालते हुए कृषि विकास में महिलाओं की सक्रिय भागीदारी पर जोर दिया। जिला कृषि अधिकारी ने रबी फसलों की बुवाई के लिए खाद, बीज और उर्वरकों की उपलब्धता की जानकारी दी। जनपद की महिला किसान कृषि के विविध क्षेत्रों में अपनी पहचान बना रही हैं। डॉ. नीलम त्यागी मिलेट आधारित उत्पादों से जुड़े किसान उत्पादक संगठन का संचालन कर रही हैं। मंजू कश्यप मत्स्य पालन, एकीकृत कृषि प्रणाली और सिंघाड़े की खेती से जुड़ी हैं, जबकि प्रीति सैनी अंतरवर्तीय खेती सहित विभिन्न फसलों के उत्पादन में सक्रिय हैं। डॉ. मीनाक्षी करवाल ने जैव उर्वरक निर्माण और बिक्री के लिए ह्यभून्नतिह्ल नाम से उद्यम स्थापित किया है। लक्ष्मी मशरूम उत्पादन, प्रीति मिलेट की खेती, कविता फूलों-सब्जियों की खेती और डेयरी व्यवसाय तथा रेखा त्यागी फसल विविधीकरण और कृषि सखी के रूप में योगदान दे रही हैं। नीतू विविध फसलों की खेती, मंजू डेयरी व्यवसाय और कोमल स्वयं सहायता समूह के माध्यम से जूट के थैले बनाने के कार्य से जुड़ी हैं। कार्यक्रम में बिजेन्द्र तोमर सहित कृषि विभाग के कर्मचारी मौजूद रहे। आयोजन के माध्यम से महिला किसानों को कृषि विकास की मुख्यधारा में अधिक प्रभावी भूमिका निभाने के लिए प्रोत्साहित किया गया।

एआई से रामलीला का अश्लील वीडियो बनाकर मांगी एक लाख की रंगदारी, दो आरोपी गिरफ्तार

बिजनौर (शिखर समाचार)। कृत्रिम बुद्धिमत्ता (एआई) की मदद से रामलीला मंचन का फर्जी अश्लील वीडियो तैयार कर उसे प्रसारित करने की धमकी देकर रंगदारी मांगने के मामले में कोतवाली देहात थाना पुलिस ने दो आरोपियों को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने आरोपियों के कब्जे से रंगदारी की पहली किस्त के रूप में 20 हजार रुपये बरामद किए हैं। मामले में संजीव और रिजवान सहित अन्य आरोपियों की तलाश में पुलिस दबिश दे रही है। आरोपियों पर रामलीला कमेटी को बदनाम करने और धार्मिक भावनाएं आहत करने का भी आरोप है। अपर पुलिस अधीक्षक ग्रामीण गौतम राय ने बताया कि कोतवाली देहात क्षेत्र के गांव पहरूवाला निवासी खिलेन्द्र पुत्र चंद्रपाल सिंह ने पुलिस को शिकायत दी थी। शिकायत के अनुसार, गांव में लंबे समय से रामलीला का मंचन किया जा रहा है। आरोप है कि शिवाला कलां क्षेत्र के गांव रतनगढ़ निवासी संजीव और रामपुर निवासी रिजवान ने अपने दो अन्य साथियों के साथ मिलकर रामलीला के पुराने वीडियो में कृत्रिम बुद्धिमत्ता की सहायता से छेड़छाड़ की। इसके बाद वीडियो में अश्लील नृत्य दिखाकर उसे सामाजिक माध्यमों के कई समूहों में प्रसारित कर दिया गया। इससे ग्रामीणों में नाराजगी फैल गई और धार्मिक भावनाएं आहत होने का मामला सामने आया। फर्जी वीडियो प्रसारित होने के बाद गांव में आक्रोश फैल गया था। शुरूआती स्तर पर पुलिस ने रामलीला का मंचन रुकवाने का प्रयास भी किया, जिसका ग्रामीणों ने विरोध किया। बाद में मामला उच्चाधिकारियों के संज्ञान में आने पर आरोपियों को पकड़ने की योजना बनाई गई। पुलिस के मुताबिक, आरोपी वीडियो हटाने और उसे आगे प्रसारित नहीं करने के बदले रामलीला कमेटी से एक लाख रुपये मांग रहे थे। रंगदारी की पहली किस्त के रूप में 20 हजार रुपये लेने पहुंचे अमन और शादाब को पुलिस ने घेराबंदी कर गिरफ्तार कर लिया। पुलिस अब संजीव, रिजवान और अन्य संभावित आरोपियों की तलाश के साथ पूरे मामले की जांच कर रही है।

मिसाइल मैन को किया नमन, डॉ. कलाम की जयंती पर हुआ भव्य आयोजन

हापुड़ (शिखर समाचार) भारत के पूर्व राष्ट्रपति और मिसाइल मैन के नाम से विख्यात भारत रत्न डॉ. एपीजे अब्दुल कलाम की जयंती पर हापुड़ में एक भव्य कार्यक्रम का आयोजन किया गया। डॉ. एपीजे अब्दुल कलाम सोशल वेलफेयर सोसाइटी की ओर से उनकी स्मृति में स्थापित प्रतिमा पर श्रद्धा सुमन अर्पित किए गए। उल्लेखनीय है कि उत्तर प्रदेश में डॉ. कलाम की यह प्रतिमा केवल हापुड़ जनपद में ही स्थापित है। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में उत्तर प्रदेश सरकार के अनुसूचित जाति व जनजाति आयोग के सदस्य (राज्य मंत्री स्तर) नरेंद्र खजूरी, राष्ट्रीय लोकदल के जिलाध्यक्ष कुलदीप राठी और सोसाइटी के चेयरमैन दानिश कुरैशी शामिल हुए। सभी अतिथियों ने प्रतिमा पर माल्यार्पण कर डॉ. कलाम को भावभीनी श्रद्धांजलि दी। इस अवसर पर शिक्षा और समाज सेवा के क्षेत्र में उल्लेखनीय योगदान देने वाले

गणमान्य व्यक्तियों को सम्मानित किया गया। दीवान पब्लिक स्कूल के प्रधानाचार्य डॉ. मनोज कुमार, शिवा प्राथमिक पाठशाला की प्रधानाचार्य डॉ. सुमन रानी अग्रवाल, एसएसवी इंटर कॉलेज के प्रधानाचार्य विजय गर्ग, ताराचंद जनता इंटर कॉलेज की प्रधानाचार्य रश्मि चौधरी और नगर पालिका के कर निरीक्षक सुनील कुमार को प्रशस्ति पत्र, डॉ. कलाम की प्रतिमा और अंगवस्त्र भेंट किए गए। आयोजन के दौरान रालोद के प्रदेश सचिव प्रो. अब्बास अली, प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य हेमंत मिश्रा, नगर अध्यक्ष खालिद जिलानी, उपाध्यक्ष महबूब कुरैशी, जिला सचिव मोहम्मद अहमद, डॉ. असद सिद्दीकी, आरिफ त्यागी और मास्टर आफताब सहित कई अन्य गणमान्य नागरिक मौजूद रहे।

आईएमएस गाजियाबाद में 350 से अधिक विद्यार्थियों ने अंतरराष्ट्रीय मुद्दों पर किया मंथन

गाजियाबाद (शिखर समाचार)। आईएमएस गाजियाबाद में आईएमएस एमयूएन सोसाइटी की ओर से आयोजित दो दिवसीय आईएमएस मॉडल संयुक्त राष्ट्र सम्मेलन-2026 का भव्य शुभारंभ हुआ। इसमें देश के विभिन्न स्कूलों और महाविद्यालयों से आए 350 से अधिक विद्यार्थियों ने भाग लिया। सम्मेलन का उद्देश्य युवाओं में कूटनीतिक समझ, तार्किक चिंतन, संवाद कौशल, नेतृत्व क्षमता और अंतरराष्ट्रीय सहयोग की भावना विकसित करना है। कार्यक्रम का उद्घाटन मुख्य अतिथि राजदूत एवं विशेष सलाहकार डॉ. दीपक वोहरा, आईएमएस समूह के महासचिव सीए (डॉ.) राकेश छारिया, कार्यकारी परिषद के सदस्य सीए विदुर छारिया और संस्थान की निदेशक प्रोफेसर (डॉ.) जसकिरण कौर ने मां सरस्वती की प्रतिमा के समक्ष पुष्प अर्पित कर किया। इस दौरान साई फाउंडेशन स्कूल फॉर द डीफ के विद्यार्थियों ने सांस्कृतिक प्रस्तुति दी।

डॉ. दीपक वोहरा ने सम्मेलन को युवाओं के लिए अंतरराष्ट्रीय विषयों को समझने का महत्वपूर्ण मंच बताया। उन्होंने विद्यार्थियों से अपनी क्षमताओं को पहचानने, देश की गौरवशाली विरासत और मूल्यों को आगे बढ़ाने तथा राष्ट्र निर्माण में सक्रिय भूमिका निभाने का आह्वान किया। उन्होंने कहा कि ज्ञान, नवाचार, दृढ़ संकल्प और सामूहिक प्रयासों से विकसित भारत का सपना साकार किया जा सकता है। राकेश छारिया ने कहा कि ऐसे आयोजन विद्यार्थियों को किताबी ज्ञान से आगे बढ़कर

वैश्विक मुद्दों को समझने और निर्णय लेने की क्षमता विकसित करने का अवसर देते हैं। जसकिरण कौर ने कहा कि सम्मेलन युवाओं में आत्मविश्वास, सहिष्णुता, जिम्मेदारी और प्रभावी संवाद की भावना विकसित करता है। सम्मेलन में सात समितियां बनाई गईं, जिनमें संयुक्त राष्ट्र महासभा, सुरक्षा परिषद, विश्व स्वास्थ्य संगठन, अखिल भारतीय राजनीतिक दलों की बैठक, प्रभावशाली व्यक्तित्वों का सदन, ब्रांड एवं एजेंसी सदन और अंतरराष्ट्रीय प्रेस समिति शामिल रहीं। विद्यार्थियों ने इन समितियों में विभिन्न देशों का प्रतिनिधित्व करते हुए वैश्विक सुरक्षा, शांति, स्वास्थ्य, राजनीति, डिजिटल प्रभाव, ब्रांड प्रबंधन और मीडिया की भूमिका जैसे विषयों पर विचार-विमर्श किया तथा समाधान सुझाए। पहले दिन विभिन्न स्कूलों के प्रधानाचार्यों को भी सम्मानित किया गया। दूसरे दिन उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले प्रतिभागियों को नकद पुरस्कार और स्मृति-चिह्न प्रदान किए जाएंगे।

बुढ़ाना में 18 अक्टूबर को जुटेंगे पूर्व सैनिक, परमवीर चक्र विजेता योगेंद्र यादव होंगे शामिल

बुढ़ाना/मुजफ्फरनगर (शिखर समाचार)। कस्बे के बड़ौत रोड स्थित करण फार्म में आगामी रविवार, 18 अक्टूबर को पूर्व सैनिक सम्मेलन का आयोजन किया जाएगा। सम्मेलन में परमवीर चक्र विजेता कैप्टन योगेंद्र यादव और भाजपा के कैबिनेट मंत्री भूपेंद्र चौधरी अतिथि के रूप में शामिल होंगे। कार्यक्रम में देश की रक्षा के लिए समर्पित रहे पूर्व सैनिकों को सम्मानित कर उनके योगदान को याद किया जाएगा। भाजपा पूर्व सैनिक प्रकोष्ठ के जिला संयोजक ब्रजपाल सहरावत ने पत्रकार वार्ता में बताया कि उनके पिता स्वतंत्रता सेनानी स्वर्गीय करण सिंह की पुण्यतिथि के अवसर पर यह सम्मेलन आयोजित किया जा रहा है।

पूर्व सैनिकों के सम्मान में पिछले दस वर्षों से लगातार इस कार्यक्रम का आयोजन किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि सम्मेलन देश की सीमाओं की रक्षा करने वाले वीर सैनिकों के साहस, त्याग और अनुकरणीय योगदान को समर्पित है। इसमें क्षेत्र के सभी पूर्व सैनिकों और गणमान्य नागरिकों को आमंत्रित किया गया है। ब्रजपाल सहरावत के अनुसार, कारगिल युद्ध के दौरान टाइगर हिल पर अदम्य साहस का परिचय देने वाले परमवीर चक्र विजेता कैप्टन योगेंद्र यादव सहित देशसेवा में उल्लेखनीय योगदान देने वाले अन्य पूर्व सैनिकों को भी सम्मानित किया जाएगा। सम्मेलन के माध्यम से पूर्व सैनिकों के प्रति सम्मान व्यक्त करने और नई पीढ़ी को उनके शौर्य एवं बलिदान से प्रेरणा देने का प्रयास किया जाएगा। पत्रकार वार्ता के दौरान पूर्व विधायक उमेश मलिक, रामकिशन सहरावत, भोपाल सिंह और अन्नु तरार सहित अन्य लोग उपस्थित रहे।

श्रीरामलीला मंचन से पहले विभु शर्मा और पारुल ने की प्रभु श्रीराम की आरती

खतौली (शिखर समाचार)। श्री रामलीला कमेटी खतौली की ओर से आयोजित रामलीला कार्यक्रम में मंचन से पूर्व विधि-विधान के साथ भगवान श्रीराम का पूजन और आरती की गई। धार्मिक अनुष्ठान में अधिवक्ता विभु शर्मा ने अपनी धर्मपत्नी पारुल के साथ मुख्य यजमान के रूप में भाग लिया। दंपती ने प्रभु श्रीराम की आरती कर सुख-समृद्धि और मंगलमय जीवन का आशीर्वाद प्राप्त किया। रामलीला के शुभारंभ से पूर्व आयोजित पूजन में श्रद्धा और भक्ति का वातावरण बना रहा। उपस्थित श्रद्धालुओं ने भगवान श्रीराम के जयकारे लगाकर पूरे परिसर को भक्तिमय कर दिया। धार्मिक परंपराओं के अनुरूप संपन्न हुए इस अनुष्ठान के बाद रामलीला मंचन की तैयारियां आगे बढ़ीं। श्री रामलीला कमेटी खतौली की ओर से प्रतिवर्ष आयोजित होने वाली रामलीला क्षेत्र की धार्मिक और सांस्कृतिक परंपराओं को जीवंत बनाए रखने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाती है। रामलीला के माध्यम से भगवान श्रीराम के आदर्शों, मयार्दा, सत्य, धर्म और कर्तव्यनिष्ठा का संदेश जन-जन तक पहुंचाया जाता है। आयोजन में श्रद्धालुओं की भागीदारी धार्मिक आस्था के साथ-साथ भारतीय संस्कृति और परंपराओं के प्रति उनके जुड़ाव को भी दशार्ती है।

सांसद ने दिल्ली-गाजियाबाद ईएमयू को मेरठ कैंट तक चलाने की उठाई मांग

मोदीनगर (शिखर समाचार) बागपत लोकसभा क्षेत्र से सांसद डॉ. राजकुमार सांगवान ने दैनिक यात्रियों को हो रही असुविधा को देखते हुए नई दिल्ली से गाजियाबाद जंक्शन तक चलने वाली लोकल पैसेंजर (ईएमयू) ट्रेन का विस्तार मेरठ कैंट तक करने की मांग की है।



सांसद डॉ. राजकुमार सांगवान ने जानकारी देते हुए बताया कि उन्होंने केंद्रीय रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव को इस संबंध में एक पत्र भेजा है। पत्र के माध्यम से मांग की गई है कि ट्रेन संख्या 64410 ईएमयू, जो वर्तमान में नई दिल्ली से गाजियाबाद के बीच संचालित होती है, उसे मेरठ कैंट तक विस्तारित किया जाए।

सांसद ने कहा कि मेरठ, मोदीनगर और मुरादनगर क्षेत्र से प्रतिदिन बड़ी संख्या में नौकरीपेशा व अन्य दैनिक यात्री दिल्ली और गाजियाबाद के लिए आवागमन करते हैं। यात्रियों की लगातार शिकायत आ रही है कि मेरठ-श्रीगंगानगर ट्रेन अपने निर्धारित समय पर नहीं चलती है, जिसके कारण लोगों को भारी परेशानियों का सामना करना पड़ता है। इसी समस्या को ध्यान में रखते हुए ईएमयू ट्रेन को मेरठ कैंट तक बढ़ाना जनहित में बेहद आवश्यक है।

शालीमार गार्डन पुलिस ने पकड़ा डोडा पोस्त तस्कर, 15 किलो मादक पदार्थ और कार बरामद

गाजियाबाद (शिखर समाचार) 'ऑपरेशन प्रहार' के तहत शालीमार गार्डन थाना पुलिस टीम ने नशे के अवैध कारोबार के खिलाफ बड़ी कार्रवाई करते हुए एक डोडा पोस्त तस्कर को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने अभियुक्त के कब्जे से कुल 15 किलो 500 ग्राम अवैध डोडा पोस्त और तस्करी में इस्तेमाल की जा रही एक कार बरामद की है।

पुलिस द्वारा चलाए जा रहे विशेष चेकिंग अभियान के दौरान संदिग्ध वाहनों की जांच की जा रही थी। इसी बीच पुलिस टीम ने घेराबंदी कर आरोपी को दबोच लिया। कार की तलाशी लेने पर भारी मात्रा में अवैध डोडा पोस्त बरामद हुआ। पुलिस के अनुसार, पकड़ा गया अभियुक्त क्षेत्र में अवैध नशीले पदार्थों की आपूर्ति करने की फिराक में था। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ संबंधित धाराओं में मामला दर्ज कर उसे जेल भेज दिया है और गिरोह से जुड़े अन्य नेटवर्क की पड़ताल की जा रही है।

गंगा में छोड़ी गई एक लाख मछलियों की अंगुलिकाएं, जलीय जैव विविधता को मिलेगा बढ़ावा

बिजनौर (शिखर समाचार)। उत्तर प्रदेश राज्य पोषित योजना के अंतर्गत रिवर रैंचिंग कार्यक्रम के तहत बुधवार को गंगा नदी में रोहू, नैन और कतला प्रजातियों की एक लाख मत्स्य अंगुलिकाएं प्रवाहित की गईं। इस पहल का उद्देश्य गंगा में मछलियों की संख्या बढ़ाना, मत्स्य संसाधनों का संरक्षण करना और जलीय जैव विविधता को प्रोत्साहित करना है। कार्यक्रम में जिला पंचायत अध्यक्ष बिजनौर साकेंद्र प्रताप सिंह अतिथि के रूप में उपस्थित रहे। इस दौरान जिला पंचायत सदस्य, मत्स्य पालक, निषादराज पार्टी के कार्यकर्ता तथा मत्स्य विभाग के अधिकारी और कर्मचारी मौजूद रहे। कार्यक्रम के दौरान मत्स्य विभाग के अधिकारियों ने नदी में मछलियों की अंगुलिकाएं छोड़ने की योजना के महत्व की जानकारी

दी। उन्होंने बताया कि नदियों में मछलियों की संख्या बढ़ाने के लिए मत्स्य अंगुलिकाओं का संचयन महत्वपूर्ण कदम है। इससे प्राकृतिक मत्स्य संसाधनों के संरक्षण के साथ जलीय पारिस्थितिकी तंत्र को मजबूत बनाने में मदद मिलती है। नदियों में मछलियों की विभिन्न प्रजातियों का संरक्षण पर्यावरणीय संतुलन बनाए रखने के लिए भी आवश्यक है। अधिकारियों के अनुसार, इस कार्यक्रम से मत्स्य संसाधनों के सतत विकास को बढ़ावा मिलेगा। इसके साथ ही मत्स्य पालन से जुड़े लोगों को भविष्य में लाभ मिलने की संभावना है। कार्यक्रम में सहायक निदेशक मत्स्य शिव कुमार, वरिष्ठ मत्स्य निरीक्षक अमित कुमार शुक्ला, मत्स्य निरीक्षक विनय कुमार गौतम और नितेश कुमार गौड़ सहित विभाग के अन्य अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित रहे।

हापुड़ में मिठाइयों पर दिखेगी उपयोग की अंतिम तिथि, बंसल बीकानेर ने की पहल

हापुड़ (शिखर समाचार) त्योहारी सीजन के दौरान मिलावटी और बासी मिठाइयों की बिक्री पर रोक लगाने के लिए उत्तर प्रदेश सरकार के सख्त निर्देशों का असर अब हापुड़ में स्पष्ट रूप से दिखाई देने लगा है। शहर के प्रतिष्ठित मिठाई प्रतिष्ठान 'बंसल बीकानेर' ने अपनी सभी मिठाइयों पर उपयोग की अंतिम तिथि (यूज बाय डेट) लिखने की सराहनीय शुरूआत की है। राज्य के खाद्य सुरक्षा विभाग ने सभी मिठाई विक्रेताओं के लिए यह अनिवार्य किया है कि वे काउंटर पर रखी जाने वाली मिठाइयों पर उनके निर्माण और उपभोग की अवधि को स्पष्ट रूप से प्रदर्शित करें। इसी नियम का पालन करते हुए बंसल बीकानेर ने अपने यहां इसकी शुरूआत की है। अब दुकान से मिठाई खरीदने वाले ग्राहक आसानी से देख सकेंगे कि वह

खाद्य पदार्थ कितने दिनों तक सुरक्षित और खाने योग्य है। खाद्य विशेषज्ञों के अनुसार, मावा, पनीर और खोया से तैयार होने वाली विभिन्न मिठाइयों की गुणवत्ता और शेल्फ लाइफ अलग-अलग होती है। पहले ग्राहकों के पास ताजगी परखने के सीमित विकल्प होते थे, लेकिन अब इस व्यवस्था से उन्हें स्पष्ट जानकारी मिल सकेगी। खाद्य सुरक्षा विभाग का मानना है कि इस कदम से खाद्य बाजार में पारदर्शिता आएगी और उपभोक्ताओं का विश्वास भी मजबूत होगा। बंसल बीकानेर की इस पहल के बाद शहर के अन्य मिष्ठान विक्रेताओं द्वारा भी इस नियम को जल्द अपनाने की उम्मीद जताई जा रही है।

रामलीला में सूर्पनखा की नाक काटने और खर-दूषण वध का मंचन, श्रीराम के आदर्श अपनाने का आह्वान

रामपुर मनिहारान/सहारनपुर (शिखर समाचार)। गंगाराम रामलीला कमेटी की ओर से आयोजित रामलीला में बुधवार रात सूर्पनखा की नाक काटने और राक्षस खर-दूषण वध की लीला का मनमोहक मंचन किया गया। कार्यक्रम का उद्घाटन नगर पंचायत अध्यक्ष रेणु बालियान के प्रतिनिधि कुलदीप बालियान ने फीता काटकर किया। इस दौरान उन्होंने भगवान श्रीराम के आदर्शों को अपने जीवन में अपनाने का आह्वान किया। कुलदीप बालियान ने कहा कि मयार्दा पुरुषोत्तम भगवान श्रीराम ने अपने जीवन में सत्य, धर्म और मयार्दा का पालन करते हुए समाज विरोधी शक्तियों का दृढ़ता से मुकाबला किया और अंततः उन पर विजय प्राप्त की। उन्होंने कहा कि रामायण के विभिन्न पात्रों के चरित्र और उनके आदर्शों से प्रेरणा लेकर प्रत्येक व्यक्ति को अपने जीवन में सद्गुण अपनाने का

प्रयास करना चाहिए। भगवान श्रीराम के आदर्श आज भी समाज को सही दिशा दिखाने और नैतिक मूल्यों को मजबूत करने की प्रेरणा देते हैं।

रामलीला का मंचन पंचवटी के प्रसंग से शुरू हुआ, जहां लंकापति रावण की बहन सूर्पनखा अपने लिए वर की तलाश में पहुंचती है। प्रसंग के अनुसार, बार-बार समझाने के बावजूद सूर्पनखा के माता सीता पर आक्रमण करने की कोशिश करने पर लक्ष्मण उसकी नाक काट देते हैं। अपमानित सूर्पनखा अपने भाइयों खर और दूषण के पास पहुंचती है। इसके बाद खर-दूषण वध की लीला का मंचन किया गया, जिसे दर्शकों ने रुचि के साथ देखा। कार्यक्रम में रामलीला कमेटी के प्रधान रामनिवास सैनी, निर्देशक प्रीतम सिंह, संजय गुप्ता, संचालक सन्नी सैनी, अनिल जैन, चौधरी जोगेंद्र सिंह, अशोक जैन, बृजपाल सिंह और रवि पाल सहित अन्य लोग उपस्थित रहे।

सार्वजनिक सूचना

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि हापुड-पिलखुवा विकास प्राधिकरण के विकास क्षेत्र में श्रीमती रेखा रानी पत्नी श्री बुद्धप्रकाश त्यागी तथा श्री बुद्धप्रकाश त्यागी पुत्र श्री सुरेश चन्द त्यागी द्वारा ग्राम अच्छेजा, तहसील व जिला-हापुड के भूखण्ड सं० 03, खसरा सं० 446 मि, क्षेत्रफल 503.69 वर्ग मी. पर व्यवसायिक मानचित्र की स्वीकृति हेतु प्रस्तावना दी गयी है। हापुड महायोजना-2031 के अनुसार 36.00 मी. चौडे महायोजना मार्ग के मध्य से मार्गाधिकार की भूमि छोडने के उपरान्त उक्त स्थल का भू-उपयोग आवासीय है। महायोजना भू-उपयोग अथवा अनुमोदित लेआउट में परिभाषित भू-उपयोग के अतिरिक्त अन्य कियाओं की अनुज्ञा से पूर्व जनता से आपत्ति / सुझाव प्राप्त किये जाने का प्राविधान है। अतः आवासीय भू-उपयोग में व्यवसायिक मानचित्र स्वीकृत करने से पूर्व जनता से आपत्ति / सुझाव आमंत्रित किये जाते है कि- यदि उक्त स्वीकृति के सम्बंध में किसी व्यक्ति विशेष/संस्था को कोई आपत्ति/सुझाव हो, तो प्रकाशन की तिथि से 15 दिन के अन्दर अपनी आपत्ति / सुझाव प्राधिकरण कार्यालय में दर्ज करा सकते है।

प्रभारी सचिव
हापुड-पिलखुवा विकास प्राधिकरण हापुड।

गाजियाबाद विकास प्राधिकरण
विकास पथ गाजियाबाद
(ISO 9001 :2015 एवं ISO 14001 :2015 प्रमाणित संस्था)

पत्रांक 968 / व्यव0अनु0 / 2026 दिनांक 15 / 10 / 2026

नीलामी दिनांक 16-10-2026 के सम्बन्ध में आवश्यक सूचना

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि प्राधिकरण की विभिन्न योजनाओं में अनिस्तारित / रिक्त विभिन्न श्रेणी के व्यवसायिक / आवासीय भूखण्डों के साथ-साथ दुकान भूखण्ड, क्योस्क भूखण्ड, होटल भूखण्ड, ओल्ड एज होम, सामुदायिक केन्द्र भूखण्ड, शिक्षण संस्थान, हॉस्पिटल भूखण्ड इत्यादि भूखण्ड की विक्रय किये जाने की दिनांक 16-10-2026 को प्रस्तावित नीलामी अपरिहार्य कारणों से निरस्त की जाती है। प्रस्तावित सम्पत्तियों के सापेक्ष जमा धरोहर राशि, ब्रोशर शुल्क सहित आवेदकों को वापिस कर दी जायेगी।

विशेष कार्याधिकारी / प्रभारी व्यवसायिक

ई-मेल : helplinegda@gmail.com, @Gda Ghaziabad : gdagzb
हेल्पलाईन नं: 0120-4418384 व्हाट्सएप : 9990988004, वेबसाईट : www.gdaghaziabad.in

एक सुन्दर शहर .... हमारा संकल्प

संक्षिप्त समाचार

सीनियर सिटीजन केयर सेंटर में लगा स्वास्थ्य शिविर

गोरखपुर, एजेंसी। सीनियर सिटीजन केयर सेंटर, सिविल लाइंस में मंगलवार को निशुल्क स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया गया। शिविर अपोलोमेडिक्स हॉस्पिटल, लखनऊ की तरफ से लगाया गया। शिविर में वरिष्ठ नागरिकों के लिए हड्डियों की मजबूती बीएमडी जांच, ऑस्टियोपोरोसिस जांच, बीपी जांच की सुविधा उपलब्ध रही। साथ ही हड्डी एवं जोड़ रोग विशेषज्ञ डॉ. दीपांकर मिश्रा ने मरीजों को परामर्श दिया।

इस अवसर पर सेंटर के संरक्षक गिरजा शंकर तिवारी, अध्यक्ष प्रहलाद दास गुप्ता, संचालक नर्वदेश्वर पांडे, संयोजक अशोक मिश्र, सचिव राजन श्रीवास्तव, व्यवस्थापक प्रमोद द्विवेदी, इंजीनियर आरपी तिवारी, डॉ. फारूकी, कृष्ण कुमार शुक्ला सहित अधिकांश सदस्य मौजूद रहे।

माल वापसी के बाद दिखाया बकाया, अब कंपनी व दो कर्मियों पर रिपोर्ट

बरेली एजेंसी। कोर्ट के आदेश पर रुद्रपुर की बायोलॉजिकल लिमिटेड कंपनी के दो कर्मचारियों सचिन त्रिपाठी, अमित कुमार और कंपनी के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज की गई है। शिकायतकर्ता ने कर्मचारियों पर माल वापस लेने के बावजूद बकाया दिखाने, समझौते के नाम पर पांच लाख रुपये मांगने और न देने पर झूठे मुकदमे में फंसाने की धमकी का आरोप लगाया है।

थाना हाफिजगंज के गांव पृथ्वीपुर नवदिया निवासी वीरेंद्र कुमार ने दर्ज करवाई रिपोर्ट में बताया कि वह गांव में आईएफएफडीसी कृषक सेवा केंद्र के नाम से फर्म चलाते हैं। यहां फसलों की दवाइयों की बिक्री करते हैं। वर्ष 2021-22 में कंपनी के कर्मचारियों के कहने पर उन्होंने कंपनी के उत्पाद मंगाने शुरू किए थे। आरोप है कि इस दौरान कुछ उत्पाद उनकी मांग के बिना भी भेज दिए गए। वीरेंद्र कुमार का दावा है कि माल वापसी और गलत बिलिंग को समायोजित करने के बाद भी कंपनी उनसे बकाया राशि की मांग कर रही थी।

सरकारी खरीद शुरू नहीं, मजबूरी में व्यापारियों को बेच रहे धान

बरेली, एजेंसी। धान पर इस बार दोहरी मार पड़ रही है। पहले बारिश ने धान की फसल को नुकसान पहुंचाया, अब सरकारी क्रय केंद्र पर खरीद और तौल अब तक शुरू नहीं होने से किसानों की परेशानी बढ़ गई है। किसान अपनी उपज लेकर केंद्रों पर पहुंच रहे हैं, लेकिन तौल नहीं होने के कारण उन्हें मजबूरी में मंडी और निजी व्यापारियों को धान बेचना पड़ रहा है। केंद्र पर धान की तौल शुरू नहीं हुई थी। किसानों का कहना है कि सरकारी केंद्र पर धान बेचने के लिए उन्हें इंतजार करना पड़ रहा है। खरीद शुरू नहीं होने के कारण कई किसान उपज व्यापारियों को बेच चुके हैं। किसान असमंजस में, केंद्रों को शुरू कराने की मांग : जाम निवासी यशपाल सिंह यादव ने बताया कि केंद्र पर धान की खरीद शुरू नहीं हुई है। धान किसे बेचें, यह समझ नहीं आ रहा। मजबूरन धान व्यापारियों को बेचना पड़ा है। रामेंद्र सिंह चौहान ने कहा कि बारिश से पहले ही धान की फसल खराब हो गई है। अब सरकारी केंद्र पर खरीद शुरू नहीं होने से किसानों की परेशानी और बढ़ गई है। रूमपाल सिंह ने बताया कि किसान धान लेकर केंद्र पर पहुंच रहे हैं, लेकिन तौल नहीं हो रही है। ऐसे में मजबूरी में व्यापारियों को धान बेचना पड़ रहा है।

आलू के बीज के लिए दो प्रजातियों का चयन अनिवार्य

बरेली , एजेंसी। उद्यान विभाग की ओर से निर्धारित नकद मूल्य पर उच्च गुणवत्ता के आलू के बीज का वितरण शुरू किया जा रहा है। जिला उद्यान अधिकारी जितेंद्र कुमार ने बताया कि वित्तीय वर्ष 2026-27 के तहत जिले को कुफरी मोहन, कुफरी आनंद, कुफरी ख्याति और कुफरी चिप्सोना-1 प्रजातियों का कुल 199 क्विंटल बीज आवंटित हुआ है। वितरण व्यवस्था के तहत बीज की बुकिंग के समय 25 प्रतिशत धनराशि और बीज प्राप्त करते समय 100 प्रतिशत धनराशि जमा करनी होगी। अधिकतम अनुदान राशि 1,000 रुपये प्रति क्विंटल डीबीटी के माध्यम से किसानों के बैंक खाते में भेजी जाएगी। इस योजना का लाभ प्रति कृषक अधिकतम दो हेक्टेयर के लिए और प्रति प्रजाति अधिकतम 0.50 हेक्टेयर तक ही देय होगा।

तत्काल प्रभाव से इन कार्यों पर लगी रोक, प्रसाद और फूल माला को लेकर नया आदेश

मथुरा, एजेंसी। श्रीबांकेबिहारी हाईपावर्ड मैनेजमेंट कमेटी ने श्रीबांकेबिहारी मंदिर में अब श्रद्धालुओं द्वारा पेड़े और फूलमाला फेंकने पर पूरी तरह से प्रतिबंध लगा दिया है। इसके लिए मंदिर और उसके बाहर नोटिस चस्पा किए जाएंगे। उधर मंदिर में श्रद्धालुओं की सुविधा के लिए लगने वाले सेंट्रल एसी लगाने से पहले जांच कमेटी मंदिर की क्षमता परखेगी। मंदिर में समय-समय पर चांदी के शेष शैया सहित विभिन्न प्रकार के सिंहासनों को लेकर जांच की रिपोर्ट एक माह कमेटी के समक्ष प्रस्तुत की जाएगी। इसे लेकर कमेटी सदस्य मंदिर के सेवायत गोस्वामी ने विरोध दर्ज किया कहा कि यह परंपरा में शामिल नही है।

नगर के लक्ष्मण शहीद स्मारक में बुधवार शाम करीब सवा छह बजे शुरू हुई श्रीबांकेबिहारी हाईपावर्ड मैनेजमेंट कमेटी की बैठक की गई। कमेटी के अध्यक्ष न्यायमूर्ति अशोक कुमार की अध्यक्षता में हुई बैठक में श्रीबांकेबिहारी के भोग प्रसाद का मुद्दा उठा। इसमें श्रद्धालु पेड़े और फूल और तुलसी की माला को फेंक कर ठाकुरजी को अर्पित करते हैं, जिससे तुलसी की माला पैरों में आ रही है।

कमेटी ने मंदिर में श्रद्धालुओं द्वारा पेड़े और माला फेंकने पर रोक लगा दी है। कमेटी द्वारा जल्द जी मंदिर के सभी द्वारों पर सार्वजनिक नोटिस चस्पा किए जाएंगे। कमेटी ने मंदिर के बाहर दुकानों पर बिकने वाला नकली पेड़ों पर रोक लगाने पर जोर दिया गया। इसके लिए खाद्य सुरक्षा अधिकारी जतिन कुमार ने बताया कि पिछले एक साल में 106 पेड़ों के सैंपल लिए गए। इसमें 56 लोगों के पेड़े गुणवत्ता परख नहीं पाए गए। उनके विरुद्ध शिकायत की गई है। उनके विरुद्ध सख्त कार्रवाई की जाएगी।

कमेटी सदस्य हिमांशु गोस्वामी ने कहा कि श्रीबांकेबिहारी मंदिर में सबसे ज्यादा 60 प्रतिशत पेड़े एक प्रतिष्ठान मिठाई की दुकान से आते हैं। इसमें मथुरा के बड़े मिठाई के प्रतिष्ठान के पेड़ों की भी जांच की जाए। कमेटी के अध्यक्ष ने कहा कि मंदिर के आसपास मिलावटी मिठाई और पेड़ों पर पूरी तरह से रोक लगाइ जाएगी। इसके लिए संबंधित विभाग का निरंतर जांच करने को कहा है।

श्रीबांकेबिहारी मंदिर एयर कंडीशनिंग लगाने से पहले जांच टीम गठित- श्रीबांकेबिहारी मंदिर को श्रद्धालुओं की सुविधा के लिए एयर कंडीशनिंग किया जाएगा। इसके लिए मंदिर डेढ़ साल से अधिक पुराना होने के कारण एएसआइ ने अपनी रिपोर्ट में सेंट्रल एसी लगाने से इनकार नहीं किया, लेकिन इसे लेकर विशेषज्ञों की राय लेने को कहा है। इस पर समिति ने मथुरा-वृंदावन विकास प्राधिकरण एवं लोक निर्माण विभाग के एक्सईएन एवं सिविल इंजीनियर की टीम गठित की है। यह टीम मंदिर आकर सेंट्रल एसी से मंदिर को किसी तरह के नुकसान तो नहीं इसकी जांच कर कमेटी को रिपोर्ट सौंपेगी।

यह समिति एएसआई के अधिकारियों से मिलकर जो भी जरुरत है उनको पूरा करेगी। इसके लिए जांच समिति को तीन हफ्ते का समय दिया है। इस रिपोर्ट को समिति की आगामी मीटिंग में रखा जाएगा। इस संयुक्त रिपोर्ट के बाद ही श्रद्धालु के आर्थिक सहयोग से मंदिर में सेंट्रल एसी लगाया जाएगा। इसके मंदिर में सेंट्रल एसी लगवाने के लिए श्रद्धालु तैयार है।

छोटी बचत से शुरू करें कारोबार, मार्केटिंग में भी मिलेगी मदद

गोरखपुर , एजेंसी। छोटी-छोटी बचत और बैंक से मिलने वाले वित्तीय सहयोग के जरिये महिलाएं अपना कारोबार शुरू कर सकती हैं। उत्पाद तैयार करने से लेकर उनकी पैकेजिंग और मार्केटिंग तक की जानकारी देकर महिलाओं को स्वरोजगार के लिए प्रेरित किया जा रहा है। इसी क्रम में बुधवार को विकास भवन में राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन के तहत चयनित 33 महिलाओं को प्रशिक्षण दिया गया।

प्रशिक्षण के दौरान मास्टर ट्रेनर सूरज कुमार और आसिर फैजान सिद्दीकी ने महिलाओं को स्वरोजगार के विभिन्न अवसरों की जानकारी दी। उन्होंने बताया कि महिलाएं अपनी रुचि और स्थानीय बाजार की मांग के अनुसार कारोबार का चयन कर सकती हैं। कम पूंजी से व्यवसाय शुरू कर उसे धीरे-धीरे आगे बढ़ाया जा सकता है। उत्पादों की गुणवत्ता बनाए रखने, आकर्षक पैकेजिंग और बेहतर मार्केटिंग से बिक्री बढ़ाने में मदद मिल सकती है।

जिला मिशन प्रबंधक विनोद कुमार सिंह समेत अन्य अधिकारियों ने महिलाओं को आर्थिक रूप से आत्मनिर्भर बनने के लिए प्रोत्साहित किया। उन्होंने बताया कि महिलाएं बैंक से वित्तीय सहयोग लेकर अपने कारोबार को आगे बढ़ा सकती हैं। साथ ही, सरकारी योजनाओं के माध्यम से उत्पादों की मार्केटिंग के उपलब्ध अवसरों का लाभ भी उठा सकती हैं। प्रशिक्षण का उद्देश्य स्वयं सहायता समूहों से जुड़ी महिलाओं को स्वरोजगार के लिए सक्षम बनाना और उनके आय के स्रोत बढ़ाने के अवसर उपलब्ध कराना है।

नवादा के नवोदय विद्यालय में गूंजी खेल भावना, जिलाधिकारी ने विद्यार्थियों को बांटी फुटबॉल

हापुड़ (शिखर समाचार)। जवाहर नवोदय विद्यालय, नवादा में गुरुवार को फ्हाफुटबॉल फॉर स्कूल' कार्यक्रम के अंतर्गत फुटबॉल वितरण समारोह आयोजित किया गया। जिलाधिकारी कविता मीना की उपस्थिति में हुए कार्यक्रम का शुभारंभ विद्यार्थियों को फुटबॉल वितरित करके किया गया। इस पहल का उद्देश्य बच्चों में खेलों के प्रति रुचि बढ़ाने के साथ शारीरिक फिटनेस, अनुशासन, टीम भावना और खेल भावना को प्रोत्साहित करना है। इस अवसर पर जिलाधिकारी कविता मीना ने कहा कि फ्हाफुटबॉल फॉर स्कूल' भारत सरकार और अंतरराष्ट्रीय फुटबॉल महासंघ का संयुक्त अभियान है। इसके माध्यम से बच्चों को खेलों से जोड़ने और उनके सर्वांगीण विकास को बढ़ावा देने का प्रयास किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि जनपद के सभी परिषदीय और अन्य विद्यालयों में खेल गतिविधियों को प्रोत्साहित किया जाएगा, ताकि विद्यार्थियों को अपनी प्रतिभा निखारने के अवसर मिल सकें।

जिलाधिकारी ने विद्यार्थियों को पढ़ाई के साथ-साथ खेलों में भी सक्रिय भागीदारी करने के लिए प्रेरित किया। उन्होंने कहा कि खेल बच्चों में अनुशासन, आपसी सहयोग और लक्ष्य हासिल करने की भावना विकसित करते हैं। विद्यार्थी अपनी रुचि और मेहनत के बल पर खेल के क्षेत्र में भी भविष्य बना सकते हैं और जनपद का नाम रोशन कर सकते हैं। कार्यक्रम के दौरान जिलाधिकारी ने विद्यालय परिसर का भ्रमण किया और छात्र-छात्राओं से बातचीत कर उनकी गतिविधियों के बारे में जानकारी ली। फुटबॉल वितरण से विद्यार्थियों में खेलों के प्रति उत्साह बढ़ाने और विद्यालयों में खेल संस्कृति को मजबूत करने को संदेश दिया गया।

निशानेबाजी में शामली के खिलाड़ियों का कमाल, आरव ने व्यक्तिगत स्पर्धा में भी जीता रजत

शामली (शिखर समाचार)। सेंट आरसी कॉन्वेंट स्कूल के युवा निशानेबाजों ने सीबीएसई उत्तर क्षेत्र-1 निशानेबाजी चैंपियनशिप 2026-27 में शानदार प्रदर्शन करते हुए रजत पदक हासिल किए। 11 से 14 अक्टूबर तक दिल्ली पब्लिक स्कूल, सिकंदराबाद में आयोजित प्रतियोगिता में विद्यार्थियों ने अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन कर विद्यालय और जनपद का नाम रोशन किया। अंडर-14 एयर पिस्टल की टीम स्पर्धा में कक्षा सात के आरव चौधरी और दक्ष खोखर तथा कक्षा आठ के जयंत ने बेहतरीन निशानेबाजी करते हुए रजत पदक जीता। आरव चौधरी ने व्यक्तिगत स्पर्धा में भी रजत पदक अपने नाम किया। खिलाड़ियों की इस उपलब्धि से विद्यालय में खुशी का माहौल है। विद्यालय के निदेशक भारत संगल ने विजेता खिलाड़ियों को बधाई देते हुए कहा कि यह उपलब्धि पूरे विद्यालय के लिए गौरव का विषय है। उन्होंने विश्वास जताया कि खिलाड़ी आगामी प्रतियोगिताओं में भी अच्छा प्रदर्शन करते हुए विद्यालय और अपने माता-पिता का नाम रोशन करेंगे।

प्रधानाचार्या उजमा जैदी ने विद्यार्थियों की सफलता पर प्रसन्नता व्यक्त करते हुए कहा कि पढ़ाई के साथ खेलों में भागीदारी भी विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास के लिए आवश्यक है। खेल बच्चों में अनुशासन, एकाग्रता और आत्मविश्वास बढ़ाते हैं। उन्होंने कहा कि इन खिलाड़ियों की सफलता दूसरे विद्यार्थियों को भी खेलों में आगे बढ़ने के लिए प्रेरित करेगी।

इस उपलब्धि पर विद्यालय के शिक्षकों ने भी विजेता खिलाड़ियों को शुभकामनाएं दीं और उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की।

भाजपा के विस्तारक करेंगे बूथों की एबीसीडी ग्रेडिंग, कमजोर बूथों पर रहेगा फोकस

वाराणसी , एजेंसी। विधानसभा चुनाव 2027 के लिए भाजपा ने बूथवार चुनावी रणनीति तैयार करने पर जोर देना शुरू कर दिया है। पार्टी के विस्तारक अब पिछले चुनाव में मिले वोटों के आधार पर बूथों को ए, बी, सी और डी श्रेणियों में ग्रेडिंग करेंगे। कमजोर बूथों को चिह्नित कर वहां संगठन को सक्रिय किया जाएगा और जनसंपर्क बढ़ाया जाएगा। बुधवार को नरिया स्थित रामनाथ चौधरी शोध संस्थान में काशी और गोरखपुर क्षेत्र के संयुक्त विस्तारक प्रशिक्षण वर्ग में राष्ट्रीय मंत्री एवं प्रदेश सह प्रभारी जगदीश पटेल ने यह मंत्र दिया। प्रशिक्षण वर्ग के पहले दिन बूथ प्रबंधन, संगठनात्मक समन्वय और कार्यकर्ताओं की जिम्मेदारियों पर चर्चा हुई। इसमें विस्तारकों, विधानसभा प्रभारियों और पालकों को उनकी भूमिका के बारे में विस्तार से बताया गया।

राष्ट्रीय मंत्री एवं उत्तर प्रदेश के सह प्रभारी जगदीश पटेल ने कहा कि पिछले विधानसभा चुनाव में प्रत्येक बूथ पर पार्टी को मिले वोटों के आधार पर ए, बी, सी और डी श्रेणियों में ग्रेडिंग करनी होगी। जिन बूथों पर पार्टी कमजोर रही है, वहां सबसे अधिक ध्यान देने की जरूरत है। चुनाव से पहले हर बिंदु पर काम करना होगा। उन्होंने कहा कि विधानसभा स्तर पर मंडल, शक्तिकेंद्र, बूथ और पन्ना प्रमुख तक कार्यकर्ताओं की टीम है। जरूरत संगठन की सक्रियता बढ़ाने और जिम्मेदारियों को आपस में बांटने की है।

हर दिन बूथ को एक घंटा देने का मंत्र- जगदीश पटेल ने कहा कि विस्तारक केवल संगठन की योजनाओं को आगे बढ़ाने वाले कार्यकर्ता नहीं, बल्कि संगठन और समाज के बीच संपर्क सूत्र भी हैं। उनकी सक्रियता, अनुशासन और कार्यकुशलता से संगठन की जमीनी मजबूती तय होती है। कार्यकर्ताओं को अपने व्यवहार और जनसंपर्क के जरिये मतदाताओं के बीच जगह बनानी होगी। अपने से नीचे की टीम के साथ सहभागी बनकर काम करना होगा। यदि प्रत्येक दिन केवल एक घंटा अपने बूथ पर ध्यान दिया जाए तो बेहतर परिणाम हासिल किए जा सकते हैं। उन्होंने कहा कि प्रशिक्षण वर्ग का उद्देश्य विस्तारकों, विधानसभा प्रभारियों और पालकों को उनके दायित्वों के प्रति सजग, सक्रिय और जवाबदेह बनाना है। संगठन के विभिन्न स्तरों के बीच बेहतर समन्वय स्थापित करने के साथ बूथ स्तर पर गतिविधियों को लगातार जारी रखना प्राथमिकता होनी चाहिए।

15 साल बाद बदले नियम, 10वीं में आएंगे बाहरी परीक्षक, लैब्स में धूल खा रहे उपकरण

कानपुर , एजेंसी। कानपुर में दिसंबर के अंत में यूपी बोर्ड की प्रयोगात्मक परीक्षाएं शुरू होने वाली हैं। इस बार हाईस्कूल में विज्ञान और गृह विज्ञान के प्रैक्टिकल के लिए बाहरी परीक्षक आएंगे। शहर के कई अनुदानित स्कूलों में प्रयोगशालाओं की स्थिति दयनीय है। जिस प्रयोगशाला में बच्चों को विज्ञान के प्रयोग करने चाहिए, वहां उपकरण धूल फांक रहे हैं और मकड़ी के जाले व्यवस्था की पोल खोल रहे हैं। कहीं लैब के नाम पर एक कमरा है तो कहीं केमिकल और उपकरण इतने पुराने हैं कि उनका इस्तेमाल करना भी जोखिम भरा है।

लैब की इन बदहाल व्यवस्था ने स्कूलों की मुश्किल बढ़ा दी है। अनुदानित स्कूलों में सबसे बड़ी समस्या बजट की है। शिक्षकों के वेतन के अलावा स्कूलों को मूलभूत सुविधाओं और प्रयोगशालाओं के रखरखाव के लिए पर्याप्त बजट नहीं मिलता। आठवीं तक शिक्षा निशुल्क होने के कारण छात्रों से फीस नहीं ली जा सकती है। 9वीं से 12वीं तक भी फीस बेहद कम है। इससे बिजली, लैब उपकरण, केमिकल और दूसरी जरूरतों का खर्च निकालना मुश्किल होता है। शिक्षकों का कहना है कि कई बार प्रैक्टिकल के लिए उन्हें अपनी जेब से पैसे लगाने पड़ते हैं।

केस- 1- महात्मा गांधी गोपी नाथ हायर सेकेंडरी स्कूल में कक्षा छह से लेकर 10 तक में 50 बच्चे पंजीकृत हैं। हाईस्कूल में 11 छात्र हैं। 50 बच्चों के पढ़ने के लिए दो कमरे हैं। शिक्षक सात हैं। बिजली, शौचालय की व्यवस्था नहीं है। शिक्षकों ने अपने पैसे जोड़कर सोलर बैटरी के माध्यम से बिजली की व्यवस्था की है। प्रैक्टिकल लैब के नाम पर एक कमरा है। यह कमरा ही स्टाफ रूम है। आधे हिस्से में प्रैक्टिकल के कुछ उपकरण रखे हैं जिसमें धूल की मोटी परतें जमा है। यह स्थिति साफ बयां करती है कि वर्षों से स्कूल में प्रैक्टिकल नहीं हुआ है। ऐसा हो भी कैसे, जब उपकरण खरीदने और प्रयोगशाला दुरुस्त करने के लिए बजट ही नहीं है। परीक्षाओं के समय शिक्षक पैसे एकत्र कर थोड़ा बहुत सामान लाकर औपचारिकता पूरी कर लेते हैं।

केस- 2- गांधी स्मारक इंटर कॉलेज, गोविंदनगर में भी प्रैक्टिकल लैब की हालत बेहद जर्जर है। लैब तक पहुंचने का रास्ता भी खतरनाक है। छतों का प्लास्टर कई जगह से टूटा तो कई जगह से जर्जर है। स्कूल के कर्मचारियों ने बताया कि हाल ही में लैब में प्रैक्टिकल हुए हैं लेकिन स्थिति देखकर लगा कि लैब जमाने से खुली ही नहीं है। उपकरण, केमिकल इतने पुराने है कि यदि छात्र ने प्रयोग किया भी है तो जरूरी नहीं कि उसका परिणाम सही आया हो।

15 साल बाद बदला परीक्षक का नियम

बोर्ड ने करीब 15 साल बाद हाईस्कूल के प्रैक्टिकल की व्यवस्था में बदलाव किया है। अब विज्ञान और गृह विज्ञान के प्रैक्टिकल के लिए बाहरी परीक्षक आएंगे। अभी तक स्कूल के शिक्षक ही छात्रों को प्रैक्टिकल लेकर अंक दे देते थे। इंटरमीडिएट की तर्ज पर हाईस्कूल के प्रैक्टिकल की तिथि भी जारी की जाएगी और उसी के अनुसार परीक्षा होगी। अब सवाल यह है कि इन अव्यवस्थाओं के बीच बाहरी परीक्षकों की मौजूदगी में छात्रों के प्रैक्टिकल कैसे कराए जाएंगे। अनुदानित कई स्कूलों की प्रयोगशालाओं की स्थिति ठीक नहीं है। कई बार स्कूलों को चेतावनी भी दी गई है। अपनी दिक्कतों को दूर करने के लिए अनुदानित स्कूल के प्रबंधकों को अपनी आय के स्रोत बढ़ाने होंगे, ताकि वे स्कूलों की जरूरतों को पूरा कर सकें। प्रबंधक अगर विद्यालय की परेशानियों को दूर करने का प्रयास करेंगे, तो निश्चित ही उनके यहां छात्र संख्या भी बढ़ेगी। -प्रवीण कुमार, डीआईओएस

बिना ऑपरेशन बुजुर्ग महिला की पित्त की नली में फंसी पथरी निकाली

कानपुर। जीएसवीएम पीजीआई के गैस्ट्रोएंटेरोलॉजी विभाग में डॉक्टरों ने 90 वर्षीय महिला की पित्त की नली में फंसी दो सेंटीमीटर की बड़ी पथरी निकालकर उनकी जान बचाई। कानपुर देहात निवासी महिला पेट में तेज दर्द, पीलिया, ठंड और तेज बुखार से पीड़ित थीं। परिजनों ने उन्हें विभागाध्यक्ष डॉ. विनय कुमार को दिखाया। गंभीर हालत के चलते 12 अक्टूबर को उन्हें भर्ती कराया गया।

जांच में पित्त की नली में बड़ी पथरी फंसी होने और मवाद बनने की पुष्टि हुई। अधिक उम्र के कारण पारंपरिक सर्जरी जोखिम भरी थी। ऐसे में डॉक्टरों ने स्पाई ग्लास इंडोस्कोप और इलेक्ट्रो हाइड्रोलिक लिथोट्रिप्सी तकनीक से पथरी को छोटे टुकड़ों में तोड़कर बाहर निकाला। बिना चीर-फाड़ की गई इस प्रक्रिया के बाद महिला की सेहत में तेजी से सुधार हो रहा है। उपचार करने वाली टीम में डॉ. ध्रुव ठाकुर और डॉ. सत्यम कुमार सिंह सहित अन्य चिकित्सक शामिल रहे।

गिरधरपुर में धान की क्रॉप कटिंग का डीएम मेधा रूपम ने किया निरीक्षण, 10.805 किलोग्राम उपज दर्ज

ग्रेटर नोएडा (शिखर समाचार)। खरीफ वर्ष 2026-27 के अंतर्गत धान की फसल के उत्पादन का आकलन करने के लिए जिलाधिकारी मेधा रूपम ने तहसील सदर के ग्राम गिरधरपुर में क्रॉप कटिंग प्रयोग का स्थलीय निरीक्षण किया। इस दौरान निर्धारित मानकों के अनुसार खेत में धान की कटाई कराकर प्राप्त उपज का परीक्षण किया गया।

निरीक्षण के दौरान कृषक शीला देवी के खेत, गाटा संख्या 58 पर निर्धारित मानक के अनुरूप 10.10.10 त्रिकोण मीटर क्षेत्रफल में धान की फसल की कटाई कराई गई। परीक्षण के बाद कुल 10.805 किलोग्राम उपज प्राप्त हुई। जिलाधिकारी ने क्रॉप कटिंग की प्रक्रिया का जायजा लेते हुए निर्धारित मानकों के अनुसार उत्पादन का सही आकलन सुनिश्चित करने पर जोर दिया।

निरीक्षण के बाद जिलाधिकारी मेधा रूपम ने किसानों से संवाद किया। उन्होंने कहा कि फसल उत्पादन का सटीक आकलन करने में क्रॉप कटिंग प्रयोग की महत्वपूर्ण भूमिका है। इसके आधार पर किसानों को विभिन्न सरकारी योजनाओं और फसल बीमा से मिलने वाले लाभों का निर्धारण करने में सहायता मिलती है। इसलिए क्रॉप कटिंग की प्रक्रिया को निर्धारित नियमों के अनुसार पारदर्शिता और सावधानी के साथ संपन्न कराना आवश्यक है।

इस अवसर पर उप जिलाधिकारी सदर आशुतोष गुप्ता, अपर सांख्यिकी अधिकारी अलका चौहान, लेखपाल जितेंद्र भाटी, राजस्व निरीक्षक नरेश शर्मा, बीमा कंपनी के प्रतिनिधि धीरज कुमार और रामोतार तथा कृषक शीला देवी उपस्थित रहीं।

संजीव धीमान बने भाजपा ओबीसी मोर्चा के महानगर अध्यक्ष, विश्वकर्मा समाज में खुशी

सहारनपुर (शिखर समाचार)। भारतीय जनता पार्टी ने संजीव धीमान को ओबीसी मोर्चा का महानगर अध्यक्ष नियुक्त किया है। इस नियुक्ति को विश्वकर्मा समाज को संगठन में प्रतिनिधित्व मिलने के रूप में देखा जा रहा है। घोषणा के बाद समाज के लोगों में खुशी का माहौल है और विभिन्न पदाधिकारियों ने संजीव धीमान को बधाई दी। सहारनपुर के विधायक राजीव गुंबर और भाजपा महानगर अध्यक्ष शीतल बिश्नोई ने धीमान कल्याण महासभा के पदाधिकारियों पी. धीमान और बोधराम धीमान की उपस्थिति में संजीव धीमान को ओबीसी मोर्चा के महानगर अध्यक्ष पद का मनोनयन पत्र सौंपा। इस दौरान उपस्थित लोगों ने नई जिम्मेदारी मिलने पर उन्हें शुभकामनाएं दीं और संगठन में सक्रिय भूमिका निभाने की अपेक्षा जताई। नियुक्ति से उत्साहित विश्वकर्मा समाज के लोगों ने इसे समाज की भागीदारी और राजनीतिक प्रतिनिधित्व की दिशा में महत्वपूर्ण कदम बताया। कार्यक्रम में समाज के विभिन्न पदाधिकारी और समिति के सदस्य मौजूद रहे। उपस्थित लोगों ने उम्मीद जताई कि संजीव धीमान अपने दायित्वों का निर्वहन करते हुए संगठन को मजबूत बनाने तथा समाज के लोगों की समस्याओं और अपेक्षाओं को उचित मंच तक पहुंचाने का प्रयास करेंगे।

जहांगीरपुर हत्याकांड का खुलासा, दो महिलाओं समेत चार आरोपी गिरफ्तार

जेवर (शिखर समाचार) कस्बा जहांगीरपुर में गत दिनों हुए चर्चित हत्याकांड का पुलिस ने सफल खुलासा करते हुए गुरुवार को चार आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया है। पकड़े गए आरोपियों में हत्या के षड्यंत्र में शामिल दो महिलाएं भी शामिल हैं। कस्बा जहांगीरपुर निवासी इमरान की 7 अक्टूबर को पुरानी रंजिश के चलते कुछ लोगों ने गोली मारकर हत्या कर दी थी। घटना के बाद से ही कोतवाली पुलिस लगातार आरोपियों की तलाश में जुटी हुई थी। गुरुवार को पुलिस को सटीक सूचना मिली कि हत्याकांड में शामिल कुछ संदिग्ध आरोपी झाझर रोड स्थित नगला तिराहा के पास मौजूद हैं। इस सूचना पर त्वरित कार्रवाई करते हुए पुलिस टीम मौके पर पहुंची। पुलिस को अपनी ओर आते देख आरोपियों ने भागने का प्रयास किया, लेकिन सतर्क पुलिसकर्मियों ने घेराबंदी कर उन्हें दबोच लिया और कोतवाली ले आए। कड़ाई से पूछताछ के दौरान पकड़े गए आरोपियों की पहचान इब्राहिम, रिजवान, समरीन और मुस्कान (सभी निवासी कस्बा जहांगीरपुर) के रूप में हुई। पुलिस पूछताछ में खुलासा हुआ कि वर्ष 2021 में उनके एक ताऊ की हत्या हुई थी, जिस मामले में मृतक इमरान भी शामिल था। इसी पुरानी रंजिश और बदले की भावना के चलते इस सनसनीखेज वारदात को अंजाम दिया गया था। गौरतलब है कि इस मामले में पुलिस पहले ही दो मुख्य आरोपियों जान मोहम्मद और इदरीश को गिरफ्तार कर जेल भेज चुकी है। पुलिस इस मामले में अन्य संलिप्त लोगों की भी गहनता से जांच कर रही है।

लुहारली टोल प्लाजा पर कर्मचारी की दबंगई, वीडियो वायरल

दादरी (शिखर समाचार) कोतवाली दादरी क्षेत्र के जीटी रोड स्थित लुहारली टोल प्लाजा पर कर्मचारियों की दबंगई का मामला सामने आया है, जहां लोहे की रॉड लेकर वाहन चालकों के साथ गाली-गलौज की गई। इस घटना का वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल होने के बाद पुलिस जांच में जुटी है। बुधवार रात सिकंदराबाद की तरफ से आ रही एक कार जब बूथ संख्या 11 पर पहुंची, तो वहां लंबी कतार लगी थी। कार सवार ने वाहन में मरीज होने का हवाला देकर गाड़ी जल्दी निकालने को कहा, जिस पर कर्मचारियों से कहासुनी हो गई। आरोप है कि विवाद बढ़ने पर कर्मचारियों ने हाथ में लोहे की रॉड निकाल ली। कार सवार ने पूरी घटना का वीडियो बना लिया। टोल मैनेजर रजनीकांत द्विवेदी का कहना है कि कार का फास्टैग रिचार्ज खत्म था और पीछे ओवरलोड वाहन के कारण लाइन लगी थी। उनके अनुसार, कार सवार ही राड लेकर कर्मचारियों पर हमला करने आए थे, जिनकी राड को कर्मचारियों ने छीना था।

पिता के वचन की रक्षा के लिए श्रीराम ने स्वीकार किया वनवास

रबूपुरा (शिखर समाचार) कस्बा स्थित अनाज मंडी में चल रहे श्रीरामलीला मंचन के दौरान बुधवार को राम-सीता विवाह के बाद अयोध्या आगमन से लेकर प्रभु श्रीराम के 14 वर्ष के वनवास तक के मर्मस्पर्शी प्रसंगों का मंचन किया गया। कलाकारों के सजीव अभिनय ने इस पूरी कथा को जीवंत कर दिया। लीला की शुरूआत श्रीराम के अयोध्या लौटने और महाराज दशरथ द्वारा उन्हें उत्तराधिकारी बनाने के निर्णय से हुई। इस बीच मंथरा की कुटिल चालों ने कैकयी की मति भ्रमित कर दी, जिससे वे राजा दशरथ से दो वरदान मांगने को विवश हो गईं। कैकयी ने राजा दशरथ से राम के लिए 14 वर्ष का वनवास और भरत के लिए राजगादी का वरदान मांग लिया। दशरथ और कैकयी के

बीच हुआ यह मार्मिक संवाद देखकर दर्शक भावुक हो उठे। अपने पिता के वचनों की आन और मयार्दा की रक्षा के लिए श्रीराम ने सहर्ष वनवास स्वीकार कर लिया। उनके इस निर्णय में अनुज लक्ष्मण और पत्नी सीता ने भी उनके साथ वन जाने का संकल्प लिया। तीनों के वन प्रस्थान के दृश्य ने पंडाल में उपस्थित सभी लोगों की आँखें नम कर दीं। इसके पश्चात, पुत्र वियोग में तड़पते हुए राजा दशरथ के प्राण त्यागने की मर्मस्पर्शी लीला का मंचन किया गया। इस अवसर पर विजय तायल, नीरज गर्ग, धीरज शर्मा, रूपलाल कौशिक, सुधीर गोयल और सुनील तायल सहित बड़ी संख्या में गणमान्य लोग उपस्थित रहे।

हापुड़ पुलिस ने गाड़ियों की ईसीएम चुराने वाला गिरोह पकड़ा, 5 गिरफ्तार

हापुड़ (शिखर समाचार) जनपद की स्वाट टीम और हाफिजपुर थाना पुलिस ने संयुक्त कार्रवाई करते हुए गाड़ियों की ईसीएम (इंजन कंट्रोल मॉड्यूल) चोरी करने वाले अंतरराज्यीय गिरोह का पदार्फाश किया है। पुलिस ने महमूदपुर नगर पुल के पास से गिरोह के सरगना राशिद उर्फ मच्छी समेत पांच आरोपितों को गिरफ्तार किया है। इनके कब्जे से चोरी की 10 ईसीएम, दो तमंचे, चार कारतूस, तीन चाकू और वारदात में इस्तेमाल ब्रेजा कार बरामद हुई है। पुलिस के अनुसार, गिरफ्तार आरोपी दिल्ली-एनसीआर में सड़क किनारे खड़ी गाड़ियों के लॉक तोड़कर ईसीएम चोरी करते थे। गिरफ्तार आरोपियों में गिरोह का सरगना राशिद उर्फ मच्छी (निवासी नहाल, मसूरी, गाजियाबाद) तथा अरशद, फराज, अमन और उस्मान (निवासीगण पसोंडा, टीला मोड़, गाजियाबाद) शामिल हैं। इनके खिलाफ दिल्ली, गाजियाबाद, बुलंदशहर, बागपत और हापुड़ में चोरी, लूट और आर्म्स एक्ट सहित करीब छह दर्जन मुकदमे दर्ज हैं। कार्रवाई करने वाली संयुक्त टीम में हाफिजपुर थाना प्रभारी अतुल कुमार चौहान, उपनिरीक्षक वरुण कुमार सिंह, भानु प्रताप, ललित कुमार और स्वाट टीम के उपनिरीक्षक नसीम खान व जितिन शर्मा शामिल रहे। पुलिस गिरोह के नेटवर्क और अन्य मामलों की जांच कर रही है।

भारत सरकार टकसाल में कर्मचारियों को दिया गया स्वास्थ्य और सुरक्षा प्रशिक्षण

नोएडा (शिखर समाचार)। कारखाना अधिनियम, 1948 की धारा 111-ए के अनुपालन में भारत सरकार टकसाल, नोएडा में कर्मचारियों के लिए प्राथमिक उपचार, स्वास्थ्य और कार्यस्थल सुरक्षा प्रशिक्षण आयोजित किया गया। एसएमई गुरुकुल फाउंडेशन गैर-सरकारी संगठन की ओर से आयोजित प्रशिक्षण में रजनीश कुमार शर्मा ने कर्मचारियों को कार्यस्थल पर सुरक्षा संबंधी सावधानियों की जानकारी दी। उन्होंने बताया कि निर्धारित सुरक्षा नियमों का पालन कर दुर्घटनाओं की आशंका को कम किया जा सकता है और कर्मचारियों के स्वास्थ्य की रक्षा की जा सकती है।

प्रशिक्षण के दौरान कर्मचारियों को काम करते समय सतर्कता बरतने, संभावित खतरों की पहचान करने और दुर्घटना की स्थिति में प्राथमिक उपचार के महत्व के बारे में जानकारी दी गई। इसका उद्देश्य कर्मचारियों को सुरक्षित कार्यप्रणाली के प्रति जागरूक करना और कारखाना परिसर में दुर्घटनाओं की रोकथाम के लिए आवश्यक उपायों को बढ़ावा देना रहा।

आयोजकों के अनुसार, कारखाना अधिनियम की धारा 111-ए के तहत श्रमिकों को कार्यस्थल पर स्वास्थ्य और सुरक्षा से संबंधित अधिकार प्राप्त हैं। कारखानों में सुरक्षित कार्य परिस्थितियां बनाए रखना और कर्मचारियों को सुरक्षा संबंधी जानकारी उपलब्ध कराना महत्वपूर्ण है। प्रशिक्षण के माध्यम से कर्मचारियों को सुरक्षा नियमों के प्रति जागरूक करने पर जोर दिया गया। प्रशिक्षण से संबंधित वार्षिक विवरण और लागू वैधानिक प्रावधानों के अनुपालन की प्रक्रिया भी महत्वपूर्ण है। संबंधित प्रतिष्ठानों को अपने ऊपर लागू नियमों के अनुसार आवश्यक अभिलेख और विवरण निर्धारित समय पर कारखाना विभाग में जमा कराने चाहिए, ताकि कार्यस्थल पर स्वास्थ्य और सुरक्षा व्यवस्था को प्रभावी बनाया जा सके।

टीला मोड़ पुलिस ने घर में हुई आभूषण चोरी का किया खुलासा, एक आरोपी गिरफ्तार

गाजियाबाद (शिखर समाचार) थाना टीला मोड़ पुलिस टीम ने घर में हुई चोरी की घटना का सफल अनावरण करते हुए एक अभियुक्त को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने आरोपी के कब्जे से चोरी किए गए सभी आभूषण बरामद कर लिए हैं। पुलिस के अनुसार, क्षेत्र में हुई चोरी की इस वारदात के बाद से ही पुलिस टीम चोरों की तलाश और साक्ष्य संकलन में जुटी हुई थी। मुखबिर की सूचना और तकनीकी सहायता के आधार पर पुलिस ने संदिग्ध व्यक्ति को घेराबंदी कर दबोच लिया। पूछताछ के दौरान आरोपी ने घर में चोरी करने की बात कबूल कर ली, जिसकी निशानदेही पर पुलिस ने चोरी किए गए सोने-चांदी के आभूषण बरामद कर लिए हैं।

पुलिस ने आरोपी के खिलाफ विधिक कार्रवाई करते हुए उसे न्यायालय के समक्ष पेश कर दिया है। इस खुलासे से स्थानीय लोगों ने राहत की सांस ली है और पुलिस की कार्यप्रणाली की सराहना की है।

आईटीएस मोहननगर में प्रतिभाओं का जलवा, 800 विद्यार्थियों ने 'मोरक्को-ए-टैलेंट उत्सव' में लिया हिस्सा

गाजियाबाद (शिखर समाचार)। आईटीएस मोहननगर के स्नातक परिसर में बीबीए और बीसीए प्रथम वर्ष के विद्यार्थियों के लिए 'मोरक्को-ए-टैलेंट उत्सव-2026' का भव्य आयोजन किया गया। संस्थान के चाणक्य प्रेक्षागृह में आयोजित इस रंगारंग समारोह में लगभग 800 विद्यार्थियों ने भाग लिया। गायन, नृत्य, अभिनय और फैशन शो सहित विभिन्न प्रतियोगिताओं के माध्यम से विद्यार्थियों ने अपनी प्रतिभा, रचनात्मकता और मंचीय आत्मविश्वास का प्रदर्शन किया। कार्यक्रम का उद्देश्य नवागंतुक विद्यार्थियों को अपनी बहुआयामी प्रतिभा दिखाने का अवसर देना और उनमें नई ऊर्जा का संचार करना रहा। आईटीएस एजुकेशन ग्रुप के उपाध्यक्ष अर्पित चड्ढा ने अपने संदेश में विद्यार्थियों को प्रोत्साहित करते हुए कहा कि वे आत्मविश्वास और निरंतर प्रयास के बल पर अपनी

क्षमताओं को विकसित कर देश के विकास में महत्वपूर्ण योगदान दे सकते हैं। स्नातक परिसर की प्राचार्य डॉ. नैंसी शर्मा ने शिक्षा के साथ अनुशासन, रचनात्मकता और नैतिक मूल्यों के महत्व पर जोर दिया। उन्होंने विद्यार्थियों से अपनी रुचि और प्रतिभा पहचानने, असफलताओं से सीखने और उत्कृष्टता के लिए निरंतर प्रयास करने का आह्वान किया।

बीबीए वर्ग में वंश शर्मा को मिस्टर चार्मिंग पर्सनैलिटी और अन्वेषा को मिस चार्मिंग पर्सनैलिटी चुना गया। आर्यवीर और डिंपल चौहान क्रमशः मिस्टर एवं मिस शो स्टॉपर बने। यतिन और राशि को स्टाइलिश, अर्जुन और खुशी बावरिया को क्राउड फेवरेट तथा सावन सिंह और शाइना को टैलेंटेड श्रेणी में सम्मान मिला। बीसीए वर्ग में कुनाल और सौम्या चार्मिंग पर्सनैलिटी, यश भारद्वाज और कृतिका शो स्टॉपर, नाजिम और ख्याति परवीन स्टाइलिश, निकुंज राठौर और गार्गी शर्मा क्राउड फेवरेट तथा गौतम और अंशिका तोमर टैलेंटेड चुने गए।

सर्वश्रेष्ठ परिधान के लिए बीबीए वर्ग में मोहम्मद जियान और श्रेया शर्मा तथा बीसीए वर्ग में केतन और शिवांगी को चुना गया। निर्णायक मंडल में मॉडल यशस्विनी चतुर्वेदी और नृत्य निर्देशक सोनू सागर शामिल रहे। उन्होंने प्रतिभागियों के व्यक्तित्व, आत्मविश्वास, रचनात्मकता और मंचीय प्रस्तुति का मूल्यांकन किया।

कार्यक्रम के समापन पर संस्थान के अध्यक्ष डॉ. आर.पी. चड्ढा, प्राचार्य डॉ. नैंसी शर्मा, शैक्षणिक अधिष्ठाता डॉ. विदुषी सिंह, शिक्षकगण और विद्यार्थी उपस्थित रहे।

त्योहारी सीजन में साप्ताहिक बंदी से राहत की मांग, व्यापार मंडल ने श्रम आयुक्त को सौंपा पक्ष

सहारनपुर (शिखर समाचार)। संपूर्ण उत्तर प्रदेश उद्योग व्यापार मंडल के प्रतिनिधिमंडल ने जिलाध्यक्ष जयवीर राणा के नेतृत्व में श्रम आयुक्त से मुलाकात कर 15 अक्टूबर से 15 नवंबर तक त्योहारी सीजन के दौरान साप्ताहिक बंदी में छूट देने की मांग उठाई। संगठन ने कहा कि दीपावली सहित अन्य प्रमुख त्योहारों के चलते बाजारों में ग्राहकों की आवाजाही बढ़ जाती है। ऐसे में व्यापारियों को अपने प्रतिष्ठान खोलने के लिए अतिरिक्त अवसर मिलना चाहिए, जिससे कारोबार को बढ़ावा मिलने के साथ ग्राहकों को भी खरीदारी में सुविधा हो सके। प्रतिनिधिमंडल का नेतृत्व करते हुए जयवीर राणा ने कहा कि त्योहारों के दौरान बाजारों में खरीदारी बढ़ने से व्यापारियों के लिए यह समय महत्वपूर्ण होता है। साप्ताहिक बंदी में छूट मिलने से व्यापारी ग्राहकों की जरूरतों के अनुसार अपने प्रतिष्ठान खोल सकेंगे और उन्हें अधिक समय तक खरीदारी का अवसर मिलेगा। उन्होंने संगठन की ओर से मांग रखी कि 15 अक्टूबर से 15 नवंबर तक साप्ताहिक बंदी में छूट प्रदान की जाए, ताकि व्यापारिक गतिविधियां सुचारु रूप से संचालित हो सकें। व्यापार मंडल के प्रतिनिधियों ने व्यापारियों के हितों को ध्यान में रखते हुए इस मांग पर सकारात्मक निर्णय लेने का आग्रह किया। इस पर श्रम आयुक्त ने सकारात्मक सहयोग का आश्वासन दिया। प्रतिनिधिमंडल में जिला महामंत्री दिव्य लोक त्यागी, जिला उपाध्यक्ष नवदीप राणा और युवा जिला महामंत्री दीपक राय शामिल रहे।

कैराना में अवैध कॉलोनी पर एमडीए की कार्रवाई, 400 वर्ग मीटर निर्माण सील

कैराना/शामली (शिखर समाचार)। कैराना में कथित रूप से अवैध कॉलोनी विकसित किए जाने के मामले में एमडीए की टीम ने कार्रवाई करते हुए करीब 400 वर्ग मीटर क्षेत्र में किए गए निर्माण को सील कर दिया। पुलिस की मौजूदगी में हुई इस कार्रवाई से अवैध कॉलोनियां विकसित करने वालों में हलचल मच गई। जानकारी के अनुसार, पीयूष आयन आश्रम के सामने अजय स्वामी और संजय मित्तल द्वारा कॉलोनी विकसित की जा रही थी। शिकायत मिलने के बाद एमडीए की टीम मौके पर पहुंची और निमार्णाधीन भवनों का निरीक्षण किया। इसके बाद टीम ने पुलिस की मौजूदगी में निर्माण पर लाल-सफेद सीलिंग टेप लगाकर सीलिंग की कार्रवाई पूरी की।

प्राधिकरण की इस कार्रवाई के दौरान संबंधित स्थल पर अवैध निर्माण के विरुद्ध कदम उठाया गया। फिलहाल मौके पर सीलिंग की कार्रवाई की गई है। एमडीए अधिकारियों के अनुसार, अवैध कॉलोनियों के खिलाफ अभियान आगे भी जारी रहेगा। प्राधिकरण का उद्देश्य बिना निर्धारित नियमों और आवश्यक स्वीकृतियों के विकसित की जा रही कॉलोनियों पर नियंत्रण करना है। कार्रवाई करने वाली टीम में सहायक अभियंता संजय कुमार, अवर अभियंता गौरव कुमार और ओएसडी हर्ष चावला शामिल रहे। अधिकारियों ने स्पष्ट किया कि अवैध निर्माण के मामलों में नियमानुसार कार्रवाई की जाएगी।

प्रेम और भाईचारे के संदेश के साथ मेला गुगाल का समापन, विधायक ने सहयोगियों को सराहा

थानाभवन/शामली (शिखर समाचार)। नगर पंचायत थानाभवन की ओर से आयोजित ऐतिहासिक मेला गुगाल का बीती रात विधायक अशरफ अली खान के मुख्य आतिथ्य में भव्य समापन हुआ। इस अवसर पर प्रेम, सद्भाव और भाईचारे का संदेश दिया गया। विधायक ने मेले के सफल आयोजन के लिए नगर पंचायत प्रशासन, कर्मचारियों, दुकानदारों, पुलिसकर्मियों, पत्रकारों और अन्य सहयोगियों का आभार व्यक्त किया।

विधायक अशरफ अली खान ने कहा कि मेला गुगाल आपसी मेल-मिलाप, प्रेम और भाईचारे का प्रतीक है। ऐसे आयोजन समाज के लोगों को जोड़ने के साथ सामाजिक एकता और आपसी सद्भाव को मजबूत करते हैं। उन्होंने कहा कि मेले की सफलता सामूहिक सहयोग का परिणाम है और इसमें योगदान देने वाले सभी लोग प्रशंसा के पात्र हैं।

समापन समारोह में नगर पंचायत अध्यक्ष के पति हाजी राव जमशेद और अधिशासी अधिकारी जितेंद्र राणा ने शॉल ओढ़ाकर विधायक अशरफ अली खान को सम्मानित किया। मेले के आयोजन और व्यवस्थाओं में सहयोग देने वाले पत्रकारों, दुकानदारों तथा पुलिसकर्मियों के योगदान की भी सराहना की गई और उन्हें सम्मानित किया गया। हाजी राव जमशेद ने कहा कि नगरवासियों के सहयोग से मेला गुगाल की परंपरा आगे भी प्रेम, सद्भाव और भाईचारे के साथ जारी रहेगी। उन्होंने आयोजन को सफल बनाने में स्थानीय लोगों और सभी सहयोगियों की भूमिका को महत्वपूर्ण बताया।

कार्यक्रम में लोकदल के शामली जिलाध्यक्ष वाजिद अली, नगर पंचायत सभासद दिनेश कुमार, बॉबी अरोरा, अथर सिद्दीकी, जयभगवान, विनोद सैनी, राजवीर, आबाद जैदी और भाजपा जिला मंत्री बृजेश वाल्मीकि सहित अन्य लोग उपस्थित रहे। समापन अवसर पर आयोजन से जुड़े कर्मचारियों और सहयोगियों के प्रयासों की सराहना करते हुए सभी के प्रति आभार जताया गया।

संपादकीय

विरोध की आवाज या कानून की सीमा? इमरान खान प्रकरण ने खड़े किए लोकतंत्र और नागरिक अधिकारों के बड़े सवाल

लोकतंत्र की असली ताकत केवल चुनाव कराने, सरकारें चुनने और कानून बनाने में नहीं होती, बल्कि इस बात में भी होती है कि असहमति रखने वाले लोगों की आवाज को किस तरह सुना जाता है। जब कोई व्यक्ति व्यवस्था के किसी निर्णय पर सवाल उठाता है, किसी सार्वजनिक मुद्दे पर विरोध दर्ज कराता है या अपने विचार व्यक्त करता है, तब लोकतांत्रिक व्यवस्था की संवेदनशीलता और संवैधानिक मूल्यों की परीक्षा होती है। बॉलीवुड अभिनेता और आमिर खान के भांजे इमरान खान से जुड़ा ताजा मामला इसी व्यापक बहस को सामने लाया है। मुंबई में एक विरोध प्रदर्शन में शामिल होने के बाद इमरान खान को 28 अक्टूबर 2026 तक भारत छोड़ने का नोटिस जारी किए जाने से अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता, विदेशी नागरिकों पर लागू कानूनों और राजनीतिक विरोध की सीमाओं पर नए सवाल उठे हैं। यह मामला किसी अभिनेता की व्यक्तिगत परेशानी तक सीमित नहीं है, बल्कि यह समझने का अवसर भी है कि लोकतंत्र में अधिकारों और कानूनी दायित्वों के बीच संतुलन कैसे कायम किया जाना चाहिए। 15 अक्टूबर को सामने आई खबरों के अनुसार, मुंबई के ऐतिहासिक अगस्त क्रांति मैदान में 10 अक्टूबर को आयोजित विरोध प्रदर्शन में शामिल होने के बाद विदेशी क्षेत्रीय पंजीकरण कार्यालय ने इमरान खान को भारत छोड़ने का नोटिस दिया। प्रदर्शन में मुख्य निर्वाचन आयुक्त ज्ञानेश कुमार के इस्तीफे की मांग उठाई गई थी। यह विरोध मतदाता सूचियों के विशेष गहन पुनरीक्षण और चुनावी प्रक्रिया को लेकर जताई जा रही चिंताओं से जुड़ा था। प्रदर्शन के दौरान इमरान खान को पुलिस ने हिरासत में भी लिया था। इसके बाद भारतीय जनता पार्टी के पूर्व सांसद किरीट सोमैया की शिकायत के आधार पर कार्रवाई की प्रक्रिया आगे बढ़ने की खबर सामने आई। अधिकारियों ने विदेशी नागरिकों पर लागू आव्रजन और विदेशियों से संबंधित कानूनों के उल्लंघन का आरोप लगाया है। उपलब्ध समाचारों के अनुसार, इमरान खान अमेरिकी नागरिक हैं और उनके पास भारत का प्रवासी नागरिकता कार्ड है। उनके वकील ने इस नोटिस को बंबई उच्च न्यायालय में चुनौती देने की तैयारी की जानकारी दी है। इसलिए इस प्रकरण में अंतिम निष्कर्ष निकालने से पहले न्यायिक प्रक्रिया और संबंधित कानूनी पक्षों को समझना जरूरी है। भारत का लोकतंत्र दुनिया के सबसे बड़े लोकतांत्रिक प्रयोगों में गिना जाता है। यहां नागरिकों को अपनी बात रखने, सरकार की नीतियों की आलोचना करने और शांतिपूर्ण विरोध के माध्यम से असहमति जताने का अधिकार प्राप्त है। संविधान का अनुच्छेद 19 भारतीय नागरिकों को अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता और शांतिपूर्ण सभा जैसे महत्वपूर्ण अधिकार देता है, हालांकि इन अधिकारों पर संविधान में निर्धारित उचित प्रतिबंध भी लागू होते हैं। लेकिन विदेशी नागरिकों की कानूनी स्थिति भारतीय नागरिकों से अलग है। उन्हें भारत में प्रवेश, निवास और गतिविधियों से संबंधित नियमों का पालन करना होता है। प्रवासी नागरिकता कार्ड भी भारतीय नागरिकता या मतदान के अधिकार के समान नहीं है। इस अंतर को नजरअंदाज करना उचित नहीं होगा। दूसरी ओर, किसी व्यक्ति की विदेशी नागरिकता मात्र से उसके प्रत्येक विचार या सार्वजनिक टिप्पणी को अनुचित नहीं माना जा सकता। वास्तविक प्रश्न यह है कि संबंधित कानून उस व्यक्ति की गतिविधि पर क्या प्रतिबंध लगाता है, उन प्रतिबंधों का उल्लंघन किस आधार पर माना गया और प्रशासनिक कार्रवाई कितनी स्पष्ट तथा न्यायसंगत प्रक्रिया के तहत की गई। इमरान खान के मामले में कानून का पालन सुनिश्चित करना प्रशासन की जिम्मेदारी है।

~ मौलिक चिंतन ~

जो प्रेम हमें किसी का गुलाम बना दे, वह रोग है;
जो प्रेम हमें बेहतर इंसान बना दे, वह उपचार है।



©
विनय संकोची

सोशल मीडिया पर रील के चक्कर में जान की बाजी

मनोज कुमार अग्रवाल

सोशल मीडिया पर रील बनाने के चक्कर में जान की बाजी लगाना आजकल एक बेहद गंभीर और खतरनाक ट्रेंड बन चुका है। लोग इंस्टाग्राम, यूट्यूब और फेसबुक जैसे प्लेटफॉर्म्स पर चंद लाइक्स, व्यूज और वायरल होने की चाह में अपनी जिंदगी को दांव पर लगा रहे हैं।आज सोशल मीडिया का जमाना है और बड़ी संख्या में युवाओं पर चर्चा में आने के लिए रील बना कर सोशल मीडिया पर डालने का जुनून सवार है। सोशल मीडिया पर रातों-रात प्रसिद्ध होने और लाइक्स कटने की वजह से परेशान होकर आत्महत्या कर ली।

वीडियो बनाने के लिए चलती हुई ट्रेन के गेट पर खतरनाक डांस करना, डिब्बे के बाहर लटकना या रेलवे ट्रैक पर खड़े होकर ट्रेन के सामने पोज देना सबसे आम और घातक हादसों की वजह बन रहा है। चलती हुई गाड़ियों या बाइकों पर स्टंट करना, बिना हेलमेट या सीट बेल्ट के रील बनाना। हाल ही में उत्तर प्रदेश के सीतापुर में एक युवती को सड़क पर खतरनाक स्टंट करने के लिए ?16,000 का भारी चालान भी भुगतना पड़ा।

ऊंचे पुलों और झरनों के पास पोज खतरनाक पहाड़ों, नदियों के ऊपर बने पुलों या बाढ़ के पानी के बीच रील बनाने के चक्कर में कई लोग अपनी जान गंवा चुके हैं।

प्रशासन की कार्रवाई और चेतावनी

इस बढ़ते खतरे को देखते हुए पुलिस और भारतीय रेलवे लगातार लोगों को आगाह कर रहे हैं। ऐसे जानलेवा स्टंट करने वालों पर भारी जुमार्ना लगाया जा रहा है और जेल की सजा का भी प्रावधान है।

आपको बता दें कि हाल ही में ऐसे कई मामलों की झड़ी लगी है जिनमे रील बनाने के चक्कर में अनेक युवा जान गंवा बैठे। 16 सितम्बर को पालघर (महाराष्ट्र) में वैतरणा नदी के किनारे मोबाइल से रील शूट करने के दौरान गीतेश पाटिल और मानव राठौड़ नामक 2 दोस्तों की गहरे पानी में डूबने से मौत हो गई।

4 अक्तूबर को फरीदाबाद (हरियाणा) में सिरोही झील के निकट रील बनाने के दौरान मोबाइल फोन के डैमेज होने को लेकर 2 दोस्तों में विवाद इस हद तक बढ़ गया कि आपसी हाथापाई में उनमें से एक युवक की जान चली गई, जिसके बाद पुलिस ने मुख्य आरोपी मुफीद उर्फ मन्नू को गिरफ्तार कर लिया।

8 अक्तूबर को पश्चिम चंपारण (बिहार) के मझौलिया गांव में अपने बड़े भाई हीरामन के रील बनाने के शौक से नाराज उसके छोटे भाई विश्वनाथ ने उसे बुरी तरह पीटना शुरू कर दिया और इसी झगड़े के दौरान जान बचाने के लिए भागे हीरामन की जमीन पर गिर कर गंभीर रूप से घायल हो जाने के कारण मौत हो गई।9 अक्तूबर को बौध जिला (ओडिशा) के खोरधा-बोलांगीर रेलवे ट्रैक पर लेट कर मीडिया के लिए रील बना रहा एक लड़का अचानक आई तेज रफ्तार ट्रेन की चपेट में आ गया, जिससे उसकी मौत हो गई

9 अक्तूबर को ही जहरीले सांपों को रैस्क्यू करने और उनके साथ वीडियो बनाकर सोशल मीडिया पर डालने के लिए प्रसिद्ध तपन कुमार प्रधान (28) को पुरी (ओडिशा) के कंथापुर गांव में एक कोबरा ने आक्रामक होकर उंगलियों, कोहनी और बाजू के ऊपरी हिस्से पर कई बार डस लिया जिससे उसकी मौत हो गई। वह अपने घर के बरामदे में बैठ कर एक खतरनाक कोबरा के साथ इंस्टाग्राम के लिए रील बना रहा था।

10 अक्तूबर को आगरा (उत्तर प्रदेश) के बसई अरेला क्षेत्र में एक छात्र निमार्णाधीन मकान में रखी शिकारी एयर गन को पकड़ कर उसके साथ रील बनाने लगा। इसी दौरान अचानक बंदूक से फायर हो गया और छर्रे लगने से युवक की अस्पताल में इलाज के दौरान मौत हो गई।

11 अक्तूबर को पारादीप (ओडिशा) के समुद्र तट पर रील बनाने के दौरान बेगूसराय (बिहार) से घूमने आए तीन युवक तेज लहरों की चपेट में आ जाने के परिणामस्वरूप बह गए।

उपरोक्त घटनाओं से स्पष्ट है कि पिछले कुछ समय के दौरान रील बनाने के रुझान और इससे होने वाली दुर्घटनाओं में वृद्धि हुई है। इस संबंध में हम युवाओं को यही सलाह देंगे कि वे अपनी जान जोखिम में डाल कर इस प्रकार के करतब न करें क्योंकि उनकी इस तरह की भूलें उनके परिवारों को जिंदगी भर की पीड़ा दे सकती है। युवाओं को लगता है कि एक रील वायरल होते ही वे रातों-रात स्टार बन जाएंगे।

पीछे छूट जाने का डर दूसरों को रील बनाकर लोकप्रिय होते देख, युवा भी बिना सोचे-समझे उसी अंधी दौड़ में शामिल हो जाते हैं।स्क्रीन पर दिखने वाले लाइक और हार्ट युवाओं के दिमाग में एक अस्थायी खुशी पैदा करते हैं, जिसकी उन्हें लत लग जाती है।

इस जानलेवा सनक को कैसे रोका जाए?माता-पिता को इस बात पर ध्यान देना चाहिए कि उनका बच्चा सोशल मीडिया पर क्या पोस्ट कर रहा है और किस तरह के वीडियो बना रहा है।

पुलिस और प्रशासन को खतरनाक जगहों पर रील बनाने वालों के खिलाफ सख्त जुमार्ना और जेल की सजा का प्रावधान मजबूत करना होगा।

स्कूलों और कॉलेजों में युवाओं को यह समझाने की जरूरत है कि जान है तो जहान है, कोई भी रील आपकी जिंदगी से ज्यादा कीमती नहीं हो सकती।

विदेशी फंडिंग का आरोप : सनसनी से नहीं, सबूतों से तय होनी चाहिए सच्चाई

सौरभ वार्ष्णेय

बिना प्रमाण गंभीर आरोप लगाना लोकतंत्र, राजनीतिक विमर्श और सार्वजनिक विश्वसनीयता के लिए कितना उचित? यह सवाल अपने आप में ही प्रश्नचिन्ह लगा रहा है। अंतरराष्ट्रीय राजनीति में किसी देश के आंतरिक मामलों में विदेशी हस्तक्षेप की आशंका को पूरी तरह खारिज नहीं किया जा सकता। दुनिया के अनेक देशों में राजनीतिक गतिविधियों, चुनावी प्रक्रियाओं और जन आंदोलनों पर बाहरी प्रभाव को लेकर समय-समय पर सवाल उठते रहे हैं। लेकिन किसी आशंका को प्रमाणित तथ्य के रूप में प्रस्तुत करना और किसी राजनीतिक दल पर विदेशी धन लेकर देश में अशांति फैलाने का आरोप लगाना दो अलग-अलग बातें हैं। यही अंतर जिम्मेदार पत्रकारिता, निष्पक्ष राजनीतिक विमर्श और लोकतांत्रिक मूल्यों की बुनियाद है।

हाल ही में अमेरिकी गायिका और अभिनेत्री मैरी मिलबेन के नाम से सोशल मीडिया के जरिये सामने आए एक बयान में भारत में सक्रिय एक राजनीतिक दल को अमेरिका से भारी वित्तीय सहायता मिलने का आरोप लगाया गया है। इस दावे में यह भी कहा गया है कि विदेशी धन का इस्तेमाल भारत की आंतरिक शांति को प्रभावित करने, सामाजिक विद्वेष बढ़ाने और केंद्र सरकार के कामकाज में बाधाएं उत्पन्न करने के लिए किया जा रहा है। आरोपों के समर्थन में कुछ व्यक्तियों और कथित वित्तीय समूहों का भी उल्लेख किया गया है।

ऐसे गंभीर आरोप सामने आने के बाद सबसे महत्वपूर्ण सवाल यही है कि इन दावों के समर्थन में ठोस सबूत क्या हैं? क्या किसी बैंक खाते का विवरण सामने आया है? क्या किसी वित्तीय लेन-देन का दस्तावेज उपलब्ध है? क्या संबंधित एजेंसी ने कोई जांच की है? क्या किसी विश्वसनीय जांच रिपोर्ट या आधिकारिक दस्तावेज में इन आरोपों की पुष्टि हुई है? यदि इन सवालों के जवाब उपलब्ध नहीं हैं, तो ऐसे बयानों को प्रमाणित समाचार की तरह प्रस्तुत करना उचित नहीं होगा।

किसी राजनीतिक दल को विदेशी धन मिलने का आरोप सामान्य राजनीतिक टिप्पणी नहीं है। यह एक गंभीर आरोप है, जिसका संबंध देश की संप्रभुता, राजनीतिक पारदर्शिता और कानून के पालन से जुड़ा है। यदि किसी दल या संगठन को अवैध विदेशी वित्तपोषण प्राप्त हुआ है, तो इसकी निष्पक्ष जांच होनी चाहिए। दोष सिद्ध होने पर कानून के अनुसार कार्रवाई भी होनी चाहिए। लेकिन जांच से पहले ही किसी संगठन को देशविरोधी गतिविधियों में शामिल घोषित कर देना न्याय के सिद्धांतों के अनुरूप नहीं है। राजनीति में आरोप लगाना आसान है, लेकिन उन्हें प्रमाणित करना कठिन। इसलिए यह आवश्यक है कि आरोप लगाने वाला व्यक्ति अपने दावों के समर्थन में विश्वसनीय दस्तावेज, वित्तीय रिकॉर्ड या अन्य सत्यापन योग्य साक्ष्य प्रस्तुत करे। केवल सोशल मीडिया पोस्ट, राजनीतिक बयान अथवा किसी विदेशी नागरिक की टिप्पणी अपने आप में किसी गंभीर आरोप का प्रमाण नहीं बन जाती। यहां यह भी स्पष्ट होना चाहिए कि उपलब्ध विवरण के आधार पर मैरी मिलबेन के नाम से प्रसारित आरोपों की स्वतंत्र पुष्टि नहीं मानी जा सकती। जब तक विश्वसनीय साक्ष्य सामने नहीं आते, तब तक इन्हें आरोप या दावा ही कहा जाना चाहिए, स्थापित तथ्य नहीं।

लोकतंत्र में राजनीतिक दलों के बीच मतभेद स्वाभाविक हैं। सत्तापक्ष और विपक्ष, दोनों को अपनी विचारधारा रखने, सरकार की नीतियों की आलोचना करने और जनता के सामने अपना पक्ष रखने का अधिकार है। यही लोकतंत्र की शक्ति है। लेकिन जब राजनीतिक विरोध को विदेशी साजिश, देशविरोधी गतिविधि या राष्ट्रीय सुरक्षा के संकट से जोड़ दिया जाता है, तब यह देखना जरूरी हो जाता है कि ऐसा निष्कर्ष किन तथ्यों के आधार पर निकाला गया है। यदि किसी राजनीतिक दल को बदनाम करने के उद्देश्य से अपुष्ट आरोपों को बार-बार प्रसारित किया जाता है, तो इससे जनता के बीच भ्रम पैदा हो सकता है। दूसरी ओर, यदि वास्तव में विदेशी वित्तपोषण के जरिए गैरकानूनी गतिविधियां संचालित की जा रही हैं, तो उनकी अनदेखी भी नहीं की जा सकती। इसलिए न तो हर आरोप को राजनीतिक षड्यंत्र कहकर खारिज करना उचित है और न ही हर आरोप को सच मान लेना।

भारत एक संप्रभु लोकतांत्रिक देश है। यहां राजनीतिक गतिविधियों, संगठनों और विदेशी अंशदान से संबंधित मामलों में कानून लागू होते हैं। विदेशी योगदान विनियमन अधिनियम सहित संबंधित कानूनी प्रावधानों के तहत पात्र संस्थाओं के विदेशी अंशदान पर नियमन और निगरानी की व्यवस्था है। किसी विशिष्ट मामले में कौन-सा कानून लागू होगा, यह संबंधित संस्था, धन के स्रोत, प्राप्तकर्ता और लेन-देन की प्रकृति पर निर्भर करता है। यदि किसी विदेशी संस्था या व्यक्ति द्वारा भारतीय कानूनों का उल्लंघन करके धन उपलब्ध कराने के प्रमाण मिलते हैं, तो सक्षम एजेंसियों को जांच करनी चाहिए। लेकिन विदेशी नागरिकों की राजनीतिक टिप्पणियों को अपने आप विदेशी फंडिंग का सबूत नहीं माना जा सकता। इसी प्रकार, किसी राजनीतिक दल की सरकार विरोधी गतिविधि मात्र से यह निष्कर्ष भी नहीं निकाला जा सकता कि उसके पीछे विदेशी धन है।

भारत की संप्रभुता की रक्षा करना जितना जरूरी है, उतना ही जरूरी है कि इस विषय का इस्तेमाल राजनीतिक प्रतिद्वंद्वियों के विरुद्ध बिना प्रमाण आरोप लगाने के लिए न किया जाए। मैरी मिलबेन पहले भी प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और भारत की कुछ नीतियों के समर्थन में अपनी राय व्यक्त कर चुकी हैं। किसान आंदोलन के दौरान कृषि सुधारों पर उनका रुख और बीबीसी की डॉक्यूमेंट्री 'इंडिया द मोदी क्वेश्चनझ को लेकर उनकी टिप्पणियां सार्वजनिक विमर्श का हिस्सा रही हैं। लेकिन किसी व्यक्ति का पहले किसी सरकार का समर्थन करना या किसी नीति के पक्ष में बोलना, उसके नए आरोपों की सत्यता का प्रमाण नहीं बन जाता।

राजनीतिक समर्थन और तथ्यात्मक प्रमाण दो अलग-अलग विषय हैं। किसी व्यक्ति की प्रतिष्ठा, अंतरराष्ट्रीय पहचान या किसी नेता के प्रति उसकी प्रशंसा के आधार पर उसके प्रत्येक दावे को सही नहीं माना जा सकता। उसी तरह, किसी व्यक्ति के राजनीतिक विचारों से असहमति होने के कारण उसके प्रत्येक कथन को गलत भी नहीं ठहराया जा सकता। हर दावे की जांच उसके प्रमाणों के आधार पर होनी चाहिए।आज सोशल मीडिया के दौर में सनसनीखेज दावे तेजी से फैलते हैं। कई बार किसी बयान को आकर्षक शीर्षक देकर इस तरह प्रसारित किया जाता है कि पाठक आरोप और सच्चाई के बीच का अंतर भूल जाते हैं। इससे लोकतांत्रिक संवाद प्रभावित होता है और समाज में अनावश्यक अविश्वास पैदा हो सकता है।

समाचार माध्यमों की जिम्मेदारी है कि वे किसी भी गंभीर आरोप को प्रकाशित करने से पहले उसके स्रोत, संदर्भ और प्रमाणों की पड़ताल करें। संबंधित राजनीतिक दल या व्यक्ति का पक्ष लें, आधिकारिक रिकॉर्ड की जांच करें और जहां पुष्टि उपलब्ध न हो, वहां स्पष्ट रूप से लिखें कि दावा स्वतंत्र रूप से सत्यापित नहीं हुआ है। पाठकों को भी चाहिए कि वे किसी सनसनीखेज पोस्ट को तुरंत सच मानने या आगे प्रसारित करने से पहले उसकी विश्वसनीयता जांचें। राष्ट्रहित का अर्थ केवल किसी सरकार या राजनीतिक दल का समर्थन करना नहीं है इसका अर्थ सत्य, कानून, पारदर्शिता और लोकतांत्रिक संस्थाओं के प्रति प्रतिबद्धता भी है।

यदि भारत में किसी राजनीतिक दल या संगठन को अवैध विदेशी वित्तीय सहायता मिलने का ठोस प्रमाण है, तो उसे सार्वजनिक किया जाना चाहिए और कानून के अनुसार जांच होनी चाहिए। लेकिन यदि आरोप केवल बयानबाजी और अपुष्ट दावों पर आधारित हैं, तो उन्हें तथ्य के रूप में प्रचारित करना जनता को भ्रमित करने जैसा होगा। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के समर्थकों को अपने नेता के पक्ष में विचार रखने का पूरा अधिकार है। विपक्षी दलों को सरकार की आलोचना करने का भी समान लोकतांत्रिक अधिकार है। दोनों के लिए एक ही कसौटी होनी चाहिए तथ्य और प्रमाण।

भारत की प्रतिष्ठा किसी सनसनीखेज बयान से न तो बनती है और न ही बिगडी चाहिए। देश की प्रतिष्ठा मजबूत होती है निष्पक्ष जांच, पारदर्शी व्यवस्था, स्वतंत्र पत्रकारिता और न्यायपूर्ण कार्रवाई से। इसलिए विदेशी फंडिंग के इस कथित मामले में भी भावनात्मक प्रतिक्रियाओं के बजाय प्रमाण सामने लाने की मांग की जानी चाहिए। लोकतंत्र में आरोप लगाना अधिकार हो सकता है, लेकिन आरोप को सच मानने से पहले प्रमाण मांगना जनता का अधिकार और पत्रकारिता का दायित्व है।

जब प्यासे हों खेत और खाली हों थालियां तो कैसे संवरेगा भविष्य?

योगेश कुमार गोयल

वैश्विक जल एवं जलीय खाद्य प्रणालियों की रक्षा करते हुए पूरी दुनिया में मौजूदा जल चुनौतियों से निपटने के लिए अब लोगों द्वारा कृषि-खाद्य प्रणालियों में जल के कुशल उपयोग को सुनिश्चित करने की बड़ी जरूरत महसूस की जाने लगी है। सुरक्षित जल और खाद्य सुरक्षा प्राप्त करना सुनिश्चित करने के लिए बेहद जरूरी है कि दुनियाभर के देश पारंपरिक ज्ञान की शक्ति का पूर्ण उपयोग करते हुए विज्ञान और नवाचार के माध्यम से जल संसाधनों की कमी और जल सुरक्षा मुद्दों के नए समाधान ढूंढ़ने के गंभीर प्रयास करें।

आज का नवाचार, कल की हर थाली में पोषण... दुनिया की आबादी तीव्र गति से बढ़ने के साथ-साथ विश्व में भूख की समस्या भी बढ़ती जा रही है। कई ऐसे राष्ट्र हैं, जो इस समस्या से बुरी तरह जूझ रहे हैं। विश्वभर में बड़ी संख्या में ऐसे लोग हैं, जिन्हें पेट भरने को दो समय का भोजन तक नसीब नहीं होता। बहुत सारे लोग तो ऐसे भी हैं, जिन्हें जिंदा रहने के लिए भी पर्याप्त भोजन नहीं मिल पा रहा। पोषित और पर्याप्त भोजन नहीं मिल पाने के कारण दुनिया की बड़ी आबादी कुपोषण की शिकार हो रही है। भोजन को एक बुनियादी और मौलिक मानवाधिकार माना गया है लेकिन पूरी दुनिया के लिए एक बड़ी विड़म्बना है कि खाने की कमी और कुपोषण के ही कारण प्रतिवर्ष लाखों लोग जान गंवा देते हैं। भोजन, हवा और पानी के बाद तीसरी सबसे बुनियादी मानवीय जरूरत हर किसी को पर्याप्त भोजन का अधिकार ही है। चिंताजनक स्थिति है कि दुनियाभर के किसान वैश्विक आबादी से ज्यादा लोगों को खिलाने के लिए पर्याप्त भोजन पैदा करते हैं किन्तु फिर भी भूख बनी रहती है।

वैश्विक भुखमरी को खत्म करने और सभी लोगों को पोषणयुक्त आहार उपलब्ध कराने के उद्देश्य से ही प्रतिवर्ष 16 अक्तूबर को 'विश्व खाद्य दिवस' मनाया जाता है। दुनिया के करीब 150 सदस्य देश मिलकर यह दिवस मनाते हैं और संयुक्त राष्ट्र के कैलेंडर में सबसे ज्यादा मनाया जाने वाला दिवस भी यही है। यह दिवस मनाने का प्रमुख उद्देश्य वैश्विक भुखमरी से निपटना और पूरी दुनिया से उसे जड़ से खत्म करना है ताकि दुनिया का कोई भी इंसान भूखा और कुपोषित न रहे। कृषि खाद्य प्रणाली परिवर्तन के लिए वैश्विक कार्रवाई को संगठित करते ह्यविश्व खाद्य दिवसह्ल के लिए हर साल एक खास विषय निर्धारित किया जाता है। विश्व खाद्य दिवस 2026 का विषय है 'आज नवाचार करें। कल का पोषण करें।'

एफएओ के अनुसार तीव्र जनसंख्या वृद्धि, शहरीकरण, आर्थिक विकास और जलवायु परिवर्तन पृथ्वी के जल संसाधनों पर दबाव बढ़ा रहे हैं। इसके अलावा पिछले दशकों में मीठे पानी के संसाधनों में भी प्रति व्यक्ति 20 प्रतिशत की गिरावट आई है और दशकों के खराब उपयोग व प्रबंधन, भूजल के अत्यधिक दोहन, प्रदूषण और जलवायु परिवर्तन के कारण पानी की उपलब्धता तथा गुणवत्ता तेजी से बिगड़ रही है। एफएओ का कहना है कि मौजूदा समय में करीब 2.4 अरब लोग जल संकट वाले देशों में रहते हैं और इस अमूल्य संसाधन के लिए प्रतिस्पर्धा बढ़ती जा रही है क्योंकि पानी की कमी संघर्ष का निरंतर बढ़ता कारण बनती जा रही है। पृथ्वी पर जल एक सीमित और असीम मूल्यवान ऐसा प्राकृतिक संसाधन है, जिसके बिना धरती पर भोजन और जीवन असंभव है। यही नहीं, विश्वभर में 60 करोड़ से भी ज्यादा लोग अपनी आजीविका के लिए जलीय खाद्य प्रणालियों पर ही निर्भर हैं, जिनमें छोटे पैमाने के मछुआरे, मछली किसान, मछली प्रोसेसर और उनके आश्रित शामिल हैं, जो तटीय और अंतर्देशीय समुदायों की रीढ़ माने जाते हैं, स्थानीय अर्थव्यवस्थाओं का समर्थन करते हैं और विश्वभर में संस्कृतियों को प्रभावित करते हैं।

दुनिया से भुखमरी को मिटाने के प्रयासों में जलवायु परिवर्तन, अंतर्राष्ट्रीय तनाव, आर्थिक समस्याएं इत्यादि सबसे बड़ी बाधा बन रही हैं। संयुक्त राष्ट्र के मुताबिक, बार-बार होने वाले मौसम के झटकों, संघर्षों, आर्थिक मंदी, असमानता और महामारी के कारण विश्व में करीब 733 मिलियन लोग भूख का सामना कर रहे हैं, जिसका सर्वाधिक असर गरीब और कमजोर तबके पर पड़ता है, जिनमें से कई कृषि परिवार हैं। कोरोना महामारी के दौर के बाद लंबे समय से चल रहे रूस-यूक्रेन और इजरायल-फिलस्तीन के भीषण युद्ध जैसी विकट परिस्थितियां भी भूख की समस्या को कम करने के बजाय और विकराल बनाने में बड़ी भूमिका निभा रही हैं। इसीलिए इस समस्या को कम करने के लिए दुनियाभर में तेज गति से गंभीर प्रयास किए जाने की जरूरत है। संयुक्त राष्ट्र का कहना है कि भूख और कुपोषण लंबे समय तक चलने वाले संकटों से और बढ़ जाते हैं, जो संघर्ष, चरम मौसम की घटनाओं और आर्थिक झटकों के संयोजन से प्रेरित होते हैं।

आज दुनिया में करोड़ों लोग भूख से पीड़ित हैं और स्वस्थ आहार का खर्च उठाने में असमर्थ हैं। एफएओ के मुताबिक विश्व में 2.8 बिलियन से भी ज्यादा लोग स्वस्थ आहार का खर्च उठाने में असमर्थ हैं और अस्वास्थ्यकर आहार ही सभी प्रकार के कुपोषण का प्रमुख कारण है। कमजोर लोगों को प्रायः मुख्य खाद्य पदार्थों या कम महंगे खाद्य पदार्थों पर निर्भर रहने के लिए विवश होना पड़ता है, जो अस्वास्थ्यकर हो सकते हैं जबकि अन्य लोग ताजे या विविध खाद्य पदार्थों की अनुपलब्धता से पीड़ित हैं, उन्हें स्वस्थ आहार चुनने के लिए जरूरी जानकारी की कमी है या फिर वे केवल सुविधा के लिए विकल्प चुनते हैं। दुनियाभर में प्रतिवर्ष हर 10 में से एक व्यक्ति दूषित भोजन के कारण बीमार हो जाता है और हर साल 4.2 लाख लोगों की मौत का कारण दूषित भोजन ही है, जिनमें करीब सवा लाख बच्चे भी होते हैं। संयुक्त राष्ट्र के 'खाद्य एवं कृषि संगठन' के अनुसार 2021 में दुनियाभर में 5 लाख लोगों की मौत भूख से ही हुई थी। हालांकि ऐसा नहीं है कि पृथ्वी पर इतना अनाज पैदा नहीं हो रहा, जिससे दुनिया के हर व्यक्ति को पर्याप्त भोजन मिल सके बल्कि सबसे बड़ी समस्या पोषणयुक्त आहार तक सभी की पहुंच और उपलब्धता है।

एफएओ का कहना है कि वर्तमान में मत्स्य पालन में हम करीब तीन हजार प्रजातियों का दोहन करते हैं जबकि इनमें से केवल 650 से कुछ अधिक प्रजातियों की ही खेती करते हैं। एफएओ के मुताबिक इन जलीय पारिस्थितिक तंत्रों और उनके द्वारा समर्थित प्रजातियों का संरक्षण और सुरक्षा करना केवल एक जिम्मेदारी ही नहीं है बल्कि पृथ्वी और इसके निवासियों की भलाई के लिए एक बड़ी आवश्यकता भी है। जलीय खाद्य पदार्थ भी सूक्ष्म पोषक तत्वों की कमी को दूर करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं और अपनी विविधता से जलीय खाद्य प्रणाली मानव के लिए पोषण और खाद्य सुरक्षा सुनिश्चित करते हुए एक अद्वितीय और महत्वपूर्ण खाद्य स्रोत बनती है। चिंता का विषय है कि जीवनयापन के लिए आंशिक रूप से ही सही, जलीय खाद्य प्रणालियों पर निर्भर 60 करोड़ लोग प्रदूषण, पारिस्थितिकी तंत्र के क्षरण, अस्थिर प्रथाओं और जलवायु परिवर्तन के प्रभाव से पीड़ित हैं। ऐसे में न केवल जलीय खाद्य प्रणालियों की रक्षा करने की सख्त आवश्यकता है बल्कि लोगों को अधिक भोजन तथा अन्य बुनियादी कृषि उत्पाद पैदा करने के लिए कम पानी का उपयोग करने की आवश्यकता है।

बहरहाल, वैश्विक जल एवं जलीय खाद्य प्रणालियों की रक्षा करते हुए पूरी दुनिया में मौजूदा जल चुनौतियों से निपटने के लिए अब लोगों द्वारा कृषि-खाद्य प्रणालियों में जल के कुशल उपयोग को सुनिश्चित करने की बड़ी जरूरत महसूस की जाने लगी है। सुरक्षित जल और खाद्य सुरक्षा प्राप्त करना सुनिश्चित करने के लिए बेहद जरूरी है कि दुनियाभर के देश पारंपरिक ज्ञान की शक्ति का पूर्ण उपयोग करते हुए विज्ञान और नवाचार के माध्यम से जल संसाधनों की कमी और जल सुरक्षा मुद्दों के नए समाधान ढूंढ़ने के गंभीर प्रयास करें। मौजूदा जल चुनौतियों से निपटने के लिए हमें कृषि खाद्य प्रणालियों में प्रभावी जल उपयोग सुनिश्चित करने और अपशिष्ट जल के पुनः उपयोग के सुरक्षित तरीके खोजने के साथ-साथ जल और जलीय खाद्य प्रणालियों की सुरक्षा भी सुनिश्चित करनी होगी तथा जलवायु परिवर्तन और बढ़ती मांग के मद्देनजर सभी के लिए किफायती पौष्टिक भोजन प्रदान करने के लिए दुनिया के समक्ष मौजूद खाद्य चुनौतियों का मिलकर समाधान करना होगा।

(लेखक वरिष्ठ पत्रकार, पर्यावरण विषयों के जानकार और चर्चित पुस्तक 'प्रदूषण मुक्त सांसें' के लेखक हैं)

रोग प्रतिरोधक क्षमता बढ़ाता है सूर्य नमस्कार

दिन की अच्छी शुरुआत करने के लिए सूर्य नमस्कार सबसे अच्छा व्यायाम है। जिस प्रकार 12 राशियां, 12 महीने होते हैं, उसी प्रकार सूर्य नमस्कार भी 12 स्थितियों से मिलकर बना है। कोविड महामारी के समय में आप सूर्य नमस्कार को अपना कर अपनी प्रतिरोधक क्षमता को बढ़ा सकते हैं-

सूर्य नमस्कार का अभ्यास इन 12 स्थितियों में किया जाता है, आइए जानें–

- दोनों हाथों को जोड़कर सीधे खड़े हों। नेत्र बंद करें। ध्यान 'आज्ञा चक्र' पर केंद्रित करके 'सूर्य भगवान' का आह्वान 'ऊँ मित्राय नमः' मंत्र के द्वारा करें।
- श्वास भरते हुए दोनों हाथों को कानों से सटाते हुए ऊपर की ओर तानें तथा भुजाओं और गर्दन को पीछे की ओर झुकाएं। ध्यान को गर्दन के पीछे 'विशुद्धि चक्र' पर केन्द्रित करें।
- तीसरी स्थिति में श्वास को धीरे–धीरे बाहर निकालते हुए आगे की ओर झुकाएं। हाथ गर्दन के साथ, कानों से सटे हुए नीचे जाकर पैरों के दाएं–बाएं पृथ्वी का स्पर्श करें। घुटने सीधे रहें। माथा घुटनों का स्पर्श करता हुआ ध्यान नाभि के पीछे 'मणिपूरक चक्र' पर केन्द्रित करते हुए कुछ क्षण इसी स्थिति में रुकें। कमर एवं रीढ़ के दोष वाले साधक न करें।
- इसी स्थिति में श्वास को भरते हुए बाएं पैर को पीछे की ओर ले जाएं। छाती को खींचकर आगे की ओर तानें। गर्दन को अधिक पीछे की ओर झुकाएं। टांग तनी हुई सीधी पीछे की ओर खिंचाव और पैर का पंजा खड़ा हुआ। इस स्थिति में कुछ समय रुकें। ध्यान को 'स्वाधिष्ठान' अथवा 'विशुद्धि चक्र' पर ले जाएं। मुखाकृति सामान्य रखें।
- श्वास को धीरे–धीरे बाहर निष्कासित करते हुए दाएं पैर को भी पीछे ले जाएं। दोनों पैरों की एड़ियां परस्पर मिली हुई हों। पीछे की ओर शरीर को खिंचाव दें और एड़ियों को पृथ्वी पर मिलाने का प्रयास करें। नितम्बों को अधिक से अधिक ऊपर उठाएं। गर्दन को नीचे झुकाकर ठोड़ी को कण्ठकूप में लगाएं। ध्यान 'सहस्त्रार चक्र' पर केन्द्रित करने का अभ्यास करें।
- श्वास भरते हुए शरीर को पृथ्वी के समानांतर, सीधा साष्टांग दण्डवत करें और पहले घुटने, छाती और माथा पृथ्वी पर लगा दें। नितम्बों को थोड़ा ऊपर उठा दें। श्वास छोड़ दें। ध्यान को 'अनाहत चक्र' पर टिका दें। श्वास की गति सामान्य करें।
- इस स्थिति में धीरे–धीरे श्वास को भरते हुए छाती को आगे की ओर खींचते हुए हाथों को सीधे कर दें। गर्दन को पीछे की ओर ले जाएं। घुटने पृथ्वी का स्पर्श करते हुए तथा पैरों के पंजे खड़े रहें। मूलाधार को खींचकर वहीं ध्यान को टिका दें।
- यह स्थिति – पांचवीं स्थिति के समान
- यह स्थिति – चौथी स्थिति के समान
- यह स्थिति– तीसरी स्थिति के समान
- यह स्थिति – दूसरी स्थिति के समान
- यह स्थिति – पहली स्थिति की भांति रहेगी।

सूर्य नमस्कार की उपरोक्त बारह स्थितियां हमारे शरीर को संपूर्ण अंगों की विकृतियों को दूर करके निरोग बना देती हैं। यह पूरी प्रक्रिया अत्यधिक लाभकारी है। इसके अभ्यासी के हाथों–पैरों के दर्द दूर होकर उनमें सबलता आ जाती है। गर्दन, फेफड़े तथा पसलियों की मांसपेशियां सशक्त हो जाती हैं, शरीर की फालतू चर्बी कम होकर शरीर हल्का–फुल्का हो जाता है। सूर्य नमस्कार के द्वारा त्वचा रोग समाप्त हो जाते हैं अथवा इनके होने की संभावना समाप्त हो जाती है। इस अभ्यास से कब्ज आदि उदर रोग समाप्त हो जाते हैं और पाचनतंत्र की क्रियाशीलता में वृद्धि हो जाती है। इस अभ्यास के द्वारा हमारे शरीर की छोटी–बड़ी सभी नस–नाड़ियां क्रियाशील हो जाती हैं, इसलिए आलस्य, अतिनिद्रा आदि विकार दूर हो जाते हैं।

मेडिटेशन को करें अपने रूटीन में शामिल और पाएं बेहतरीन फायदे

मेडिटेशन को ही ध्यान लगाना कहते है, इसे दिनचर्या का हिस्सा बनाकर रोजाना करने से कई फायदे होते हैं। अगर अभी तक आपने मेडिटेशन को अपने रूटीन में शामिल नहीं किया है तो, ये 13 फायदे जानने के बाद आप कल से ही इसे अपनी दिनचर्या में शामिल कर लेंगे –

- मेडिटेशन, मन अशांत रहने पर उसके निष्क्रिय पड़े हुए भागों को उपयोग में लाने योग्य बनाता है।
- अनुभव की क्षमता को सूक्ष्म करने की एक प्रक्रिया है ध्यान।
- दि आपको भूलने की आदत है तो ध्यान आपके लिए बहुत उपयोगी है।
- गुस्सैल प्रवृत्ति के लोगों का मन शांत करने में कारगर है भावातीत ध्यान।
- निर्णय न ले पाने वाले भी इसे अपनी जिंदगी में शामिल कर सकते हैं।
- हृदयरोग की रोकथाम के लिए उत्तम औषधि के समान है।
- मन की चंचलता को नियंत्रित करता है।
- दीर्घायु बनाने में इसकी अहम उपयोगिता है।
- शांति, सामर्थ्य, संतोष, शांति, विद्वत्ता और सभी आवश्यकताओं को पूरा करता है भावातीत ध्यान।
- चाहें तो ध्यान के समय कुछ फूल आस–पास रखें, कोई सुगंधित वस्तु का छिड़काव कर दें, अगरबत्ती जला दें।
- रात्रि के भोजन से पहले ही ध्यान के लिए बैठें। प्रात :काल सूर्योदय से पहले ध्यान करें।
- ढीले वस्त्र पहनकर ध्यान करें।
- महिलाएं यदि चाहें तो भावातीत ध्यान किसी शिक्षक के द्वारा भी सीख सकती हैं। चाहें तो मेडिटेशन सेंटर में भी आप इसे सीख सकती हैं।

लाइफस्टाइल बदल डाली तो ऐसे बढ़ेगी इम्युनिटी

इम्युनिटी कमजोर होने में खराब जीवनशैली का बड़ा हाथ है। यह एक सर्वमान्य सत्य है कि शरीर पर बाहरी माइक्रोऑर्गेनिज्म के होने वाले हमलों के खिलाफ इम्यून सिस्टम पहली डिफेंस लाइन मानी जाती है। जितनी तगड़ी इम्युनिटी होगी उतने ही बीमारी पकड़ने के अवसर क्षीण होते जाएंगे। खराब जीवनशैली से इम्यून सिस्टम की डिफेंस में छेद होने लगता है।

खराब जीवनशैली

यदि आपके पास ठीक से खाना खाने और भरपूर नींद लेने का वक्त नहीं हो तो समझ लें कि आपकी जीवनशैली खराब है जो आपके इम्यून सिस्टम को तेजी से कमजोर कर रही है। यह ठीक है कि आधुनिक जीवनशैली में वर्क प्रेशर इतना अधिक है कि उसका शरीर पर खराब असर पड़ रहा है लेकिन प्रेशर रहने के बावजूद भी स्वस्थ रहने के लिए प्रयत्न किया जा सकता है।

कब हुई थीं सालाना जांचे?

30 साल की उम्र हो जाने के बाद शरीर की नियमित जांचें कराना बेहद जरूरी है। इन दिनों अत्यधिक तनाव झेलने के कारण कम उम्र में ही हाई ब्लड प्रेशर अथवा शुगर की बीमारियां जड़ पकड़ लेती हैं। यह देखा गया है कि शुरूआती जांचों में ही कई बार लंबी बीमारियों की जड़ पकड़ में आ जाती है।

टाइम निकालें

खुद के लिए समय निकालें। यदि काम के घंटे फिक्स नहीं हैं तो वर्क स्टेशन को ही वर्कआउट के लिए सेट कर लें। काम के दौरान थोड़ी–थोड़ी देर में ब्रेक लेते रहें और शारीरिक गतिविधियां बढ़ा दें। मसलन आप स्पॉट रनिंग कर सकते हैं, स्ट्रेचिंग कर सकते हैं, वाशरूम तक तेज गति से जाकर वापस आ सकते हैं। वर्क स्टेशन एक्सरसाइज के बारे में जानने के लिए कई वेबसाइट्स हैं जो कई तरह के सॉल्युशन्स उपलब्ध कराती हैं।

पानी कब पिया था?

क्या आपको याद कि अंतिम बार आपने पानी कब पिया था? पानी न सिर्फ हाईड्रेट रखता है बल्कि हाजमा और किडनी दोनों को तंदुरुस्त रखता है। इम्यून सिस्टम ठीक से काम करता रहे इसके लिए जरूरी है कि हाजमा ठीक रहे। मेटॉबॉलिक सिस्टम के बिगड़ते ही शरीर का हर अवयव और उसकी कार्यप्रणाली प्रभावित होती है।

ये बदलाव लाएं जीवनशैली में

लाइफस्टाइल को दुरूस्त कर लेना आपके लिए बिलकुल आसान है लेकिन इसके लिए दृढ़ इच्छाशक्ति की जरूरत है। आपको केवल ठान लेना है बाकि सभी चीजें अपने आप ठीक होने लगती हैं। आप इतना तो कर ही सकते हैं कि सुबह जब भी आप उठते हैं, एक गिलास कुनकुना नींबू पानी पीकर दिन की शुरूआत कर सकते हैं। यदि आप रोज देर से उठ रहे हैं तो काम के घंटों के साथ एडजेस्ट कर सकते हैं। नींबू पानी के साथ ताजे आंवले का रस मिल सके तो पी लें नहीं तो बाजार से आंवले के रस का पैक भी खरीद कर रख सकते हैं। संतरे का रस अथवा आंवले के रस से विटामिन सी का तगड़ा डोज सुबह उठते ही मिल जाए तो दिन की अच्छी शुरूआत मानी जा सकती है। अपने भोजन में अदरक और हल्दी को विशेष रूप से शामिल करने का आग्रह करें। इससे असमय सोने के कारण होने वाली एसिडिसी एवं जलन से राहत मिल सकती है।

गोल्डन मिल्क

रात को सोते समय हल्दी मिला हुआ दूध जरूर पिएं। जो लोग रात को जागते रहकर काम करते हैं उन्हें यह दूध खासतौर पर पीना चाहिए क्योंकि इससे उन्हें जागने के कारण होने वाली समस्याओं से निजात पाने में मदद मिलती है।

एंटीबायोटिक ज्यादा लेने से कमजोर हो सकती है रोग प्रतिरोधक क्षमता

जब भी हमें छोटी–मोटी सेहत समस्या, हल्का सा दर्द व घाव आदि होता है तो हमारा शरीर उसे अपने आप ठीक करने में भी सक्षम होता है। लेकिन कई लोग जरा सी भी परेशानी होने पर अत्यधिक एंटीबायोटिक का सेवन करते हैं। अगर आप भी उन्हीं में से है तो आइए, आपको बताते हैं कि रोग प्रतिरोधक क्षमता को कमजोर होने से बचाने के लिए किन बातों का ध्यान रखना चाहिए

- एंटीबायोटिक – हममें से कई लोगों की आदत होती है, एंटीबायोटिक्स दवाओं का अत्यधिक सेवन करना। लेकिन गैरजरूरी समय पर इनका सेवन करने से आपकी प्रतिरोधक क्षमता कम हो सकती है। अत्यधिक जरूरत के समय ही एंटीबायोटिक दवाओं का सेवन करें।
- औषधियां – जब भी आप वायरल या शारीरिक दर्द महसूस करें, ऐसी आयुर्वेदिक या घरेलू औषधि अपने साथ रखें जो प्रतिरोधकता बनाए रखती हैं।
- नींद – पर्याप्त नींद न होना आपके दिमाग और शरीर को बेवजह थकावट देता है और आपकी प्रतिरोधकता भी कम होती है। हर दिन 8 घंटे की नींद आपको स्वस्थ और खुशगवार रखने में सहायक है।
- शुगर – शकर खाने से मनाही नहीं है, लेकिन अतिरिक्त शर्करा से भरे खाद्य पदार्थ जैसे सोडा, एनर्जी ड्रिंक, जूस व अन्य पदार्थों से दूरी बनाएं। यह आपकी सेहत का पूरा हिसाब गड़बड़ कर देंगे, और प्रतिरोधकता में कमी भी।
- धूप है जरूरी – त्वचा को अगर धूप से बचाते हैं, तो विटामिन डी की कमी हो सकती है। बल्कि धूप लेना प्रतिरोधक क्षमता को बढ़ाने के लिए फायदेमंद साबित होता है। इसलिए पर्याप्त धूप लेने का नियम बनाएं।
- जिंक – जिंक की पर्याप्त मात्रा का सेवन भी प्रतिरोध क्षमता को बढ़ाने का एक बेहतरीन विकल्प है। इसके लिए अलग से जिंक की गोलियां खाने के बजाए ऐसे खाद्य पदार्थों का सेवन करें, जिनसे आपको नैचुरल जिंक प्राप्त हो।
- पत्तेदार सब्जियां – पत्तेदार सब्जियां या फिर सलाद जैसे खाद्य पदार्थों का सेवन खूब करें। इनसे प्राप्त होने वाले एंजाइम्स आपकी रोग प्रतिरोधक क्षमता में इजाफा करते हैं और हर तरह का पोषण प्रदान करते हैं, जिसकी आपको जरूरत है।

गर्म पानी के साथ लहसुन के फायदे

खाने के स्वाद को बढ़ाने तथा सब्जी व दाल में तड़का लगाने में लहसुन का प्रयोग आप खूब करते हैं। लहसुन जहां भोजन के स्वाद को बढ़ाता है, वहीं इसमें मौजूद पौष्टिक तत्व हमारे शरीर को बीमारियों से लड़ने की ताकत भी देते हैं। लहसुन हमारे इम्यून सिस्टम को मजबूत बनाता है, जो हमारे शरीर को अंदर से मजबूत रखता है और बीमारियों से लड़ने की ताकत देता है। वहीं अगर हम लहसुन को गर्म पानी के साथ लें तो यह हमारे शरीर को कई तरह से फायदा पहुंचाता है और कई बीमारियों से निपटने की ताकत देता है।

कब्ज की समस्या से राहत

यदि आप कब्ज की समस्या से परेशान हैं तो इससे राहत पाने के लिए आप गर्म पानी के साथ कच्ची लहसुन का सेवन करें। यह पाचन क्रिया को सही रखने में मदद करता करेगा और कब्ज की समस्या दूर होगी।

एंटी बैक्टीरियल व एंटीवायरल से भरपूर

बदलते मौसम का असर आपकी सेहत पर पड़ता है, वहीं बारिश के दिनों में यदि आप गर्म पानी के साथ लहसुन का सेवन करते हैं तो इससे आपके शरीर में रोग प्रतिरोधक क्षमता मजबूत होती है और कई बीमारियों का खतरा कम हो जाता है। इसके साथ–साथ लहसुन में मौजूद बैक्टीरिया में वायरस मारने के गुण हैं। बारिश के दिनों में होने वाले फंगल संक्रमण, फ्लू और संक्रामक बीमारियों के खतरे से भी ये आपके शरीर को बचाए रखेंगे।

ब्लड सर्कुलेशन को करे मेंटेन

गर्म पानी के साथ कच्चे लहसुन का सेवन करने से दिल से जुड़ीं बीमारियों से बचे रहने में मदद मिलती है। यह ब्लड सर्कुलेशन को मेंटेन करके हृदयरोग के खतरे को भी कई गुना तक कम कर सकता है।

गले की खराश से राहत

लहसुन में एंटीइंफ्लेमेटरी गुण होते हैं, जो गले की खराश को दूर करता है।

यात्री वाहनों की थोक बिक्री बढ़कर 4.55 लाख इकाई हुई

नई दिल्ली ।

देश में घरेलू यात्री वाहनों की थोक बिक्री सितंबर में सालाना आधार पर 21.8 प्रतिशत बढ़कर 4,54,574 इकाई हो गई। उद्योग संगठन सियाम ने गुरुवार को यह जानकारी दी। सितंबर 2025 में थोक बिक्री 3,73,347 इकाई रही थी। सियाम के अनुसार दोपहिया वाहनों की थोक बिक्री पिछले महीने 13.5 प्रतिशत बढ़कर 24.63 लाख इकाई हो गई, जबकि सितंबर 2025 में यह 21.70 लाख इकाई थी। वहीं सितंबर में तिपहिया वाहनों की थोक बिक्री 16 प्रतिशत बढ़कर 98,162 इकाई हो गई, जबकि एक साल पहले इसी महीने में यह 84,635 इकाई थी।

सुनील मित्तल ने स्टारलिंक से पहले की वनवेब के लिए मंजूरी की मांग

- भारती चेयरमैन ने वनवेब के 5 साल पुराने आवेदन का हवाला दिया

नई दिल्ली ।

भारती एंटरप्राइजेज के संस्थापक और चेयरमैन सुनील भारती मित्तल ने भारत में सैटेलाइट संचार सेवाओं के लिए यूटेलसैट वनवेब (यूसीएल) को एलन मस्क की स्टारलिंक से पहले मंजूरी देने की जोरदार वकालत की है। उन्होंने तर्क दिया कि वनवेब ने पांच साल पहले आवेदन किया था और उसका जमीनी एवं उपग्रह नेटवर्क तैयार है, इसलिए उसे प्राथमिकता मिलनी चाहिए। यह बयान एलन मस्क द्वारा भारतीय उद्यमियों पर स्टारलिंक के प्रवेश में बाधा डालने के आरोप लगाए जाने के कुछ ही दिन बाद आया है, जिससे भारत के सैटकॉम बाजार में एक नई बहस छिड़ गई है। ब्लूमबर्ग न्यू इकॉनमी फोरम 2026 में एक परिचर्चा के दौरान सुनील भारती मित्तल ने कहा कि वनवेब का जमीनी नेटवर्क पिछले तीन साल से और उपग्रह पिछले पांच साल से भारत के ऊपर मौजूद हैं, बावजूद इसके उन्हें अभी तक ज़रूरी अनुमति नहीं मिली है। उन्होंने उम्मीद जताई कि वनवेब को स्टारलिंक से कुछ दिन पहले ही मंजूरी मिल जाएगी। मित्तल का यह बयान स्पेसएक्स के संस्थापक एलन मस्क द्वारा एक्स पर रिलायंस इंडस्ट्रीज और जियो पर स्टारलिंक के प्रवेश को रोकने का आरोप लगाने के बाद आया है। मस्क ने कामकाज शुरू करने के बावजूद मंजूरी में देरी पर सवाल उठाए थे। स्पेसएक्स में स्टारलिंक बिजनेस ऑपरेशंस की वाइस प्रेसिडेंट लॉरेन ड्रेयर ने 7 अक्टूबर को बताया था कि कंपनी ने भारत में पिछले पांच वर्षों में 20 गेटवे और सैकड़ों एंटीना के साथ अपना परिचालन तैयार कर लिया है और सेवा शुरू करने के लिए पूरी तरह से तैयार है। हालांकि, संचार मंत्रालय ने मस्क के आरोपों को बेबुनियाद और गलतफहमी पर आधारित बताते हुए स्पष्ट किया है कि किसी भी सैटकॉम कंपनी को विशेष प्राथमिकता नहीं दी जा रही है। मंत्रालय ने ज़ोर दिया कि सभी कंपनियों के लिए एक निष्पक्ष और समान प्रक्रिया अपनाई जा रही है। अन्य मुद्दों पर बात करते हुए मित्तल ने आर्टिफिशल इंटेलिजेंस (एआई) के तेज़ी से विकास को देखते हुए इसके नियमन की आवश्यकता पर बल दिया, क्योंकि सरकारें तकनीकी प्रगति के साथ तालमेल नहीं बिठा पा रही हैं।

एआई से भारत की क्षमता बढ़ेगी, जीडीपी में होगा उछाल- ब्लूमबर्ग

जीडीपी में 0.9 फीसदी का इजाफा संभव; 3-5 साल में दिखेंगे बड़े बदलाव

नई दिल्ली ।

ब्लूमबर्ग इकनॉमिक्स के मुख्य अर्थशास्त्री टॉम ओरलिक का मानना है कि आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस (एआई) भारत में नौकरियों को विस्थापित करने के बजाय कार्यबल की क्षमता को बढ़ाएगा। नई दिल्ली में ब्लूमबर्ग न्यू इकॉनमी फोरम में भारतीय नीति-निर्माताओं और आईटी उद्योग प्रतिनिधियों के साथ चर्चा के आधार पर ओरलिक ने कहा कि एआई-संचालित उत्पादकता में वृद्धि से भारत की सालाना सकल घरेलू उत्पाद (जीडीपी) वृद्धि में 0.9 प्रतिशत अंक तक का इजाफा संभव है। इन सकारात्मक प्रभावों से अच्छी आय वृद्धि और बढ़ी हुई खपत अगले तीन से पांच साल में देखी जा सकेगी। ओरलिक ने भारत के बड़े बाजार, युवा कार्यबल और बुनियादी ढांचे में सरकारी निवेश जैसे मजबूत संरचनात्मक लाभों को रेखांकित किया। ओरलिक ने स्पष्ट किया कि एआई यदि लोगों की काम करने की क्षमता बढ़ाता है तो जीडीपी में वृद्धि होगी, लेकिन यदि यह कर्मचारियों की जगह लेता है तो नौकरियां घट सकती हैं। भारत अपनी आईटी कंपनियों की नई तकनीक को कारोबार में शामिल करने की विशेषज्ञता के कारण इस बदलाव के लिए बेहतर स्थिति में है। हालांकि, ईरान युद्ध से बढ़ती तेल कीमतें, अमेरिका में एआई डेटा सेंटरों में पूंजी का प्रवाह, और अल नीनो जैसे कुछ निकट अवधि के जोखिम भी मौजूद हैं।

शेयर बाजार तेजी के साथ बंद

सेंसेक्स 1533 , निफ्टी 374 अंक उछला

मुम्बई ।

भारतीय शेयर बाजार गुरुवार को भारी तेजी के साथ बंद हुआ। बाजार में ये उछाल दुनिया भर के बाजारों से मिले अच्छे संकेतों के साथ ही खरीददारी हावी रहने से आया है। सूचना प्रौद्योगिकी (आईटी), बैंकिंग और इंफ्रास्ट्रक्चर सहित कई प्रमुख क्षेत्रों के शेयरों में आज जोरदार खरीदारी रही। हालांकि, बाजार की इस समग्र उछाल के बावजूद, कई शेयर गिरावट के साथ बंद हुए। दिन भर के कारोबार के बाद 30 शेयरों वाला बीएसई सेंसेक्स 1,533.72 अंक की बढ़त के साथ 74,315.61 के स्तर पर बंद हुआ। वहीं 50 शेयरों वाला नेशनल स्टॉक एक्सचेंज (एनएसई) का निफ्टी 374.65 अंक बढ़कर 22,997.35 के स्तर पर जा पहुंचा। बाजार की इस जोरदार रिकवरी में दिग्गज सेक्टरों ने मुख्य भूमिका निभाई। ऑटो, आईटी, इंफ्रास्ट्रक्चर, ऑयल एंड गैस, प्राइवेट बैंक और रियल्टी इंडेक्स में एक फीसदी से अधिक की बढ़त दर्ज की गई, जिन्होंने सूचकांकों को ऊपर खींचने में अहम योगदान दिया। इन क्षेत्रों में आई खरीदारी ने बाजार के सेंटीमेंट को सकारात्मक बनाए रखा। इसके विपरीत, सभी क्षेत्रों में एक समान उत्साह नहीं दिखा। मीडिया और पीएसयू बैंक इंडेक्स में 1 से 1.5 फीसदी की गिरावट देखने को मिली। वहीं, ब्रॉडर मार्केट का रुख मिला-जुला रहा, जहां निफ्टी मिडकैप इंडेक्स 0.3

फीसदी और स्मॉलकैप इंडेक्स 1.2 फीसदी टूटकर बंद हुए। दिन के कारोबार में, कुल 1,497 शेयर बढ़त के साथ बंद हुए, जबकि 2,536 शेयरों में गिरावट आई और 148 शेयरों में कोई बदलाव नहीं हुआ, जिससे स्पष्ट होता है कि तेजी कुछ चुनिंदा शेयरों तक ही सीमित थी। आज के कारोबार में टेक और बैंकिंग दिग्गजों ने सूचकांक को ऊपर खींचने में सबसे बड़ा योगदान दिया। निफ्टी के प्रमुख चढ़ने वाले शेयरों में टेक महिंद्रा, आईसीआईसीआईसीआई बैंक, भारती एयरटेल, एचसीएल टेक्नोलॉजीज और बीएसई लिमिटेड शामिल थे। दूसरी तरफ, नेस्ले इंडिया, ट्रेंट, अडानी एंटरप्राइजेज, जियो फाइनेंशियल और भारत इलेक्ट्रॉनिक्स जैसे कुछ बड़े नाम बिकवाली के दबाव के चलते लाल निशान में बंद हुए।

रुपया बढ़त पर बंद हुआ

मुंबई ।

अमेरिकी डॉलर के मुकाबले भारती रुपया गुरुवार को 27 पैसे की बढ़त के साथ ही 94.90 पर बंद हुआ। इससे पहले आज सुबह कारोबारी दिन स्पया 31 पैसे मजबूत होकर 94.86 प्रति डॉलर पर पहुंच गया। बाजार के जानकारों के मुतो बिक भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) के विदेशी मुद्रा बाजार में किए जा रहे संरचनात्मक हस्तक्षेप और नकदी सख्त करने के उपायों से घरेलू मुद्रा को समर्थन मिला। अंतरबैंक विदेशी मुद्रा विनिमय बाजार में रुपया 94.95 प्रति डॉलर पर खुला। इसके बाद यह और मजबूत होकर 94.86 प्रति डॉलर पर पहुंच गया जो पिछले बंद भाव के मुकाबले 31 पैसे की बढ़त है। रुपया बुधवार को 19 पैसे मजबूत होकर 95.17 प्रति डॉलर पर बंद हुआ था। इस बीच दुनिया की छह प्रमुख मुद्राओं के मुकाबले अमेरिकी डॉलर की स्थिति को दिखाने वाला डॉलर सूचकांक 0.54 फीसदी की गिरावट के साथ 101.99 पर आ गया।

योगी सरकार का राहत भरा फैसला, अब 52 रुपये में मिलेगी चीनी

नई दिल्ली ।

उत्तर प्रदेश की योगी सरकार ने बढ़ती चीनी की कीमतों से आम जनता को राहत दिलाने के लिए एक अहम कदम उठाया है। सरकार ने अब रियायती दर पर चीनी की बिक्री शुरू की है, जिसके तहत उपभोक्ता खुले बाजार में 65 रुपये प्रति किलोग्राम बिक रही चीनी को मात्र 52 रुपये प्रति किलोग्राम की दर से खरीद सकते हैं। इस पहल की शुरुआत राजधानी लखनऊ से हुई है, जिसे मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के निर्देश पर जल्द ही प्रदेश के अन्य हिस्सों में भी लागू किया जाएगा।

मुख्यमंत्री ने बुधवार को चीनी उद्योग व गन्ना विकास विभाग के अधिकारियों के साथ बैठक कर आमजन को राहत देने का निर्देश दिया था। लखनऊ में उपभोक्ता लाल बहादुर शास्त्री गन्ना किसान संस्थान परिसर में स्थित चीनी निगम व सहकारी चीनी मिल संघ के विक्रय केंद्र से इस सुविधा का लाभ उठा सकते हैं। यहां 1 किलो और 2 किलो के पैकेट क्रमशः 52 और 102 रुपये में उपलब्ध हैं, जबकि 5 किलो का पैकेट 250 रुपये और 50 किलो का पैकेट 2500 रुपये में मिलेगा। सहकारी चीनी मिल संपूर्णानगर की चीनी थोड़ी सस्ती है, जहां 1 किलो 51 रुपये में उपलब्ध है। यह बिक्री प्रत्येक कार्यदिवस में सुबह 10 बजे से शाम 5 बजे तक चलेगी। गन्ना विकास विभाग के अधिकारियों ने बताया कि त्योहारों और नई चीनी की आवक में देरी के कारण दामों में तेजी बरकरार रहने की आशंका को देखते हुए यह बिक्री कुछ दिनों तक जारी रहेगी। गौरतलब है कि इससे पहले प्याज के दामों में तेजी आने पर भी सरकार ने मोबाइल वैन के जरिए 30 रुपये प्रति किलो प्याज बेचकर जनता को राहत दी थी।

प्रत्यक्ष कर संग्रह में बंपर उछाल, 13.38 लाख करोड़ के पार पहुंचा राजस्व

14 अक्टूबर तक के आंकड़ों में कॉरपोरेट और गैर-कॉरपोरेट टैक्स में भी मजबूत बढ़त

नई दिल्ली ।

भारत के प्रत्यक्ष कर संग्रह ने चालू वित्त वर्ष (2026-27) में 14 अक्टूबर तक 13.38 लाख करोड़ रुपये का आंकड़ा पार कर लिया है, जो पिछले वर्ष की समान अवधि के मुकाबले 13.21 फीसदी की प्रभावशाली वृद्धि दर्शाता है।

आयकर विभाग द्वारा जारी आंकड़ों के अनुसार, यह वृद्धि देश की आर्थिक गतिविधियों में तेजी और बेहतर कर अनुपालन का स्पष्ट संकेत है। आयकर विभाग के नवीनतम आंकड़ों के मुताबिक 14 अक्टूबर तक कुल प्रत्यक्ष कर संग्रह 13,37,866.98 करोड़ रुपए दर्ज किया गया। पिछले वित्त वर्ष की इसी अवधि में यह 11,81,786.98 करोड़ रुपए था। इस दौरान सकल प्रत्यक्ष कर संग्रह भी 14.89 फीसदी बढ़कर 16,03,066.12 करोड़ रुपए हो गया, जो एक साल पहले 13,95,278.39 करोड़ रुपए था। हालांकि, टैक्स रिफंड में भी उल्लेखनीय वृद्धि दर्ज की गई है। इस अवधि में रिफंड 24.22 फीसदी बढ़कर 2,65,199.14 करोड़ रुपए पर पहुंच गया, जबकि पिछले साल यह 2,13,491.41 करोड़ रुपए था। रिफंड में इस तेज बढ़ोतरी के बावजूद प्रत्यक्ष कर संग्रह में दोहरे अंकों की मजबूत वृद्धि बरकरार रही। कॉरपोरेट टैक्स संग्रह में भी बेहतरीन प्रदर्शन देखने को मिला है।

14 अक्टूबर तक शुद्ध कॉरपोरेट टैक्स संग्रह 5,99,062.48 करोड़ रुपए रहा, जबकि पिछले वर्ष की समान

अवधि में यह 4,96,798.62 करोड़ रुपए था। इसी तरह, गैर-कॉरपोरेट टैक्स (जिसमें व्यक्तियों, एचयूएफ और फर्मों द्वारा जमा किया गया कर शामिल है) का शुद्ध संग्रह बढ़कर 6,91,965.71 करोड़ रुपए हो गया, जो पिछले वर्ष 6,53,804.16 करोड़ रुपए था।

शेयर बाजार में लेनदेन पर लगने वाले सिक्योरिटीज ट्रांजैक्शन टैक्स (एसटीटी) में भी शानदार उछाल आया है। एसटीटी संग्रह बढ़कर 46,840.43 करोड़ रुपए हो गया, जबकि पिछले वित्त वर्ष की समान अवधि में यह 30,901.81 करोड़ रुपए था। यह दर्शाता है कि अर्थव्यवस्था के सभी प्रमुख क्षेत्रों से राजस्व संग्रह में सकारात्मक वृद्धि जारी है।

अनजान कॉल पर दिखेगा असली नाम, सरकार ने कॉलर आईडी अनिवार्य की

- 1 नवंबर 2026 से लागू होगा सीएनएपी

नई दिल्ली । अगर आप भी अनजान नंबरों और फर्जी कॉल्स से परेशान हैं, तो आपके लिए एक बड़ी राहत भरी खबर है। भारत सरकार ने यूज़र्स के लिए कॉलर नेम प्रेजेंटेशन (सीएनएपी) सिस्टम को अनिवार्य कर दिया है। इसके तहत, 1 नवंबर से आपके फोन पर अनजान नंबर से आने वाली कॉल के साथ-साथ कॉलर का सत्यापित नाम भी दिखाई देगा, जिससे धोखाधड़ी पर लगाम लगाने में मदद मिलेगी। दूरसंचार विभागने टेलीकॉम सर्विस प्रोवाइडर्स को 1 नवंबर तक सीएनएपी लागू करने का निर्देश दिया है। यह भारत का एक वेरिफाइड कॉलर आइडेंटिफिकेशन सिस्टम है, जो कॉल करने वाले का नंबर और नाम दिखाएगा। विभाग के आदेश के अनुसार, 4जी और उससे अगली पीढ़ी के मोबाइल नेटवर्क (जैसे 5जी) पर सभी यूज़र्स के लिए सीएनएपी डिफ़ॉल्ट रूप से इनेबल रहेगा। जब आपको कोई कॉल आएगी, तो स्क्रीन पर सबसे पहले कॉल करने वाले का नंबर दिखेगा। अगर नंबर आपके कॉन्टैक्ट्स में सेव नहीं है, तो घरेलू कॉल के मामले में कॉल करने वाले का वह नाम दिखाया जाएगा जो टेलीकॉम ऑपरेटर के सब्सक्राइबर डेटाबेस में दर्ज है। अंतर्राष्ट्रीय कॉल के मामले में स्क्रीन पर इंटरनेशनल कॉल लिखा हुआ दिखाई देगा। प्रत्येक टेलीकॉम सर्विस प्रोवाइडर को सब्सक्राइबर्स के नाम और नंबरों वाला एक डेटाबेस बनाना, चलाना और मेंटेन करना होगा। कॉल प्राप्त करने वाला ऑपरेटर इस डेटाबेस से नाम प्राप्त कर यूजर को दिखाएगा। ऑपरेटर्स को सिक्योरिटी-बाय-डिजाइन दृष्टिकोण का पालन करना होगा, जिसके तहत इनकमिंग कॉल खत्म होने के बाद कॉलर का नाम सेव करके नहीं रखा जा सकेगा। जिन यूजर्स ने कॉलिंग लाइन आइडेंटिफिकेशन रिस्ट्रिक्शन (सीएलआईआर) सुविधा ले रखी है, उनका नाम नहीं दिखाया जाएगा।

पारस हेल्थकेयर का आईपीओ 21 को खुलेगा

- मूल्य दायरा 660-693 रुपये प्रति शेयर तय

नई दिल्ली ।

पारस हेल्थ ब्रांड के तहत अस्पतालों का संचालन करने वाली पारस हेल्थकेयर लिमिटेड 21 अक्टूबर को अपना 1,450 करोड़ रुपये का आरंभिक सार्वजनिक निर्गम (आईपीओ) लाएगी। इसके लिए मूल्य दायरा 660-693 रुपये प्रति शेयर तय किया गया है। गुरुवार को जारी सार्वजनिक घोषणा के अनुसार तीन दिन का यह सार्वजनिक निर्गम 23 अक्टूबर को बंद होगा, जबकि बड़े (एंकर) निवेशक 19 अक्टूबर को बोली लगा पाएंगे। प्रस्तावित आईपीओ 500 करोड़ रुपये के नए शेयर और 950 करोड़ रुपये की बिक्री पेशकश (ओएफएस) का मिश्रण होगा। गुरुग्राम स्थित कंपनी ने पहले प्रस्तावित 1,800 करोड़ रुपये के मुकाबले निर्गम का आकार घटा दिया है। पारस हेल्थकेयर नए शेयर से जुटाई गई राशि का इस्तेमाल कर्ज चुकाने के लिए करेगी। कंपनी पारस हेल्थ ब्रांड के तहत आठ अस्पतालों का संचालन करती है। इसकी मौजूदगी पांच राज्यों और एक केंद्र शासित प्रदेश में है। कंपनी का शेयर 28 अक्टूबर को बाजार में सूचीबद्ध करने का प्रस्ताव है।

बोट का श्रीलंका और भूटान में विस्तार, अंतर्राष्ट्रीय राजस्व दो गुना से अधिक बढ़ा

नई दिल्ली ।

प्रमुख ऑडियो और वियरेबल ब्रांड बोट ने श्रीलंका और भूटान में अपने कारोबार का विस्तार किया है। इस रणनीतिक कदम से कंपनी का अंतरराष्ट्रीय राजस्व वित्त वर्ष 2025-26 में दो गुना से अधिक हो गया है, जो व्यक्तिगत ऑडियो उत्पादों, स्मार्टवॉच और चार्जिंग समाधानों के साथ इन नए बाजारों में उसकी मजबूत पैठ को दर्शाता है। कंपनी ने एक बयान में कहा कि वह स्थानीय उपभोक्ताओं की पसंद, संबंधित उत्पाद श्रेणियों में अवसरों और बाजार की प्रतिक्रिया के आधार पर इन देशों में अपने उत्पादों का क्रमिक विस्तार करेगी। बोट के एक वे रिष्ठ अे धिकारी ने कहा कि अंतरराष्ट्रीय विस्तार का अर्थ हर बाजार में अलग तरीके से अपनी मौजूदगी बनाना, स्थानीय उपभोक्ताओं को समझना और उत्पादों को उनकी जरूरतों के अनुरूप ढालना है। यह विस्तार दक्षिण-पूर्व एशिया और खाड़ी

सहयोग परिषद (जीसीसी) क्षेत्र में बोट की अंतरराष्ट्रीय उपस्थिति को और मजबूत करता है। बोट ने वित्त वर्ष 2025-26 में अपने वियरेबल उपकरणों का कारोबार मुनाफे में आ गया। चार्जिंग समाधानों सहित नई उत्पाद श्रेणियों ने मुख्य ऑडियो कारोबार से आगे भी मुनाफे के बढ़ते अवसरों में योगदान दिया।

आईडीबीआई बैंक की 60.72 फीसदी हिस्सेदारी बिक्री को हरी झंडी

- कनाडा इंक बनेगा रणनीतिक खरीदार, सरकार व एलआईसी बेचेंगे 52,878 करोड़ में अपनी हिस्सेदारी

नई दिल्ली ।

आईडीबीआई बैंक के शेयरों में गुरुवार को 5 प्रतिशत से अधिक की गिरावट दर्ज की गई, क्योंकि सरकार और भारतीय जीवन बीमा निगम (एलआईसी) द्वारा बैंक में अपनी कुल 60.72 फीसदी रणनीतिक हिस्सेदारी बेचने को मंजूरी मिल गई है। फेयरफैक्स फाइनेंशियल होल्डिंग्स के समर्थन वाली कनाडा इंक को बैंक के रणनीतिक खरीदार के रूप में चुना गया है।

इस खबर के बीच आईडीबीआई बैंक का शेयर 5 फीसदी से ज्यादा लुढ़ककर 86 रुपए के नीचे आ गया। सुबह 85.90 रुपए पर कारोबार करते हुए शेयर में 5.02 फीसदी की कमजोरी दर्ज की गई। इस सौदे के तहत, केंद्र सरकार अपनी 30.48 फीसदी और एलआईसी अपनी 30.24 फीसदी हिस्सेदारी बेचेगी, जिससे कुल 52,878 करोड़ रुपए जुटेंगे। कनाडा इंक प्रति शेयर 81 रुपए के भाव पर ये हिस्सेदारी खरीदेगी।

सौदे के बाद, सरकार के पास आईडीबीआई बैंक में 15 फीसदी और एलआईसी के पास 19 फीसदी हिस्सेदारी बनी रहेगी। वित्त मंत्रालय ने पुष्टि की कि प्रतिस्पर्धी बोली प्रक्रिया के बाद, दो मूल्यांकन एजेंसियों द्वारा आंके गए औसत 75.99 रुपए के उचित मूल्य से अधिक, 81 रुपए प्रति शेयर की सर्वोच्च बोली को स्वीकार किया गया।

सफल बोलीदाता को अब आरबीआई के सामने अपनी योग्यता का प्रमाण प्रस्तुत करना होगा।

मंत्रालय ने इस सौदे को भारतीय अर्थव्यवस्था के वित्तीय क्षेत्र में अब तक का सबसे बड़ा प्रत्यक्ष विदेशी निवेश बताया है।

जियो का 30,213 करोड़ का आईपीओ 21 अक्टूबर से

बाजार में भारी तेजी की उम्मीद

**रिलायंस का सबसे बड़ा सार्वजनिक निर्गम,
विदेशी निवेशकों की भी नजर;**

नई दिल्ली ।

रिलायंस इंडस्ट्रीज की डिजिटल और दूरसंचार इकाई जियो प्लेटफॉर्म्स का बहुप्रतीक्षित आईपीओ 21 अक्टूबर से निवेश के लिए खुलने जा रहा है। कंपनी का लक्ष्य इस निर्गम के जरिए 30,213 करोड़ रुपये जुटाना है। यह देश का अभी तक का सबसे बडा आईपीओ है। कंपनी ने प्रति शेयर 1,065 से 1,119 रुपये का मूल्य दायरा तय किया है, 28 अक्टूबर को शेयर बाजार में इस शेयर की लिस्टिंग संभावित है। जियो के आईपीओ को लेकर शेयर बाजार में उत्साह का माहौल है। रिलायंस समूह की बाजार में मजबूत स्थिति, डिजिटल कारोबार का विस्तार और विदेशी निवेशकों की भागीदारी इसे खास बना रही है। मेटा और गूगल जैसी वैश्विक कंपनियों की जियो में हिस्सेदारी पहले से ही निवेशकों के आकर्षण का प्रमुख कारण है। कंपनी को उम्मीद है, श्चआईपीओ से प्राप्त पूंजी का उपयोग कारोबार विस्तार और वित्तीय स्थिति मजबूत करने में किया जायेगा।आईपीओ से पहले बाजार में तेजी की उम्मीदें बढ़ गई हैं। गुरुवार को शेयर बाजार खोलते ही मुंबई स्टाक एक्सचेंज में 1300 अंक और निफ्टी में 350 अंक से ज्यादा की तेजी देखने को मिली. निवेशकों के बीच चर्चा है, जियो की लिस्टिंग तक बाजार में तेजी का माहौल बना रहेगा। हालांकि, किसी बड़े आईपीओ का आना अपने आप में पूरे बाजार में तेजी की गारंटी नहीं है। पूर्व के इतिहास को देखें तो जब भी रिलायंस समूह का कोई भी शेयर आता है.उस समय बाजार में तेजी देखने को मिलती है. रिलायंस समूह शेयर बाजार का सबसे बड़ा खिलाड़ी है.निर्गम के प्रति निवेशकों की प्रतिक्रिया, विदेशी संस्थागत निवेशकों का रुख, वैश्विक आर्थिक परिस्थितियां और कंपनियों के वित्तीय नतीजे आने वाले समय में बाजार की दिशा तय करेंगे। रिलायंस समूह से जुड़े बड़े निर्गमों के दौरान निवेशकों का ध्यान संबंधित शेयरों और बाजार की गतिविधियों पर बढ़ जाता है। ऐसे में जियो का शेयर आईपीओ तथा शेयर बाजार को नई गति दे सकता है।

तीन फंड हाउसों ने छह स्कीमों में आईडीसीडब्ल्यू की घोषणा की

पीजीआईएम, सुंदरम, फ्रैंकलिन टेंपलटन की योजनाओं में भुगतान, 16 अक्टूबर तय रिकॉर्ड डेट

नई दिल्ली ।

म्यूचुअल फंड निवेशकों के लिए खबर है कि तीन प्रमुख फंड हाउसेस - पीजीआईएम इंडिया, सुंदरम और फ्रैंकलिन टेंपलटन, ने अपनी कुल छह चुनिंदा योजनाओं में इनकम डिस्ट्रीब्यूशन कम कैपिटल विड्रॉल (आईडीसीडब्ल्यू) की घोषणा की है। इन भुगतानों के लिए 16 अक्टूबर को रिकॉर्ड तारीख तय की गई है। आईडीसीडब्ल्यू, जिसे पहले लाभांश या डिविडेंड कहा जाता था, निवेशकों को फंड से समय-समय पर भुगतान की सुविधा देता है। सेबी ने अप्रैल 2021 में इसका नाम आईडीसीडब्ल्यू किया, ताकि स्पष्ट हो कि भुगतान में पूंजी का हिस्सा भी हो सकता है, सिर्फ कमाई नहीं। विभिन्न योजनाओं के रेगुलर और डायरेक्ट प्लान के लिए प्रति यूनिट घोषित रकम अलग-अलग है। उदाहरण के लिए, सुंदरम अग्रेसिव हाइब्रिड फंड के रेगुलर प्लान में 0.210 रुपये और डायरेक्ट प्लान में 0.330 रुपये प्रति यूनिट मिलेंगे। यदि किसी निवेशक के पास इस फंड की 10,000 यूनिट हैं, तो उन्हें 2,100 रुपये (21 पैसे प्रति यूनिट) मिलेंगे। फ्रैंकलिन इंडिया कंजर्वेटिव हाइब्रिड फंड के डायरेक्ट प्लान में 0.100 रुपये प्रति यूनिट मिलेगा। यह ध्यान रखना जरूरी है कि घोषित सभी रकम कर कटौती से पहले की हैं, और वास्तविक भुगतान लागू कर नियमों पर निर्भर करेगा। रिकॉर्ड डेट 16 अक्टूबर निर्धारित है, जो यह तय करती है कि कौन से निवेशक आईडीसीडब्ल्यू के हकदार होंगे।

इतिहास रचने के करीब मंधाना

133 रन बनाते ही बनाएंगी कीर्तिमान

रायपुर, एजेंसी। भारतीय महिला टीम की नवनियुक्त कप्तान स्मृति मंधाना जिम्बाब्वे के खिलाफ सीरीज के दौरान इतिहास रच सकती हैं। मंधाना इस टी20 सीरीज से कप्तान के तौर पर नई जिम्मेदारी शुरू करेंगी, लेकिन इस दौरान उनके पास बड़ा कीर्तिमान बनाने का भी मौका होगा। भारतीय सलामी बल्लेबाज मंधाना टी20 क्रिकेट में पांच हजार रन पूरे करने से महज 133 रन दूर हैं। यह ऐसी उपलब्धि होगी जिसे महिला क्रिकेट में अब तक कोई हासिल नहीं कर सका है। भारत और जिम्बाब्वे के बीच तीन मैचों की टी20 सीरीज शुक्रवार से शुरू होगी। यह पहला अवसर है जब भारत और जिम्बाब्वे की महिला टीम द्विपक्षीय सीरीज में एक-दूसरे का सामना करेंगी। यह सीरीज जिम्बाब्वे के लिए महत्वपूर्ण साबित होगी। उसकी टीम ने हाल में वेस्टइंडीज को वनडे मैच में हराया था जिससे वह आत्मविश्वास से भरी हुई है। टीम की कप्तानी जोसेफिन नकोमो करेंगी। टी20 मैचों के बाद दोनों टीमें वडोदरा में तीन वनडे मैच खेलेंगी। दोनों टीमों के बीच तीन टी20 मुकाबले 16, 18 और 20 अक्तूबर को रायपुर में खेले जाएंगे। इसके बाद 23, 25 और 28 अक्तूबर को वडोदरा में तीन वनडे मैच खेले जाएंगे।

कैसा रहा है मंधाना का टी20 करियर

साल 2013 में अपने अंतरराष्ट्रीय डेब्यू के बाद से मंधाना ने 179 टी20 अंतरराष्ट्रीय मैचों में 31 की औसत और 127.47 के स्ट्राइक रेट से 4,867 रन बनाए हैं, जिसमें दो शतक और 37 अर्धशतक शामिल हैं। जिम्बाब्वे के खिलाफ तीन मैचों की इस सीरीज के दौरान बाएं हाथ की इस बल्लेबाज के पास इस ऐतिहासिक मुकाम को हासिल करने का बेहतरीन मौका होगा। जिम्बाब्वे के खिलाफ भारत को मजबूत शुरुआत दिलाने में शीर्ष क्रम पर मंधाना की निरंतरता बेहद अहम होगी। मंधाना ने हरमनप्रीत कौर से कमान संभाली है, जिन्होंने इस महीने की शुरुआत में आची-नागोया एशियाई खेलों में भारत को सफलतापूर्वक स्वर्ण पदक जिताने के बाद कप्तानी छोड़ दी थी। नई कप्तान अपने साथ रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु का नेतृत्व करने का अनुभव लेकर आ रही हैं, जिन्हें उन्होंने दो महिला प्रीमियर लीग के खिताब जिताए हैं। भले ही यह भारत की पूर्णकालिक कप्तान के तौर पर मंधाना पहली सीरीज होगी, लेकिन वह इससे पहले अंतरिम तौर पर भी राष्ट्रीय टीम की कमान संभाल चुकी हैं।

248 रन भी नहीं बना पाए भारतीय बल्लेबाज! गावस्कर ने बताई टीम इंडिया की कमजोरी

नई दिल्ली, एजेंसी। हैदराबाद में वेस्टइंडीज के खिलाफ चौथे टी20 अंतरराष्ट्रीय मैच में 24 रन से मिली हार के बाद भारतीय टीम की बल्लेबाजी पर सवाल उठने लगे हैं। पूर्व कप्तान सुनील गावस्कर का मानना है कि भारतीय बल्लेबाजों को लक्ष्य का पीछा करते समय अधिक जिम्मेदारी निभानी होगी। संजू सैमसन की शानदार शुरुआत के बावजूद भारतीय टीम 248 रन के लक्ष्य तक नहीं पहुंच सकी। गावस्कर ने अभिषेक शर्मा, ईशान किशन और श्रेयस अय्यर के प्रदर्शन पर भी अपनी राय रखी।

गावस्कर के अनुसार, भारतीय टीम को सबसे पहले लक्ष्य का पीछा करने के अपने तरीके में सुधार करना होगा। उन्होंने कहा कि बल्लेबाजों को जिम्मेदारी लेकर खेलना होगा, तभी टीम को सफलता मिल सकती है। गावस्कर ने जियोस्टार से कहा, 'भारतीय टीम को सबसे पहले लक्ष्य का पीछा करने के अपने तरीके में सुधार करना होगा। भारतीय बल्लेबाजों को अधिक जिम्मेदारी लेनी होगी। अगर बल्लेबाज जिम्मेदारी नहीं निभाएंगे तो भारतीय टीम को सफलता नहीं मिलेगी।'

उन्होंने लगातार दो टी20 विश्व कप जीतने वाली भारतीय टीम से उसी अंदाज में दबदबा बनाने की उम्मीद जताई। गावस्कर ने कहा, 'भारतीय बल्लेबाजों को इस तरह से दबदबा बनाना होगा जैसा कि लगातार दो टी20 विश्व कप जीतने वाली टीम को करना चाहिए लेकिन इस मैच में इसकी जरा सी भी झलक देखने को नहीं मिली।'भारतीय टीम को संजू सैमसन ने तेज अर्धशतक लगाकर अच्छी शुरुआत दिलाई थी। उन्होंने 56 रन बनाए, लेकिन दूसरे छोर से बल्लेबाज इस शुरुआत का फायदा नहीं उठा सके। गावस्कर ने इसी बात पर निराशा जताई। उन्होंने कहा, 'संजू ने भारत को शानदार शुरुआत दी, लेकिन बाकी बल्लेबाज इसका बिल्कुल भी फायदा नहीं उठा पाए। अभिषेक शर्मा ने खराब पारी खेली। उनके स्तर के हिसाब से यह स्वीकार्य नहीं है। ईशान किशन भी कीमो पॉल के जाल में पूरी तरह फंस गए। श्रेयस अय्यर शतक बनाने के बाद लय बरकरार नहीं रख पाए हैं।' गावस्कर की इस टिप्पणी से साफ है कि उनके अनुसार, बड़े लक्ष्य का पीछा करते समय सिर्फ एक या दो बल्लेबाजों का योगदान पर्याप्त नहीं है। शीर्ष क्रम के सभी बल्लेबाजों को अपनी भूमिका निभानी होगी।

वेस्टइंडीज ने पहले बल्लेबाजी करते हुए तीन विकेट पर 247 रन बनाए। हालांकि, गावस्कर ने भारतीय गेंदबाजों को पूरी तरह जिम्मेदार ठहराने से परहेज किया। उनका मानना है कि टीम के गेंदबाज अभी अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट में अनुभव हासिल कर रहे हैं और इस तरह के मुकाबलों से उन्हें सीखने का मौका मिलेगा। गावस्कर ने कहा, 'मैं जानता हूं कि गेंदबाजी खराब रही है, लेकिन ये गेंदबाज अनुभवी नहीं हैं। वे अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट में नए हैं और उन्हें इसी तरह से सीख मिलेगी।'

अर्शदीप हुए चोटिल

वेस्टइंडीज के खिलाफ चौथे टी20 मुकाबले में बाएं हाथ के तेज गेंदबाज अर्शदीप सिंह चोटिल हो गए थे। अर्शदीप के कंधे पर गेंद लगी थी और वह बल्लेबाजी भी जारी नहीं रख सके थे। अब विकेटकीपर बल्लेबाज संजू सैमसन ने उनकी फिटनेस पर अपडेट दिया है। पांच मैचों की सीरीज अभी 2-2 से बराबरी पर है और बंगलूरू में होने वाले सीरीज के निर्णायक मुकाबले के लिए सैमसन ने कहा है कि भारतीय टीम पूरी तरह से जोश से भरी हुई है। साथ ही उन्होंने उम्मीद जताई कि अर्शदीप समय पर फिट हो जाएंगे बुधवार को भारत की पारी के आखिरी ओवर में शमार जोसेफ की एक तेज शॉर्ट-पिच गेंद सीधे अर्शदीप के कंधे पर आ लगी। इस जोरदार प्रहार से बाएं हाथ के तेज गेंदबाज को काफी दर्द हुआ, जिसके बाद फिजियो को तुरंत मैदान पर आकर उनकी स्थिति की जांच करनी पड़ी। भारत को अंतिम ओवर में जीत के लिए आखिरी विकेट शेष रहते 35 रनों की दरकार थी। इस ओवर में जोसेफ ने अर्शदीप के खिलाफ बाउंसरों की झड़ी लगा दी। इनमें से एक गेंद उनके बाएं कंधे पर जा लगी। कई लोगों का मानना था कि जोसेफ का यह रवैया खेल भावना के विपरीत था, क्योंकि अर्शदीप के लिए उन रनों को बना पाना नामुमकिन था।

शाई होप भारत के लिए बन रहे हैं परेशानी

वेस्टइंडीज के कप्तान शाई होप ने चौथे टी20 में सीरीज का अपना दूसरा शतक लगाया और टीम की जीत की नींव रखी। भारत के पूर्व बल्लेबाज चेतेश्वर पुजारा ने भी उनकी बल्लेबाजी की तारीफ की। पुजारा के अनुसार, होप जोखिम कम लेते हुए तेजी से रन बनाने में सफल रहे हैं। पुजारा ने कहा, 'सीमित ओवरों की इस सीरीज में होप भारत के लिए बड़ा सरदर्द रहे हैं। उनकी विशेषता यह है कि वह अपने स्वाभाविक खेल पर भरोसा करते हैं और मौके का फायदा उठाते हैं। यही कारण है कि वे ज्यादा जोखिम उठाए बिना इतनी तेजी से रन बनाते हैं।' भारत के लिए अब चुनौती अपनी बल्लेबाजी की गलतियों को सुधारने और होप जैसे फॉर्म में चल रहे बल्लेबाजों के खिलाफ बेहतर रणनीति बनाने की होगी।

संक्षिप्त समाचार

फीफा-ई फाइनल्स टला, सऊदी अरब पर हमला बना वजह

नई दिल्ली । फीफा और सऊदी ईस्पोर्ट्स फेडरेशन ने फीफा-ई फाइनल्स 2026 को टाल दिया है। इवेंट 16 से 25 अक्टूबर तक जेद्दा में होने वाला था। यह फैसला हाल ही में रियाद के इंटरनेशनल एयरपोर्ट पर हुए हमले के बाद लिया गया है। 10 अक्टूबर को सऊदी अरब की राजधानी रियाद में किंग खालिद इंटरनेशनल एयरपोर्ट को निशाना बनाकर किए गए हमले में 12 लोग मारे गए और 309 घायल हो गए। यमन के ईरान से जुड़े हूती मूवमेंट ने रियाद एयरपोर्ट पर हुए हमले की जिम्मेदारी ली, जिसे एक दशक से ज्यादा समय में देश का सबसे खतरनाक हमला माना जा रहा है। इवेंट के आयोजक ने एक बयान में कहा, 'यह फैसला इलाके में हाल के डेवलपमेंट और टूर्नामेंट को कराने के लिए जरूरी लॉजिस्टिक इंतजामों पर उनके असर की जांच के बाद लिया गया है।'इसमें कहा गया है कि फीफा-ई फाइनल्स के बारे में आगे की घोषणाएं सही समय पर की जाएंगी। बयान में कहा गया, 'फीफा ने सऊदी अरब और सऊदी ईस्पोर्ट्स फेडरेशन के फीफा-ई फाइनल्स 2026 की तैयारियों में दिए गए सपोर्ट और सहयोग की तारीफ की, जो सऊदी अरब ने टूर्नामेंट के पिछले एडिशन की सफल मेजबानी के आधार पर किया है।'

ऑस्ट्रेलिया बनाम दक्षिण अफ्रीका: ग्रीन के दूसरे टेस्ट में खेलने पर संशय

जोहानिसबर्ग। दक्षिण अफ्रीका और ऑस्ट्रेलिया के बीच दूसरा टेस्ट 18 अक्तूबर से शुरू हो रहा है। पहला टेस्ट जीतकर सीरीज में आगे चल रही ऑस्ट्रेलिया की दूसरे टेस्ट से पहले मुश्किलें बढ़ गई है। ऑलराउंडर कैमरन ग्रीन का चोट की वजह से दूसरे टेस्ट में खेलने पर संशय बरकरार है। डरबन टेस्ट में जीत के बाद कोच मैकडोनाल्ड ने ग्रीन की स्थिति पर अपडेट दिया। ऑस्ट्रेलिया के हेड कोच एंड्रयू मैकडोनाल्ड पहले ही स्पष्ट कर चुके हैं कि ग्रीन बल्लेबाज के तौर पर बेशक फिट हो जाएं, लेकिन इस सीरीज में उनके गेंदबाजी करने की संभावना बेहद कम है। उन्होंने कहा, ग्रीन अच्छी प्रोग्रेस कर रहे हैं। अगले तीन-चार दिनों में उन्हें कुछ टेस्ट से गुजरना है। सॉफ्ट टिश्यू इंजरी है, इसलिए इसमें तेजी से सुधार भी हो सकता है। जोश ने इस टेस्ट के दौरान लंच टाइम में नेट्स के पीछे कुछ शॉट्स खेले और वह ठीक रहा। अब यह देखना है कि स्प्लिंट के साथ उसे कितना आराम है। गकेबरहा में उनके सेशन होंगे, तब हमें ज्यादा जानकारी मिलेगी। अगर ग्रीन गकेबरहा या केप टाउन टेस्ट के लिए उपलब्ध होते हैं तो ऑस्ट्रेलिया के सामने मध्य क्रम का संयोजन तलाशने की चुनौती होगी। इसका असर ब्यू वेबस्टर पर पड़ सकता है, जिन्हें अपनी जगह बचाने के लिए संघर्ष करना पड़ सकता है। मालूम हो कि अगस्त में बांग्लादेश के खिलाफ सीरीज में ग्रीन ऑस्ट्रेलिया के सबसे सफल बल्लेबाज थे। ग्रीन की चोट के कारण ही डरबन में ऑस्ट्रेलिया को बैटिंग ऑर्डर में बदलाव करना पड़ा था। मैट रेनशॉ को नंबर 5 पर भेजा गया और निक मैडिनसन को ट्रेविस हेड के साथ ओपनिंग कराई गई, जिसका फैसला कप्तान पैट कमिंस ने लिया था।

विश्वजीत ने जीता सिल्वर मेडल

लास वेगास । भारतीय पहलवान विश्वजीत रामचंद्र मोरे ने गुरुवार को अंडर-23 वर्ल्ड चैंपियनशिप में ग्रीको-रोमन कैटेगरी में भारत के लिए पहला सिल्वर मेडल जीता। अंडर-23 वर्ल्ड लेवल पर दो बार ब्रॉन्ज मेडल जीत चुके मोरे पुरुषों के 55 किलोग्राम ग्रीको-रोमन फाइनल के आखिरी पलों में जॉर्जिया के कोबा कारुमिद्जे से 12-13 से हार गए। मोरे अंडर-23 वर्ल्ड चैंपियनशिप में दो मेडल जीतने वाले भारत के एकमात्र ग्रीको-रोमन पहलवान हैं। वह मंगलवार को अंडर-23 वर्ल्ड चैंपियनशिप में फाइनल तक पहुंचने वाले भारत के पहले ग्रीको-रोमन पहलवान भी बने थे। उन्होंने तीन कड़े मुकाबलों में शानदार प्रदर्शन किया। उन्होंने मेक्सिको के इसाक मारिन माटा को 10-8 से हराकर अपने अभियान की शुरुआत की, जिससे क्वार्टर फाइनल में उनका मुकाबला ईरान के अंडर-20 वर्ल्ड चैंपियन आर्मिन शमसीपौर से हुआ। शमसीपौर के कंधे में चोट लग गई थी, और मोरे ने एक 'फोर-पॉइंटर थ्रो' (चार अंक दिलाने वाला दांव) का इस्तेमाल करते हुए उन्हें 8-1 से हरा दिया। रूस के मलिक गिगिएव के खिलाफ सेमीफाइनल भी काफी रोमांचक रहा, जिसमें दोनों पहलवानों को 'चैलेंज' (रेफरी के फैसले को चुनौती देने का मौका) का फायदा मिला। अंत में मोरे ने 6-4 से जीत दर्ज की। मोरे फाइनल में इस लक्ष्य के साथ उतरे थे कि वह अंडर-23 वर्ल्ड चैंपियनशिप की ग्रीको-रोमन स्पर्धा में गोल्ड मेडल जीतने वाले पहले भारतीय पहलवान बनेंगे। हालांकि, वह फाइनल में जॉर्जिया के पहलवान से हार गए और उनका गोल्ड जीतने का सपना पूरा नहीं हो सका। जॉर्जियाई पहलवान ने भी फाइनल में जगह बनाने के लिए सेमीफाइनल में किर्गिस्तान के बार्सबेक असनकोझोएव को कड़े मुकाबले में हराया था। हालांकि, इससे पहले भारत के अभियान को एक प्रशासनिक बाधा का सामना करना पड़ा था। अंडर-23 वर्ल्ड रेसलिंग चैंपियनशिप (लास वेगास) के लिए भारत के नौ पहलवानों (ग्रीको-रोमन और महिला कुश्ती कैटेगरी से) को वीजा नहीं मिला, क्योंकि वे 20 साल से कम उम्र के थे और उनके पास कोई फुल-टाइम नौकरी नहीं थी।

बिग बैश में फिर साथ खेलेंग रिशाद और जम्पा

नई दिल्ली ।होबार्ट हरिकेंस ने बिग बैश लीग 16 के लिए बांग्लादेश के लेग-स्पिनर रिशाद हुसैन को टीम के साथ बरकरार रखते हुए अपनी स्पिन गेंदबाजी को मजबूत किया है।टीम उन्हें ऑस्ट्रेलियाई एडम जम्पा के साथ इस्तेमाल करने की तैयारी कर रही है।हुसैन को दोबारा साइन करने से मौजूदा टीम को नए सीजन में एक मजबूत स्पिन कॉम्बिनेशन मिल गया है।24 साल के इस खिलाड़ी ने बिग बैश लीग के अपने पहले सीजन में अच्छा प्रदर्शन किया था।होबार्ट के लिए, जम्पा को शामिल करने के बावजूद हुसैन को वापस लाना एक प्राथमिकता थी।हरिकेन्स के जनरल मैनेजर-हाई परफॉर्मेंस सैलियन बीम्स ने कहा कि फ्रेंचाइजी में लौटने के लिए स्पिनर के उत्साह ने एग्रीमेंट को आसान बनाया। उन्होंने कहा, 'रिशाद ने हमें यह बिल्कुल साफ कर दिया था कि उन्हें पिछले सीजन में होबार्ट में बिताया गया समय बहुत पसंद आया और वे वापस आना चाहते थे।यह निश्चित रूप से हमारे लिए बहुत मायने रखता था।एडम जम्पा के शामिल होने से हमारी लिस्ट थोड़ी अलग हो गई थी, लेकिन जब रिशाद जैसी क्वालिटी का खिलाड़ी हरिकेन्स में लौटने के लिए इतना पक्का इरादा रखता है, तो हम ऐसा करने के हर मौके का फायदा उठाना चाहते थे।'

मारेस्का बोले-हार से सबक लेगी मैनचेस्टर सिटी

मैनचेस्टर ।एंजो मारेस्का का कहना है कि यूईएफए चैंपियंस लीग में बुधवार को एतिहाद स्टेडियम में पेरिस सेंट-जर्मेन (पीएसजी) से मिली 4-2 की हार से मैनचेस्टर सिटी सबक लेगी। मैनचेस्टर सिटी को आठ मैचों में पीएसजी के खिलाफ यह पहली हार मिली है। मैनचेस्टर सिटी ने मारेस्का के हवाले से कहा, 'हम बहुत कुछ सीख सकते हैं। भले ही हम यूरोप की सबसे अच्छी टीम के खिलाफ दो गोल खा लें, हमें सही चीजें करने की जरूरत है। मैं खिलाड़ियों से सीखता रहता हूं, क्योंकि मैं तीन महीने पहले ही यहां आया हूं। हम पहला गोल खा लेते हैं और फिर एक मिनट बाद इस तरह की टीम के खिलाफ दूसरा गोल खा लेते हैं। जब आप 0-0 पर हों, तो यह पहले से ही मुश्किल होता है।' उन्होंने आगे कहा, 'दो मिनट में आप दो गोल खा लेते हैं और हमने थोड़ा संतुलन खो दिया, खिलाड़ियों के बीच दूरी रही। हमने संघर्ष किया, लेकिन फिर दूसरे हाफ में हमने बदलाव किए, कुछ एडजस्ट किया और हम बहुत बेहतर थे। सच कहूं तो मुझे पीएसजी के खिलाफ खेलना बहुत पसंद है। दूसरे 45 मिनट में शानदार कोशिश के बावजूद, पहले 45 मिनट में हुए नुकसान ने विजिटर्स को पॉइंट दिलाए।' मारेस्का ने कहा, 'वे बहादुर हैं, मुझे पता है कि वे कैसे दबाव बनाना चाहते हैं। बॉल पर वे डायनेमिक हैं।

क्वार्टर फाइनल से हटे आर्थर, सेमीफाइनल में पहुंचे फोकिना

शंघाई । शंघाई मास्टर्स में आर्थर गेया का बेहतरीन प्रदर्शन चोट की वजह से अचानक रुक गया। गुरुवार को एलेजांद्रो डेविडोविच फोकिना के खिलाफ क्वार्टर फाइनल मुकाबले के दौरान उन्हें चोट लगी, जिसके कारण उन्हें मैच बीच में ही छोड़ना पड़ा। सेमीफाइनल में फोकिना का मुकाबला अलेक्जेंडर ज्वेरेव और एलेक्स डी मिनौर के बीच होने वाले मैच के विजेता से होगा। फोकिना के खिलाफ मैच शुरू होने के महज 22 मिनट बाद ही गेया को बाहर होना पड़ा। वह दो बार अपनी सर्विस गंवा बैठे थे और उन्होंने फिजियो को बुलाया, जिसके बाद उन्हें तीन मिनट का मेडिकल टाइमआउट मिला। इसके बाद उन्होंने केवल तीन और प्वाइंट खेले और फिर 1-4 से पीछे रहने पर मैच छोड़ने का फैसला किया। फ्रांस के 21 वर्षीय खिलाड़ी गेया ने मंगलवार को दुनिया के 15वें नंबर के खिलाड़ी जैकब मेन्सिक को 7-6(4), 6-4 से हराकर शंघाई मास्टर्स के क्वार्टर फाइनल में जगह बनाई थी। इससे पहले, उन्होंने बेन शेल्टन को हराया था। एटीपी विन/लॉस इंडेक्स के अनुसार, जुलाई के बाद से गेया ने अपने पिछले 15 टूर-लेवल मैचों में से 13 में जीत हासिल की है।

गेया अपने करियर के पहले एटीपी मास्टर्स 1000 इवेंट में हिस्सा ले रहे थे और इस समय दुनिया के 56वें ??नंबर के खिलाड़ी हैं, जो उनके करियर की अब तक की सबसे अच्छी रैंकिंग है। 2026 में उनका प्रदर्शन काफी शानदार रहा है। अगस्त में उन्होंने लॉस काबोस में अपना पहला एटीपी टूर खिताब जीता था और इसके बाद वह 'लकी लूजर' के तौर पर यूएस ओपन के चौथे राउंड तक पहुंचे थे। वहीं, पुरुष डबल्स में जैकब श्नाइटर और मार्क वालनर की जोड़ी ने एक बड़ा उलटफेर करते हुए एटीपी मास्टर्स 1000 के सेमीफाइनल में अपनी जगह पक्की की। उन्होंने टॉप सीड क्रिश्चियन हैरिसन और नील स्कुपस्की को 7-6(5), 6-3 से हराकर पहली बार मास्टर्स 1000 के सेमीफाइनल में प्रवेश किया।

रियल मैड्रिड की शानदार जीत, एएस रोमा को 4-3 से हराया

रोम । जोस मोरिन्हो की रियल मैड्रिड ने एएस रोमा के खिलाफ आखिरी 7 मिनट में तीन गोल करते हुए 1-3 से पिछड़ने के बाद जोरदार वापसी की और मुकाबला 4-3 से जीता। 83वें मिनट तक मोरिन्हो की टीम 3-1 से पीछे थी, लेकिन एस्पी, एंड्रिक और रुडिगर ने सिर्फ 8 मिनट में मैच पलट दिया और यूरोप में अपनी दूसरी जीत पक्की कर ली। मैच की शुरुआत तेज रफ्तार से हुई। चौथे मिनट में ही कोर्टोइस को हर्मोसो का शॉट रोकने के लिए शानदार सेव करना पड़ा। 16वें मिनट में रोमा ने बढ़त ले ली, जब डी रून का शॉट उनके ही साथी मालेन से टकराकर दिशा बदलते हुए गोल में चला गया। हालांकि, रोमा की बढ़त सिर्फ 5 मिनट ही रही। 25वें मिनट में किलियन एमबाप्पे ने लॉन्ग-रेंज से शॉट मारा, जो मैनसिनी से डिफ्लेक्ट होकर गोलकीपर गोलिनी को छकाते हुए अंदर चला गया और स्कोर 1-1 हो गया। पहले हाफ के आखिरी मिनटों में दोनों टीमों के पास मौके आए। कुकुरेला छाती से गेंद नियंत्रित कर बॉक्स में घुसे, लेकिन उनका शॉट टारगेट से चूक गया। एक्स्ट्रा टाइम में बेलिंगहैम का लेफ्ट-फुट शॉट भी थोड़ा वाइड चला गया। दूसरे हाफ में रोमा ने फिर पकड़ बनाई। 51वें मिनट में मालेन ने गोल कर रोमा को 2-1 से आगे कर दिया और 58वें मिनट में उसी मालेन ने अपना दूसरा गोल दागकर स्कोर 3-1 कर दिया।

67वें मिनट में एमबाप्पे ने एक और गोल कर स्कोर 3-2 किया, लेकिन मामूली ऑफसाइड के कारण वीएआर ने उसे खारिज कर दिया। इसके बाद मोरिन्हो की टीम ने ऑल-आउट अटैक शुरू कर दिया। 83वें मिनट में पहला ब्रेकथ्रू मिला। अर्दा गुलर के कॉर्नर पर एंड्रिक ने हेडर मारा, गोलिनी ने उसे रोका, लेकिन रिबाउंड पर एस्पी ने गेंद को जाल में डाल दिया। स्कोर 3-2 हो गया। चार मिनट बाद फिर वही कॉम्बिनेशन-गुलर का कॉर्नर, एंड्रिक का हेडर-इस बार सीधा गोल में चला गया और स्कोर 3-3 हो गया। रियल मैड्रिड यहीं नहीं रुकी। 90वें मिनट में गुलर के एक और कॉर्नर पर एंटोनियो रुडिगर ने एक्रोबैटिक स्ट्राइक से गोल कर दिया। 1-3 से पिछड़ने के बाद मोरिन्हो की टीम ने 4-3 से जीत हासिल की।

टाईम पास

आज का राशिफल

मेष — चू चे चो ला ली लू ले लो आ
व्यवसायिक अभ्युदय भी होगा और प्रसन्नताएं भी बढ़ेगी। स्वास्थ्य उत्तम रहेगा। धर्म-कर्म के प्रति रुचि जागृत होगी। घर में शुभ समाचारों का संचार होगा। जीवनसाथी का परामर्श लाभदायक रहेगा। व्यापार व नौकरी में स्थिति अच्छी रहेगी। शुभ कार्यों का लाभदायक परिणाम होगा। शुभांक-6-7-9

वृष — इ उ ए ओ वा वी वू वे वो
यात्रा प्रवास का सार्थक परिणाम मिलेगा। बुजुर्गों का मार्गदर्शन प्राप्त होगा। प्रियजनों से समागम का अवसर मिलेगा। अवरुद्ध कार्य संपन्न हो जाएंगे। कामकाज की व्यस्तता से सुख-आराम प्रभावित होगा। मानसिक एवं शारीरिक शिथिलता पैदा होगी। श्रेष्ठजनों की सहानुभूति साथ रहेंगी। शुभांक-2-7-9

मिथुन — का की कू घ ङ छ के को हा
कारोबारी यात्रा को फिलहाल टालें। आय-व्यय की स्थिति समान रहेगी। अपने हितैषी समझे जाने वाले ही पीठ पीछे नुकसान पहुंचाने की कोशिश करेंगे। होश में रहकर कार्य करें। कामकाज सीमित तौर पर ही बन पाएंगे। स्वास्थ्य का पाया भी कमजोर बना रहेगा। आत्मीय श्रेष्ठता बनेगी। शुभांक-3-7-8

कर्क — ही हू हे हो डा डी डू डे डो
राजकीय कार्यों से लाभ। कारोबारी यात्रा को फिलहाल टालें। शैक्षणिक कार्य आसानी से पूरे होते रहेंगे। स्वास्थ्य उत्तम रहेगा। व्यापार व व्यवसाय में ध्यान देने से सफलता मिलेगी। श्रम साध्य कार्यों में सफल होंगे। कुछ महत्वपूर्ण कार्य बनाने के लिए भाग-दौड़ रहेगी। कामकाज की अधिकता रहेगी। शुभांक-4-8-9

सिंह — मा मी मू मे मो टा टी टू टे
व्यापार में स्थिति नरम रहेगी। शत्रुभय, चिंता, संतान को कष्ट, अपव्यय के कारण बनेंगे। भ्रातृपक्ष में विरोध होने की संभावना है। आय-व्यय की स्थिति समान रहेगी। स्वास्थ्य का पाया कमजोर रहेगा। कामकाज सीमित तौर पर ही बन पाएंगे। अपने काम आसानी से बनते चले जाएंगे। शुभांक-3-6-9

कन्या — टो पा पी पू ष ण ठ पे पो
मेल-मिलाप से काम बनाने की कोशिश लाभ देगी। अपने काम में सुविधा मिल जाने से प्रगति होगी। समाज में मान-सम्मान बढ़ेगा। यात्रा का दूरगामी परिणाम मिल जाएगा। कामकाज में आ रही बाधा को दूर कर लेंगे। सुविधा और समन्वय बना रहने से कामकाज में प्रगति बनेगी। शुभांक-4-5-9

तुला — रा री रु रे रो ता ती तू ते
यात्रा प्रवास का सार्थक परिणाम मिलेगा। मेल-मिलाप से काम बनाने की कोशिश लाभ देगी। अपने काम में सुविधा मिल जाने से प्रगति होगी। समाज में मान-सम्मान बढ़ेगा। नवीन जिम्मेदारी बढ़ने के आसार है। परिवारजनों का सहयोग बना रहेगा। मेहमानों का आगमन होगा। शुभांक-3-7-9

वृश्चिक — तो ना नी नू ने नो य यी यू
मेहमानों का आगमन होगा। राजकीय कार्यों से लाभ। पैतृक सम्पत्ति से लाभ। नैतिक दायरे में रहें। पुरानी गलती का पश्चाताप होगा। विद्यार्थियों को लाभ। दाम्पत्य जीवन सुखद रहेगा। वाहन चालन में सावधानी बरतें। ले देकर की जा रही काम की कोशिश ठीक नहीं। मान-सम्मान बढ़ेगा। शुभांक-2-7-8

धनु — ये यो भा भी भू धा फा ढा भे
आय के योग बनेंगे। संतान की उन्नति के योग हैं। स्त्री-संतान पक्ष का सहयोग मिलेगा। आत्मचिंतन करे। पुराने मित्र से मिलन होगा। स्वविवेक से कार्य करे। भाई-बहनों का प्रेम बढ़ेगा। आत्मविश्वास बढ़ेगा। अर्थपक्ष मजबूत रहेगा। इच्छित कार्य सफल होंगें। दैनिक सुख-सुविधा में वृद्धि होगी। शुभांक-3-6-9

मकर — भे जा जी खी खू खे खो गा गी
अपना काम दूसरों के सहयोग से पूरा होगा। कारोबारी काम में नवीन तालमेल और समन्वय बन जाएगा। नये व्यावसायिक अनुबन्ध होंगे। 'आगे-आगे गौरख जागे' वाली कहावत चरितार्थ होगी। मेहमानों का आगमन होगा। परिवारजन का सहयोग व समन्वय काम को बनाना आसान करेगा। शुभांक-4-6-8

कुंभ — गू गे गो सा सी सू से सो दा
जीवन साथी अथवा यार-दोस्तों के साथ साझे में किए जा रहे काम में लाभ मिल जाएगा। पूर्व नियोजित कार्यक्रम सरलता से संपन्न हो जाएंगे। जोखिम से दूर रहना ही बुद्धिमानी होगी। ले देकर की जा रही काम की कोशिश ठीक नहीं। महत्वपूर्ण कार्य को समय पर बना लें तो अच्छा ही होगा। शुभांक-1-3-7

मीन — दी दू थ झ ञ दे दो चा ची
लाभ में आशातीत वृद्धि तय है मगर नकारात्मक रुख न अपनाएं। आशा और उत्साह के कारण सक्रियता बढ़ेगी। स्वास्थ्य मध्यम रहेगा। व्यापार में स्थिति नरम रहेगी। आय-व्यय की स्थिति समान रहेगी। व्यापार व व्यवसाय में ध्यान देने से सफलता मिलेगी। विशिष्ट जनों से मुलाकात होगी। शुभांक-1-5-9

काकुरो पहेली - 4040



खाली वर्गों में 1 से 9 तक के अंक लिखकर नीचे से ऊपर व दाएं से बाएं की जोड़ हल्के रंग के आधे वर्ग की संख्या से मेल खानी चाहिए. किसी भी अंक का उस जोड़ में पुनः उपयोग नहीं किया जा सकता.

उदाहरणतः

15 → 1 2 3 4 5
24 ↓ 7 8 9

1+2 = 3
1+3 = 4
7+9 = 16
8+9 = 17

काकुरो - 4039 का हल



लॉफिंग ज़ोन

प्रेमिका : मेरे होंठ गुलाब की पंखुड़ी जैसे हैं ना।
प्रेमी : हाँ।
प्रेमिका : मेरी आँखें कमल के फूल जैसी हैं ना?
प्रेमी : हाँ।
प्रेमिका : मेरी आवाज कोयल जैसी है ना?
प्रेमी : हाँ।
प्रेमिका : मेरी चाल मोरनी जैसी है ना?
प्रेमी : हाँ।
प्रेमिका : ओह! तुम कितनी अच्छी बातें करते हो।

□ □ □

एक दिलफेंक आशिक ने एक युवती को पकड़ा और सरेआम किस कर दिया।
युवती बोली- तुमने ये क्या किया?
युवक- तो इसे कहते हैं डायरेक्ट मार्केटिंग।
युवती ने युवक का कॉलर जोर से पकड़ा और खींचकर एक जोर का चाँटा रसीद कर दिया।
युवक- अब ये क्या था?
युवती- इसे कहते हैं कस्टमर फीडबैक।

□ □ □

फिल्म वर्ग पहेली - 4040



बायें से दायें:-

१. अमिताभ, शशि, नीतू की 'एक रास्ता है जिंदगी' गीत वाली फिल्म-२,३
४. 'ये नैन डरे डरे' गीत वाली विश्वजीत, वहीदा रहमान की फिल्म-३
६. 'पहला पहला प्यार' गीत वाली सनी, तब्बू, रीमासेन की फिल्म-३
९. संजयदत्त, पूजा भट्ट की 'रहने को घर नहीं है' गीत वाली फिल्म-३
१०. 'कुछ लोग मुहब्बत करके' गीत वाली राजीव कपूर, डिम्पल की फिल्म-२
१२. अजय देवगन, ट्विंकल खन्ना की जोड़ी वाली पहली फिल्म-२
१४. 'डाकिया रोज गली पर' गीत वाली मिथुन, स्वाति, मानसी की फिल्म-२
१६. आमिर खान, माधुरी की 'हम प्यार करने वाले' गीत वाली फिल्म-२
१७. 'थोड़ा है थोड़े की जरूरत' गीत वाली राकेश रोशन, बिंदिया की फिल्म-२,२
१८. अमिताभ, जया भादुड़ी की 'मैंने कहा फूलों से' गीत वाली फिल्म-२
१९. सनी देओल, सुनील शेट्टी, अजय जडेजा, सेलिना जेटली की फिल्म-२
२०. 'डकैत' में मीनाक्षी का नायक ?-२
२२. फिल्म 'परिंदा' में 'अन्ना' के चरित्र की भूमिका किसने की थी ?-२
२३. अमिताभ, जीनत की 'ई है बंबई नगरिया' गीत वाली फिल्म-२
२५. 'बीती ना बिताई रैना' गीत वाली जीतेंद्र, जया भादुड़ी की फिल्म-४
२७. जीतेंद्र, श्रीदेवी, जयाप्रदा की 'झोंपड़ी में चारपाई' गीत वाली फिल्म-३
२९. 'कितना बेचैन होके' गीत वाली आफताब, लिसा रे की फिल्म-३
३१. संजीव कुमार, राखी की 'मन मेरा तुझको मांगे' गीत वाली फिल्म-३
३२. 'तारे हैं बाराती' गीत वाली अनिल कपूर, तब्बू की फिल्म-४

ऊपर से नीचे:-

१. 'कितना प्यारा वादा' गीत वाली फिल्म-३
२. सुनील, किशोर सायरा की फिल्म-४
३. सुनील शेट्टी, करिश्मा, रवीना, सोनाली की 'सुंदरा सुंदरा' गीत वाली फिल्म-३
४. 'देखा तुझे तो' गीत वाली फिल्म जिसमें शाहरूख ने गूँगे की भूमिका की थी-३
५. 'नजरें मिलीं दिल धड़का' गीत वाली संजयकपूर, माधुरी की फिल्म-२
८. अनिलकपूर, श्रीदेवी की 'कभी मैं कहूँ' गीत वाली फिल्म-२
११. 'अबके बरस ये हाल है' गीत किस म्यूजिक एलबम का है-२
१२. विश्वजीत, माला सिन्हा की 'मिजाजे गिरामी दुआ है' गीत वाली फिल्म-२
१३. 'टक टका टक' गीत वाली संजय कपूर, शिल्पा शेट्टी की फिल्म-३
१५. ऋषि, सनी, मीनाक्षी की 'बिन साजन झूला झूलूँ' गीत वाली फिल्म-३
१६. फिल्म 'शोला और शबनम' की नायिका-२
१७. जैकी श्राफ, संजयदत्त, माधुरी की 'पालकी में होके सवार' गीत वाली फिल्म-५
२०. संजय, विवेकमुशरान, मनीषा की फिल्म-३
२१. जीतेंद्र, नंदा की 'देखते ही तुझे मेरे दिलने कहा' गीत वाली फिल्म-४
२४. 'सजना साथ निभाना' गीत वाली राजेश खन्ना, बबीता की फिल्म-२
२६. लक्की अली, गौरी कार्णिक की फिल्म-२
२८. 'एक बेचारा प्यार का मारा' गीतवाली फिल्म-३
३०. मिलिंद, राहुल देव, नतान्या सिंह की फिल्म-२

फिल्म वर्ग पहेली - 4039

सूडोकु -4040

	9				4			7
					7	9		
8								
4		5	8					
3				1				2
					9	7		6
								4
		3	5					
2			6				8	

- प्रत्येक पंक्ति में 1 से 9 तक के अंक भरे जाने आवश्यक हैं.
- प्रत्येक आड़ी और खड़ी पंक्ति में एवं 3×3 के वर्ग में किसी भी अंक की पुनरावृत्ति न हो इसका विशेष ध्यान रखें.
- पहले से मौजूद अंकों को आप हटा नहीं सकते .
- पहेली का केवल एक ही हल है.

सूडोकु -4039 का हल

7	8	5	2	6	3	1	4	9
4	3	1	9	7	5	8	2	6
2	6	9	1	4	8	7	5	3
3	1	4	6	8	9	5	7	2
9	5	8	7	2	4	6	3	1
6	7	2	5	3	1	9	8	4
5	2	7	3	9	6	4	1	8
1	4	6	8	5	2	3	9	7
8	9	3	4	1	7	2	6	5

शब्द पहेली -4040



बाएँ से दाएँ

1. जानकारी-4
4. मांसाहार का उलट-4
8. 'जुम्मा चुम्मा दे दे' गीत वाली फिल्म-2
9. कायाकल्प-5
10. पिता के छोटे भाई-2
13. कहानी लिखने वाला-5
15. नाम रखना-5
17. बेवक्त,अकाल-5
20. प्रयास,कोशिश-5
23. टोंटी,नलका-2
24. कामदेव,पुष्कर-2,3
25. डर,भय-4
28. शोर-शराबा-4
29. बेवफा,व्यभिचारी-4

ऊपर से नीचे

2. बिंदु,बिंदी,शून्य-2
3. गोलाकार-3
4. सम्मिलित होना-3,2
5. घाटा,नुकसान-2
6. मूर्ख,बेवकूफ-4
7. बिना कारण,बेवजह-4
11. राजा की पत्नी-2
12. वहम,संदेह-2
14. दुर्घटना-3
16. खाना बनाने की जगह,किचन-3
17. एकाएक, सहसा-4
18. अलमस्त-2
19. कमल ककड़ी, कमल डंडी-3,2
20. आरामदायी-5
21. सम्मान-2
22. भलमानसता-4
26. सद्,अच्छा-2
27. मृत्यु, प्रारब्ध, न्याय निर्णय-2

शब्द पहेली -4039 का हल



क्यों खतरनाक है रीढ़ की हड्डी की चोट?

कैसे करें इससे बचाव ?

स्पाइनल कॉर्ड यानी रीढ़ की हड्डी में चोट का प्रभाव पूरे शरीर, खासकर हाथ-पांव पर पड़ता है। इसके कारण व्यक्ति जीवनभर के लिए विकलांग हो सकता है। रीढ़ की हड्डियां छोटे छोटे हिस्सों में विभाजित होने के कारण लचीली होती है। इसकी वजह से हम इंसान झुक पाते हैं। इतना ही नहीं स्पाइनल कॉर्ड नसों का एक ऐसा समूह होता है, जो दिमाग के संदेश को शरीर के अन्य अंगों तक पहुंचाता है।

चोट लगने के बाद कई बार आपके दैनिक कार्यों में आपको समस्या आ सकती है। रीढ़ की हड्डी की जिम्मेदारी बहुत बड़ी होती है, वो हर रोज आपके शरीर और दिमाग के बीच लाखों संदेशों का आदान-प्रदान करने का माध्यम बनती है। इसलिए लोगों में स्पाइनल कॉर्ड इंजरी से संबंधित जानकारी फैलाना जरूरी है, ताकि इस इंजरी को रोका जा सके। आइए आपको बताते हैं कि क्या है स्पाइनल कॉर्ड इंजरी के प्रमुख कारण और कैसे कर सकते हैं इनसे बचाव?

हमारे लिए कितना जरूरी है स्पाइनल कॉर्ड ?

रीढ़ की हड्डी का ठीक रहना हमारे लिए बहुत जरूरी है, क्योंकि उससे हमारा चलना-फिरना, उठना-बैठना सब कुछ जुड़ा हुआ होता है। इसी कारण, रीढ़ पर लगी चोट आपके लिए काफी नुकसानदायक साबित हो सकती है। रीढ़ की हड्डी की जिम्मेदारी बहुत बड़ी होती है, वो हर रोज आपके शरीर और दिमाग के बीच लाखों संदेशों का आदान-प्रदान करने का माध्यम बनती है। एक अनुमान के मुताबित हर साल लोगों को होने वाली रीढ़ की हड्डी की चोट में से 35प्रतिशत गाड़ियों के एक्सीडेंट्स से लगती है। वहीं, 65 साल की उम्र के बाद गिरने से भी रीढ़ की हड्डी की चोट सबसे ज्यादा लगती है।

स्पाइनल कॉर्ड में चोट लगने के कारण

रीढ़ की हड्डी में लगने वाली चोट के मामलों में 82प्रतिशत पुरुष होते हैं। एक्सपर्ट अभी तक ये मालूम नहीं लगा पाए हैं कि ऐसा क्यों होता है कि पुरुषों को रीढ़ की चोट लगने का जोखिम महिलाओं से अधिक होता है। रीढ़ की हड्डी में चोट के निम्न कारण प्रमुख हैं-

- रोड एक्सीडेंट
- गिरने के कारण चोट लगना
- खेल-कूद के दौरान चोट लगना
- लड़ाई-झगड़े या मार-पीट में रीढ़ की हड्डी पर चोट लगना
- अर्थराइटिस, ऑस्टियोपोरोसिस, टीबी और अन्य इंफेक्शन्स के कारण

बहुत लचीली होती है रीढ़ की हड्डी

मानव कंकाल द्वितरफा एक जैसा है और बीच में रीढ़ की हड्डियां है। रीढ़ की हड्डियां छोटे छोटे हिस्सों में विभाजित होने के कारण लचीली होती है। इसकी वजह से इंसान झुक पाते हैं। हमारी रीढ़ की हड्डी के लचीलेपन को हम इस तरह से समझ सकते हैं कि ये दो तिहाई गोला बना सकती है। बच्चों की रीढ़ की हड्डी में 33 जोड़ होते हैं। जैसे-जैसे इंसान उम्र में बढ़े होते हैं तो उनके रीढ़ की हड्डी के जोड़ मिलकर एक होने लगते हैं। हमारा सैक्रम बनाने वाले पांच जोड़ बाद में जाकर एक हड्डी बन जाते हैं और मूलाधार जोड़ जो तीन से पांच हड्डियों से मिलकर बनता है वो भी बाद में जुड़ जाती हैं।

स्पाइनल कॉर्ड इंजरी से बचाव

- कार ड्राइव करते समय हमेशा सीट बेल्ट का प्रयोग करें।
- दो पहिया वाहन चलाते समय हमेशा हेलमेट पहनें।
- शराब पीकर या नशे की स्थिति में गाड़ी न चलाएं।
- गाड़ी की स्पीड पर नियंत्रण रखें।
- घरों को भूकंप रोधी बनाएं।
- गंदे और कम पानी वाली जगह पर स्विमिंग न करें।
- मार-पीट और लड़ाई-झगड़े से दूर रहें।

RATE TARIFF
राष्ट्रीय शिखर
खबरों की स्वतंत्रता
राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक समाचार पत्र

RASHTRIYA SHIKHAR
NATIONAL HINDI DAILY

DISPLAY B&W
Rs. 750/-
(Per Sq. cm)

DISPLAY COLOR
Rs. 750/- +
50% Extra
(Per Sq. cm)

CLASSIFIED DISPLAY
Rs. 75/-
(Per Sq. cm)
Note : Court Notice Rs. 2000/- (4x10) Rs. 50/- Per Sq. Cm. Extra for additional space.

CLASSIFIED Run On words
Rs. 15/-
(Per Word)
Note : For Classified run on words-Minimum-40 words Maximum 60 Words



Covering Area
Delhi NCR
&
Western U.P.

Special Page / Position Premium

Front Page (Semi)	-	50%	Island Position	-	50%	Strip Advt.	-	15%
Front Page (Solus)	-	75%	Right Hand Page	-	10%	Political Advt.	-	50%
Back Page	-	25%	Top of AD Column	-	15%	Pull Outs	-	50%
Page Three	-	20%	Any Other Spl. Position	-	10%	Discount as per deal		

Mechanical Data : 8 Cols. Per Page, Col. Width 33cm., Col. Length 50cm.

Ghaziabad Office : 64, Navyug Market, 1st Floor, Ghaziabad (UP)
Corporate Office : G-237, HIG, Pratap Vihar, Ghaziabad (U.P.)-201001
Mob.: 9310230557, 9625163807, E-mail : rashtriyashikhar@gmail.com, Website : www.rashtriyashikhar.com

Follow us : @ RashtriyaShikhar/

मनीष पॉल ने खोले बॉलीवुड के राज

मनीष पॉल अब इंडस्ट्री का एक जाना-माना नाम हैं। उन्होंने छोटे पर्दे पर होस्टिंग कर अपने करियर की शुरुआत की। इसके बाद मनीष ने बॉलीवुड में हाथ अजमाया और 'मिकी वायरस' के साथ बड़े पर्दे पर डेब्यू किया। अपने करियर में होस्ट और अभिनेता ने बॉलीवुड के कई दिग्गजों के साथ स्टेज शेयर किया। अब हाल ही में उन्होंने एक इंटरव्यू दिया और शाहरुख खान, सलमान खान, करण जौहर के साथ काम करने को लेकर अपना अनुभव बताया।
मनीष ने बताया कि उन्होंने करण जौहर के साथ काम किया है, उनके साथ मजाक करते हैं, लेकिन निर्माता-निर्देशन ने कभी उनकी बातों का बुरा नहीं माना। मनीष बोले, 'करण सर मेरे साथ काम करने वाले सबसे शानदार को-होस्ट हैं। शाहरुख खान सर और सलमान सर इतने बड़े सितारे हैं, लेकिन उनमें दूसरों को सहज महसूस कराने की खासियत है। वे इतने बड़े नाम हैं कि चाहें तो इस बात को लेकर सोच सकते हैं कि कहीं मनीष उनसे ज्यादा न बोलने लगे। लेकिन वे ऐसा कभी नहीं करते।' मनीष ने आगे कहा, 'मैं करण सर का काफी मजाक उड़ाता हूं और हम साथ में खूब मस्ती करते हैं। भगवान का शुक्र है कि लोगों को भी यह पसंद आता है। करण सर ने मेरी किसी भी बात का कभी बुरा नहीं माना। मैंने उनके साथ कई बार मजाक किया है। यह मेरी खुशकिस्मती है कि मुझे पता है कि कब रुकना है। मैं अपनी हद पार नहीं करता।'

शाहरुख को लेकर बोले मनीष

मनीष पॉल ने शाहरुख खान के साथ एक इवेंट होस्ट करने का किस्सा भी साझा किया। उन्होंने बताया कि जब वह नए थे, तब शाहरुख के साथ काम करते हुए काफी घबराते थे। ऐसे में शाहरुख ने उन्हें सहज महसूस कराया। मनीष ने कहा, 'मुझे याद है कि मैंने शाहरुख खान के साथ मुंबई पुलिस के कई शो होस्ट किए थे। उस समय मैं नया था और काफी नर्वस रहता था। एक बार उन्होंने मुझे अपने वैनिटी वैन में बुलाया। जब मैं अंदर गया तो उन्होंने बहुत गर्मजोशी से मेरा स्वागत किया।' मनीष के मुताबिक, फिर शाहरुख सर ने स्क्रिप्ट देखी और पाया कि सभी डायलॉग और जोक्स उनको ही दे दिए थे। मनीष के लिए कुछ नहीं था। ऐसे में किंग खान ने सवाल उठाया कि अगर सारे डायलॉग और जोक्स मुझे ही देने थे, तो फिर यह यहां खड़ा क्या कर रहा है?' मनीष के मुताबिक, शाहरुख ने आगे कहा, 'यह यहां सिर्फ खड़े रहने के लिए नहीं आया है।' इसके बाद किंग ने मनीष से कहा, 'मनीष, मेरे ऊपर भी दो-चार जोक्स करो।'

मनीष ने की सलमान की तारीफ

मनीष पॉल ने सलमान खान के होस्टिंग स्टाइल की भी तारीफ की। उन्होंने खास तौर पर पैपराजी की आलोचना करते हुए सलमान की हालिया टिप्पणी का समर्थन किया। मनीष ने कहा, 'यह बहुत शानदार था और इसकी काफी जरूरत थी। भगवान का शुक्र है कि उन्होंने ऐसा किया। मुझे लगता है कि वह अकेले ऐसे शख्स हैं, जिनकी बात लोग सुनेंगे। अब लोग उनकी बात सुन भी रहे हैं। जब भाई कुछ कहते हैं, तो फिर बात वहीं खत्म हो जाती है।'

रकुल प्रीत ने जैकी भगनानी को बताया ताकत और सबसे बड़ी सपोर्टर

अभिनेता-निर्माता जैकी भगनानी ने अपनी पत्नी और अभिनेत्री रकुल प्रीत सिंह को जन्मदिन की शुभकामनाएं देते हुए एक भावुक संदेश साझा किया। उन्होंने अपने जीवन में रकुल के साथ होने के लिए आभार व्यक्त किया और उनके प्रति अपना प्यार जाहिर किया। उन्होंने लिखा, 'तुम्हें देखकर मैं अब भी मुस्कुराए बिना नहीं रह पाता कि मैं कितना भाग्यशाली हूं। मेरी ताकत, मेरी एकमात्र समर्थक और मेरे जीवन के प्यार को जन्मदिन की शुभकामनाएं। तुम्हारी गर्मजोशी, तुम्हारी असीम ऊर्जा और हमारे घर को सबसे खुशहाल जगह बनाने के लिए धन्यवाद। सपनों को पूरा करने और साथ में खूबसूरत यादें बनाने का एक और साल मुबारक हो। मैं तुमसे प्यार करता हूं।' तस्वीर में रकुल और जैकी एक-दूसरे के करीब खड़े होकर कैमरे के सामने मुस्कुराते हुए पोज देते नजर आ रहे हैं। उन्होंने साथ में बिताए कुछ और खुशनुमा पलों की तस्वीरें भी साझा कीं।
दरअसल, रकुल और जैकी ने अक्टूबर 2021 में अपने रिश्ते को सार्वजनिक किया था, जिससे उनके रिश्ते को लेकर चल रही अटकलों पर विराम लग गया था। इस जोड़े ने सोशल मीडिया पर अपने रिश्ते की घोषणा करने से पहले अपनी निजी जिंदगी को काफी हद तक गुप्त रखा था। कुछ वर्षों तक एक-दूसरे को डेट करने के बाद इस जोड़े ने 21 फरवरी, 2024 को गोवा में शादी कर ली। उनकी शादी के समारोह में दोनों परिवारों की परंपराओं को ध्यान में रखते हुए रस्में निभाई गईं। इस जोड़े ने अक्टूबर 2021 में सोशल मीडिया पर अपने रिश्ते को आधिकारिक बनाया और 21 फरवरी 2024 को गोवा में सिख और सिंधी दोनों परंपराओं का सम्मान करते हुए शादी की।

15 साल बाद आएगा द डर्टी पिक्चर का सीक्वल

एकता कपूर ने हाल ही में एक इंटरव्यू में बात करते हुए यह कन्फर्म कर दिया है कि वह 'द डर्टी पिक्चर 2' लेकर आ रही हैं। उन्होंने फिल्म से जुड़ी कई चीजें शेयर की।

साल 2011 में आई फिल्म 'द डर्टी पिक्चर' को लोगों ने काफी पसंद किया था। मिलन लुथरिया के निर्देशन में बनी यह फिल्म सिल्क स्मिता की जिंदगी पर आधारित थी। इसमें विद्या बालन ने लीड रोल प्ले किया था। वहीं, उनके साथ नसीरुद्दीन शाह, इमरान हाशमी और तुषार कपूर भी नजर आए थे। अब फिल्म की निर्माता एकता कपूर ने हाल ही में इसके सीक्वल को लेकर बात की और बताया कि वह जल्द ही 'द डर्टी पिक्चर 2' लेकर आ रही हैं। साथ ही उन्होंने फिल्म की कहानी से जुड़ा भी अपडेट शेयर किया।
एकता ने कहा कि वह काफी समय से फिल्म 'द डर्टी पिक्चर' के सीक्वल के बारे में सोच रही थीं। अब उन्हें ऐसी कहानी मिल गई है, जिसे वह दर्शकों को सुनाना चाहती हैं। निर्माता ने यह भी बताया कि पहली फिल्म की तरह नई फिल्म भी किसी एक व्यक्ति की जिंदगी पर आधारित होगी। हालांकि, इस बार कहानी किसके इर्द-गिर्द घूमेगी, इसका खुलासा उन्होंने नहीं किया। एकता कपूर ने कहा, 'मैं एक बहुत बड़ी फिल्म बना रही हूं, जिसका नाम 'द डर्टी पिक्चर 2' है। मैं 15 साल बाद इसकी योजना बना रही हूं। इस बार मुझे लगता है कि मेरे पास एक ऐसी कहानी है, जिसे मैं बताना चाहती हूं।'

पहली फिल्म को लेकर क्या बोलीं एकता

एकता ने पहली फिल्म के बारे में बात करते हुए कहा कि 'द डर्टी पिक्चर' सिल्क स्मिता की जिंदगी पर आधारित थी। यह एक ऐसी महिला की कहानी थी, जिसे अपनी यौन स्वतंत्रता को खुलकर स्वीकार करने के लिए आलोचना का सामना करना पड़ा। एकता के मुताबिक, उन्होंने सिल्क स्मिता को कभी पीड़ित के रूप में नहीं देखा, बल्कि एक ऐसी महिला के तौर पर देखा, जिसने अपनी यौन स्वतंत्रता को अपनाया और उसका जश्न मनाया। फिल्म को दर्शकों का अच्छा रिस्पॉन्स मिला था। बता दें कि फिल्म सिल्क स्मिता की जिंदगी से प्रेरित थी और इसमें दक्षिण भारतीय फिल्म इंडस्ट्री में उनके संघर्ष, सफलता और निजी जिंदगी के कई पहलुओं को दिखाया गया था।

सिल्क स्मिता ने कितनी फिल्मों में किया काम

सिल्क स्मिता ने अपने करीब 18 साल के करियर में 450 से अधिक फिल्मों में काम किया था। फिर 35 साल की उम्र में सिल्क स्मिता ने अपने चेन्नई स्थित घर पर आत्महत्या कर ली थी। बता दें कि फिल्म में सिल्क स्मिता का किरदार निभाने वाली विद्या बालन को उनके शानदार अभिनय के लिए सर्वश्रेष्ठ अभिनेत्री का राष्ट्रीय फिल्म पुरस्कार मिला था।

हर कमेंट को दिल पर लेने की जरूरत नहीं

'अनुपमा' में राही का किरदार निभा रहीं टीवी एक्ट्रेस अद्रिजा रॉय ने वर्ल्ड मेंटल हेल्थ डे से पहले मानसिक स्वास्थ्य को लेकर खुलकर बात की है। आईएएनएस को दिए इंटरव्यू में एक्ट्रेस ने कहा कि आज की भागदौड़ भरी जिंदगी में मानसिक शांति सबसे ज्यादा प्रभावित हो रही है। ऐसे में जरूरी है कि हम अपनी भावनाओं को समझें, जरूरत पड़ने पर ब्रेक लें और अपनी मानसिक शांति को प्राथमिकता दें। आईएएनएस से बात करते हुए अद्रिजा रॉय ने कहा, ''लोग अक्सर अपनी परेशानियों को छिपाकर सबके सामने सामान्य दिखने की कोशिश करते हैं। उन्हें लगता है कि अगर उन्होंने स्वीकार कर लिया कि वह किसी मुश्किल दौर से गुजर रहे हैं, तो लोग उन्हें जज करेंगे या गलत समझेंगे। ऐसा सोचने के बजाय अपनी भावनाओं को स्वीकार करना चाहिए। कई बार बेहतर महसूस करने की शुरुआत यहीं से होती है।'' काम और पब्लिक लाइफ के दौरान मिलने वाले कमेंट्स पर बात करते हुए अद्रिजा ने कहा, ''हर बात को दिल पर लेना सही नहीं है। हर व्यक्ति की आपके बारे में अपनी राय हो सकती है, लेकिन खुद को आपसे बेहतर कोई नहीं जानता। मैं कोशिश करती हूं कि अपना ध्यान उन लोगों और चीजों पर रखूं, जो सच में मेरे लिए मायने रखते हैं और बाहरी लोगों की हर राय को अपनी मानसिक शांति पर हावी न होने दूं।''
उन्होंने आगे कहा, ''जब इंसान शारीरिक और मानसिक रूप से इतना थक जाए कि हर काम बोझ या जिम्मेदारी जैसा लगने लगे, तब रुककर खुद को समय देना जरूरी है। कुछ समय के लिए ब्रेक लेना आलस नहीं है। कई बार खुद को थोड़ा धीमा करना जरूरी होता है, ताकि इंसान दोबारा पूरी ताकत के साथ वापस आ सके। मेरा मानना है कि लगातार काम करते रहने को ही मजबूती समझना सही नहीं है। शरीर और दिमाग दोनों को आराम की जरूरत होती है।''
एक्ट्रेस ने कहा, ''दूसरों की उम्मीदों का बोझ इस कीमत पर मत उठाओ कि वह आपकी मानसिक शांति पर ही असर डाल दें। मैं हमेशा खुद को याद दिलाती हूं कि हर किसी को हर समय खुश रखना संभव नहीं है। मैंने धीरे-धीरे अपनी सीमाएं तय करना और जरूरत पड़ने पर 'नहीं' कहना सीखा है। शुरुआत में यह आसान नहीं था, लेकिन समय के साथ मुझे समझ आया कि अपनी शांति को बचाना स्वार्थी होना नहीं है।'' उन्होंने आगे कहा, ''जिंदगी का हर दौर गुजर जाता है। हो सकता है कि किसी परेशानी के दौरान हमारे पास सभी सवालों के जवाब तुरंत न हों, लेकिन ऐसे समय में खुद पर भरोसा रखना और खुद को समय देना जरूरी है।

सलमान खान ने लॉन्च अपना नया यूट्यूब चैनल 'बीइंग द सलमान खान'

सलमान खान ने अपना नया यूट्यूब चैनल 'बीइंग द सलमान खान' लॉन्च किया है। इस चैनल के जरिए फैंस उनके सफर को दोबारा देख सकेंगे और उनके व्यक्तित्व के अलग-अलग पहलुओं को जान सकेंगे। चैनल में एक्टिंग, बॉडी लैंग्वेज और सलमान के खास अंदाज पर ध्यान दिया गया है। इसमें मजेदार तरीके से दिखाया गया है कि पर्दे पर सलमान का अंदाज कैसे उनकी पहचान बना। हाल ही में सलमान ने अपनी इंस्टाग्राम स्टोरी पर चैनल का लिंक शेयर किया और फैंस को इसे देखने के लिए कहा। आमतौर पर सेलिब्रिटी अपने यूट्यूब चैनल पर निजी जिंदगी या फिल्मों की शूटिंग के पीछे के पल शेयर करते हैं। लेकिन सलमान का यह चैनल कुछ अलग है। इसमें स्क्रीन पर सलमान के दो रूप नजर आते हैं। एक अनुभवी एक्टिंग और पर्सनैलिटी कोच के रूप में है, जबकि दूसरा एक स्टूडेंट है, जो एक्टिंग सीख रहा है। सलमान ने 22 सितंबर को 'बीइंग द सलमान खान' चैनल लॉन्च किया था। अब तक इस पर 10 वीडियो अपलोड किए जा चुके हैं। कई वीडियो में कोच के रूप में नजर आने वाले सलमान, स्टूडेंट को बॉडी मूवमेंट, डायलॉग बोलने के तरीके और अपने खास अंदाज के बारे में सिखाते हैं। इन वीडियो के जरिए दर्शकों को सलमान की स्क्रीन पर पहचानी जाने वाली खूबियों की मजेदार झलक देखने को मिलती है। चैनल का लिंक शेयर करते हुए सलमान ने लिखा, 'शुरू से शुरू करते हैं। मेरा ऑफिशियल यूट्यूब चैनल। ए से जेड तक सब यहां मिलेगा।'

2020 में आया था ये चैनल

यह पहली बार नहीं है जब सलमान खान ने यूट्यूब पर अपनी मौजूदगी दर्ज कराई है। इससे पहले उन्होंने 2020 में 'सलमान खान फिल्म म्यूजिक' चैनल शुरू किया था। इस चैनल पर करीब 30 लाख सब्सक्राइबर्स हैं। यहां उनकी फिल्मों के गानों के साथ-साथ अलग से रिलीज किए गए म्यूजिक भी मौजूद हैं। कोविड-19 महामारी के दौरान सलमान ने गायकी में भी हाथ आजमाया था। इस दौरान उन्होंने 'प्यार करोना' और 'तेरे बिना' जैसे गाने रिलीज किए थे। इससे एक्टिंग के अलावा उनके काम का एक और पहलू सामने आया। अब नए चैनल के जरिए वह अपने सफर को नए अंदाज में पेश कर रहे हैं और पर्दे पर बनी अपनी छवि के साथ भी प्रयोग कर रहे हैं।

संक्षिप्त समाचार

होर्मुज़ स्ट्रेट को लेकर अमेरिका और ईरान में तनातनी

दुबई / वाशिंगटन, एजेंसी। दुनियाभर में कच्चे तेल और प्राकृतिक गैस की आपूर्ति के सबसे महत्वपूर्ण समुद्री मार्ग 'होर्मुज स्ट्रेट' को लेकर अमेरिका और ईरान के बीच जुबानी जंग और सैन्य टकराव चरम पर पहुंच गया है। ईरान की इस्लामिक रिवोल्यूशनरी गार्ड कॉर्प्स की नौसेना ने अमेरिकी नौसैनिक बेड़े पर सीधे हमले की चेतावनी दी है, जिसके जवाब में अमेरिकी सेंट्रल कमांड ने कड़ा पलटवार करते हुए ईरान के दावों को खारिज कर दिया है। 'अमेरिकी बेड़े के आने का इंतजार कर रहे हैं'। आईआरजीसी नौसेना के कमांडर ने कड़ा रुख अपनाते हुए बयान जारी किया कि वे होर्मुज स्ट्रेट में अमेरिकी नौसैनिक बेड़े की मौजूदगी का इंतजार कर रहे हैं ताकि उस पर हमला कर उसे समुद्र में डुबोया जा सके। इसके साथ ही रिवोल्यूशनरी गार्ड्स ने यह दावा भी दोहराया कि रणनीतिक रूप से संवेदनशील इस समुद्री मार्ग पर पूरी तरह से ईरान का नियंत्रण स्थापित है। ईरान की इस सीधी चेतावनी के फौरन बाद अमेरिकी सेना की सेंट्रल कमांड (सेंटकॉम) ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म 'एक्स' पर पोस्ट साझा कर तीखा जवाब दिया।

मेक्सिको में तूफान साइमन और रेचल से आई बाढ़ में छह लोगों की मौत

मेक्सिको , एजेंसी। मेक्सिको के प्रशांत तट पर भारी बारिश के कारण बाढ़ और भूस्खलन से मरने वालों की संख्या बढ़कर छह हो गई है। अधिकारियों ने मंगलवार को यह जानकारी दी। तूफान साइमन और रेचल के कारण ये हालात बने हैं। तूफान साइमन मेक्सिको के प्रशांत तट की तरफ श्रेणी-1 के तूफान के रूप में धीमी गति से आगे बढ़ रहा है। इसके कारण नायरित और सिनालोआ राज्यों में भारी बारिश हो रही है। नदियों का जलस्तर बढ़ने और बाढ़ को देखते हुए अधिकारी सतर्क हैं। सप्ताहांत में इस तूफान के कारण दक्षिणी राज्य गुएरेरो में भी भारी बारिश हुई थी, जिसमें एक व्यक्ति की मौत हो गई थी। हालांकि, सबसे ज्यादा नुकसान उत्तर में बाजा कैलिफोर्निया राज्य के तटीय शहर एनसेनाडा में हुआ, जहां रेचल तूफान के कारण बाढ़ आ गई। इससे कम से कम पांच लोगों की मौत हो गई। राज्य के अभियोजन कार्यालय ने बताया कि मृतकों में 13 वर्षीय एक लड़की शामिल है, जिसका शव रविवार को मिला था। इसके अलावा, 30 और 35 वर्ष की दो महिलाओं तथा चार साल के एक लड़के के शव सोमवार को बरामद किए गए। मंगलवार को एक जलधारा के पास एक अज्ञात व्यक्ति का शव मिला। बाजा कैलिफोर्निया में पांच अन्य लोग अब भी लापता हैं। इनमें से तीन एनसेनाडा के हैं। इसके अलावा, एक पिता और पुत्र भी लापता हैं, जो शनिवार को कैलिफोर्निया की खाड़ी के तट पर स्थित सैन फेलिप में मछली पकड़ने गए थे, लेकिन वापस नहीं लौटे। राज्य के नागरिक सुरक्षा अधिकारियों के मुताबिक, मंगलवार को करीब 300 सैन्यकर्मियों, पुलिसकर्मियों और बचावकर्मियों ने एनसेनाडा की एल पिपिला जलधारा के आसपास तलाशी अभियान चलाया। इस बीच, मैक्सिकन नौसेना लापता मछुआरों की तलाश में जुटी रही। बाढ़ के पानी में वाहन बह गए, मकानों को नुकसान पहुंचा और कुछ समुदायों का संपर्क कट गया।

ग्रीस में अमेरिकी राजदूत लेती थीं रिश्वत, हटाया

एथेंस, एजेंसी। अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने विवादों में घिरीं ग्रीस में अमेरिकी राजदूत किम्बर्ली गिलफॉयल से इस्तीफा मांग लिया है। उन पर पैसे, उपहार और अन्य फायदों के बदले ट्रंप प्रशासन के शीर्ष अधिकारियों तक पहुंच उपलब्ध कराने और ग्रीस सरकार को धमकाने के गंभीर आरोप लगे हैं। व्हाइट हाउस की प्रेस सचिव केटी जकारिया ने मंगलवार को उनके इस्तीफा मांगे जाने की पुष्टि की। पत्रकारों से बात करते हुए राष्ट्रपति ट्रंप ने कहा कि वह अच्छा काम कर रही थीं, लेकिन जो कुछ मीडिया में सामने आ रहा था, वह हमें पसंद नहीं आया। मीडिया रिपोर्ट के अनुसार, अमेरिकी कारोबारी एरिक डिटर्स ने दावा किया कि राजदूत ने ट्रंप प्रशासन के अधिकारियों से मिलाने के बदले उनका एक लाख डॉलर का क्रेडिट कार्ड बिल भरने की मांग की थी।

अरामको पर हूतियों का हमला : सना पर सऊदी की एयरस्ट्राइक, रियाद तक मिसाइलों की धमक

काहिरा, एजेंसी। सऊदी अरब के पूर्वी प्रांत में दुनिया की सबसे बड़ी तेल कंपनियों में शामिल अरामको के परिसर को निशाना बनाया गया। सऊदी ऊर्जा मंत्रालय के मुताबिक, परिसर की एक प्रशासनिक इमारत में सीमित आग लग गई। राहत की बात यह है कि इस घटना में किसी के घायल होने की खबर नहीं है। यह हमला ऐसे समय हुआ है, जब पश्चिम एशिया में जारी संकट के बीच सऊदी अरब और यमन के हूती विद्रोहियों के बीच तनाव बढ़ रहा है।

यमन की राजधानी सना में सऊदी गठबंधन ने हमला क्यों किया : सऊदी अरब के नेतृत्व वाले गठबंधन ने मंगलवार को यमन की राजधानी सना में हवाई हमले किए। सना पर हूती विद्रोहियों का नियंत्रण है। हूती विद्रोहियों के नियंत्रण वाले प्रसारक अल मसिरा और स्थानीय लोगों ने हमलों की जानकारी दी। हमले से पहले गठबंधन ने लोगों को सुरक्षित स्थानों पर जाने की चेतावनी दी थी। स्थानीय लोगों के मुताबिक, शहर में कई घंटे बाद भी तेज धमाकों की आवाजें सुनाई दीं। इससे पहले गठबंधन ने सना के पश्चिम में स्थित सुबाहा ईंधन केंद्र को निशाना बनाया था।

सऊदी गठबंधन ने तेल भंडारण केंद्र पर क्या आरोप लगाया : सऊदी गठबंधन के प्रवक्ता मेजर जनरल तुर्की अल मलिकी ने आरोप लगाया कि हूती विद्रोही मिसाइलों और ड्रोन के अपने हथियारों के भंडार के लिए यमन ऑयल कंपनी की सुविधा और उसके भूमिगत ईंधन डिपो का इस्तेमाल कर रहे हैं। यह केंद्र राजधानी सना के ऊपर एक पहाड़ी पर स्थित है। गठबंधन ने नागरिकों से यमन ऑयल कंपनी के परिसर और आसपास के भंडारण क्षेत्रों को खाली करने को कहा था।

क्या पश्चिम एशिया में बिगड़ेंगे हालात : फिलहाल यह स्पष्ट नहीं है कि यमन में मंगलवार को किया गया हमला सैन्य कार्रवाई बढ़ाने का संकेत था या रियाद के हवाई अड्डे पर हाल में हुए जानलेवा हमलों के जवाब में सीमित कार्रवाई। हालांकि, अरामको परिसर पर हमले, सना में हवाई हमलों और रियाद की ओर मिसाइलों के खतरे ने क्षेत्र में तनाव बढ़ा दिया है। आने वाले समय में हालात किस दिशा में जाएंगे, यह अभी साफ नहीं है।

हूती मिसाइलों का मलबा रियाद के रिहायशी इलाकों में गिरा : सऊदी अरब के सिविल डिफेंस ने कहा कि नष्ट किए गए दो हूती मिसाइलों का मलबा रियाद के रिहायशी इलाकों में गिरा, जिससे चार लोग घायल हो गए और 15 घरों को नुकसान पहुंचा। हूती द्वारा चलाए जा रहे ब्रॉडकास्टर अल मसीरा और निवासियों ने बताया कि सऊदी अरब के नेतृत्व में यमन में सेनाओं के गठबंधन ने मंगलवार को हूती विद्रोहियों के कब्जे वाली यमन की राजधानी पर नए हवाई हमले किए. ये हमले तब हुए जब गठबंधन के प्रवक्ता ने निवासियों से अपनी सुरक्षा के लिए इलाका खाली करने की अपील की. ?लोगों ने बताया कि शहर के पश्चिम में सुबाहा फ्यूल फैसिलिटी पर गठबंधन के हमले के कुछ घंटों बाद सना में जोरदार धमाके सुने गए. इससे पहले एक खास बयान में गठबंधन के हूती-नियंत्रित राजधानी में आम लोगों से कहा था कि वे यमनी ऑयल कंपनी की साइट और पास के स्टोरेज एरिया को खाली कर दें. गठबंधन के प्रवक्ता मेजर जनरल तुर्की अल-मलिकी ने हूती पर आरोप लगाया कि वे इस जगह और इसके अंडरग्राउंड फ्यूल डिपो का इस्तेमाल अपनी मिसाइलों और ड्रोन के हथियारों के जखीरे के लिए कर रहे हैं.

तेल कंपनी ने कहा- स्टोरेज खाली थी : ऐसा लगता है कि हूतियों को हमले का अंदाजा था. तेल कंपनी ने कहा कि उसकी स्टोरेज की जगहें खाली थी और सऊदी हमले से तेल के भंडार या लोगों के लिए सप्लाई पर कोई असर नहीं पड़ेगा. फिर भी शहर में मौजूद लोगों ने कमी के डर से कुछ गैस स्टेशनों पर पहुंचे जिससे कारों की लाइनें लग गई.

मिसाइलों के लिए अलर्ट जारी किया : चेतावनी के कुछ ही समय बाद हूती मिलिट्री के प्रवक्ता ब्रिगेडियर जनरल याह्या सारी ने टेलीग्राम पर कहा कि सना पर किसी भी सऊदी हमले का सऊदी राजधानी रियाद के खिलाफ दर्दनाक जवाब दिया जाएगा. कुछ घंटों बाद सऊदी अरब ने रियाद और पूर्वी प्रांत की ओर आ रही मिसाइलों के लिए अलर्ट जारी किया, लेकिन जल्दी ही कहा कि खतरा टल गया है. गठबंधन ने कहा कि उसने रियाद और दक्षिणी प्रांत वादी अल-दावसिर समेत देश के कई इलाकों में हूती की लॉन्च की गई बैलिस्टिक मिसाइलों, ड्रोन और क्रूज मिसाइलों को रोका दिया. रियाद के लोगों ने तेज धमाकों की आवाज सुनने की बात कही. इंश्योरेंस कंपनियों और सरकारी अधिकारियों की सलाह पर एयरलाइंस ने मंगलवार को अपने कई प्लेन रियाद से हटा लिए क्योंकि और हमलों का खतरा था।

जर्मनी में यौन उत्पीड़न मामले में रोबोट पर एक्शन, 16 साल की लड़की से छेड़छाड़ का आरोप, जांच में जुटी पुलिस

कोलोन , एजेंसी। क्या कोई रोबोट किसी महिला का यौन उत्पीड़न कर सकता है? जर्मनी के कोलोन शहर से हैरान करने वाला मामला सामने आया है। जहां स्थानीय पुलिस से एक रोबोट को 16 वर्षीय लड़की के साथ कथित छेड़छाड़ के मामले में जप्त किया है। आरोप है कि रोबोट ने रेस्टोरेंट में आई लड़की के निजी अंगों को छुआ और यौन उत्पीड़न जैसी हरकतें कीं। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

कोलोन पुलिस ने बताया कि, घटना का आरोपी रोबोट एक मानव नियंत्रित रोबोट है। पुलिस ने बताया कि रोबोट को दो युवक नियंत्रित कर रहे थे। पुलिस इस बात की जांच कर रहे हैं कि घटना में दोनों युवक भी शामिल थे या नहीं। दोनों युवकों पर अभी तक कोई आरोप नहीं लगाया गया है, लेकिन उन्हें संदिग्ध माना जा रहा है।

लड़की के साथ गलत हरकत करने का आरोप : पुलिस के मुताबिक, शनिवार और रविवार की दरमियानी रात यह घटना हुई। आरोप है कि दो युवकों द्वारा नियंत्रित रोबोट ने 16 वर्षीय लड़की के निजी अंगों को छुआ और यौन उत्पीड़न जैसी हरकतें कीं। युवकों पर घटना का वीडियो बनाने, उसे लाइव स्ट्रीम करने और ऑनलाइन टिप्पणियां करने का भी आरोप है। पुलिस अब वीडियो और अन्य सबूतों के आधार पर मामले की जांच कर रही है। पुलिस ने बताया कि वह यह पता लगाने की कोशिश कर रहे हैं कि रोबोट को पहले से प्रोग्राम किया गया था या उसे रिमोट के जरिए उसी समय नियंत्रित किया जा रहा था। इस तरह की घटना पुलिस के लिए नया अनुभव है। जांच के दौरान रोबोट की तकनीकी कार्यप्रणाली और घटना में उसकी भूमिका को समझने की कोशिश की जा रही है।

कार की डिक्की से मिला रोबोट : पुलिस ने सोमवार को जारी बयान में बताया कि एक फास्ट-फूड रेस्टोरेंट के पास घटना की सूचना मिलने पर आपातकालीन टीम मौके पर पहुंची। वहां एक कार की डिक्की में रोबोट मिला, जिसे पुलिस ने जब्त कर लिया। अधिकारियों ने रोबोट के साथ दोनों युवकों के मोबाइल फोन भी अपने कब्जे में लिए हैं। इन उपकरणों की जांच से घटना की रिकॉर्डिंग और ऑनलाइन गतिविधियों से जुड़ी जानकारी मिलने की उम्मीद है।

जानकारी के मुताबिक, रोबोट का मालिक 16 साल का है, जबकि उसके साथ मौजूद दूसरा युवक 19 वर्ष का बताया जा रहा है। रोबोट की लंबाई करीब 120 सेंटीमीटर यानी लगभग 3 फीट 11 इंच है। जर्मनी की पुलिस ने सोशल मीडिया पर रोबोट की तस्वीर भी साझा की है। तस्वीर में रोबोट लाल और सुनहरे रंग का दिखाई दे रहा है। उसने सफेद टैंक टॉप, काले ट्रैक पैंट, गले में सोने की चेन और धूप का चश्मा पहन रखा है।

सीजेपी को अमेरिका से मिल रही फंडिंग : मैरी मिलबेन का आरोप, कहा- भारत में अशांति फैलाने की रची जा रही साजिश

वाशिंगटन, एजेंसी। अमेरिकी गायिका मैरी मिलबेन ने बुधवार को सीजेपी पर बड़ा आरोप लगाया। उन्होंने कहा, 'अमेरिका में कॉकरोच जनता पार्टी को डोनर्स से फंडिंग मिल रही है। उन्होंने कहा कि यह चुप रहने का समय नहीं है।भारत के सभी युवा देशभक्तों से अपील की कि वे आगे आएं और इस संगठन की विनाशकारी सोच के खिलाफ शांतिपूर्ण विरोध करें। मिलबेन ने ये बातें तब कहीं जब विपक्षी पार्टियों और कॉकरोच जनता पार्टी (सीजेपी) के समर्थक नई दिल्ली में विरोध प्रदर्शन कर रहे थे। वे वोटर लिस्ट के 'स्पेशल इंटेंसिव रिविजन' (एसआईआर) में कथित गड़बड़ियों को लेकर मुख्य चुनाव आयुक्त (सीईसी) ज्ञानेश कुमार के इस्तीफे की मांग कर रहे थे। 41 साल के गायिका ने कहा कि सीजेपी नेता अभिजीत दिपके और उनकी पार्टी को अमेरिका में मौजूद ऐसे डोनर्स से फंडिंग मिल रही है, जो प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और उनके नेतृत्व में आपके भविष्य के खिलाफ हैं। उन्होंने कहा कि यह चुप रहने का समय नहीं है और भारत के सभी बेहतरीन युवा देशभक्तों से अपील की कि वे आगे आएं और विनाशकारी ताकतों के खिलाफ शांतिपूर्ण विरोध करें। पोस्ट में लिखा था, मेरे युवा देशभक्तों, डरो मत। आपके प्रधानमंत्री, जिन्होंने 25 साल तक भारत की सेवा की है। 12 साल प्रधानमंत्री के तौर पर और लगातार तीन बार चुने गए। वे मेरे देश की विनाशकारी ताकतों के सामने झुकने वाले नहीं हैं।' उन्होंने कहा, 'इन चुनिंदा दानदाताओं का दुनिया भर में एक ही तरीका है। रूढ़िवादी वैश्विक नेताओं को निशाना बनाना, उस देश से अमेरिका में पढ़े-लिखे व्यक्ति को ढूंढना। उन्हें कट्टरपंथी बनाना, उन्हें वापस देश भेजना और उन्हें अराजकता और तबाही फैलाने के लिए फंड देना। इनमें से कोई भी सफल नहीं हुआ है, लेकिन देश के विकास और शासन पर असर जरूर डाला है। अमेरिकी गायिका ने कहा कि लोकतंत्र और आजादी को बनाए रखने के लिए हमेशा एक जवाबी आंदोलन होना चाहिए। उन्होंने कहा, 'भारत में एक नई आवाज के लिए यह समय है। वह आगे आए, संगठित हो और 'कॉकरोच पार्टी' की विनाशकारी सोच के खिलाफ शांतिपूर्ण विरोध करे। उठो, युवा देशभक्तों उठो।

मुस्लिम आबादी 96%, सेकुलर देश... हिजाब बैन के बाद अजरबैजान में सिस्टम वर्सेज स्टूडेंट!

बाकू, एजेंसी। अजरबैजान की आबादी लगभग 100 फीसदी मुस्लिम है. लेकिन संविधान सेकुलर. सरकार के आदेश में हिजाब पर सीधे प्रतिबंध नहीं है. लेकिन कानून कहता है कि वैसे लिबास न पहने जाए जिससे देश का सेकुलर कैरेक्टर प्रभावित हो. हालांकि नियम लागू होने के बाद हिजाब पहनकर स्कूल आने वाली छात्राओं को टोका जा रहा है.

'अगर क्लास में आना है तो हिजाब नहीं पहनना पड़ेगा.' जिस देश की आबादी की 96 फीसदी जनता मुस्लिम हो अगर वहां की सरकार ऐसे नियम निकाले तो थोड़ा चौंकना लाजिमी है. लेकिन सेंट्रल एशिया के देश अजरबैजान में ऐसा ही हुआ है. यहां की सरकार ने देश के सेकुलर कैरेक्टर का हवाला देते हुए क्लास रूम में लड़कियों के लिए हिजाब पहनने पर रोक लगा दिया है. अजरबैजान

की लगभग 96 प्रतिशत आबादी खुद को मुस्लिम मानती है. लेकिन वहां का संविधान देश को धर्मनिरपेक्ष बताता है और साथ ही धार्मिक स्वतंत्रता की गारंटी भी देता है. लेकिन यहां की सरकार ने देश के सेकुलर फ्रेमवर्क को आधार मानते हुए सरकारी स्कूलों में ऐसे कपड़ों पर रोक लगाई गई, जो निर्धारित यूनिफॉर्म के अनुरूप नहीं हैं या शिक्षा के धर्मनिरपेक्ष चरित्र के खिलाफ माने जाते हैं. इस आदेश में हिजाब का नाम स्पष्ट रूप से नहीं लिया गया, लेकिन कई स्कूलों में इस नियम को हिजाब पहनने वाली छात्राओं के खिलाफ लागू किया गया. यहां स्पष्ट करना जरूरी है कि अजरबैजान की आम जनता पर हिजाब पहनने की मनाही नहीं है. इसके बाद अजरबैजान में हंगामा शुरू हो गया है. मुस्लिम बहुल इस देश में स्कूलों के नए ड्रेस कोड को लागू करने के तरीके ने विरोध की लहर पैदा कर दी है. हिजाब पहनीं छात्राएं कह रही हैं कि उन्हें क्लास में नहीं जाने दिया जा रहा है, दूसरी छात्राएं उनके समर्थन में क्लास का बहिष्कार कर रही हैं और पुलिस ने प्रदर्शनों के सिलसिले में 37 लोगों को गिरफ्तार किया है. इस विवाद का सबसे अहम पहलू यह है कि अजरबैजान की सरकार ने अपने आदेश में हिजाब पर सीधे प्रतिबंध लगाने की बात नहीं लिखी है. लेकिन धर्मनिरपेक्ष शिक्षा और एक समान स्कूल यूनिफॉर्म के नाम पर बनाए गए नियमों की वजह से कई स्कूलों में हिजाब पहनने वाली छात्राओं को स्कूलों में रोका जा रहा है. यही वजह है कि विवाद अब सिर्फ कपड़ों तक सीमित नहीं रहा, बल्कि धार्मिक स्वतंत्रता, शिक्षा के अधिकार और राज्य की सीमाओं पर सवाल उठा रहा है।

पोप लियो को लंग कैंसर की पुष्टिः रोम के अस्पताल में सफल रही फेफड़े की सर्जरी

वेटिकन सिटी / रोम, एजेंसी। ईसाई धर्म के सर्वोच्च धर्मगुरु 71 वर्षीय पोप लियो को फेफड़ों का कैंसर (लंग एडेनोकार्सिनोमा) होने का पता चला है। वेटिकन द्वारा जारी आधिकारिक मेडिकल बुलेटिन के अनुसार, मंगलवार को रोम के जेमेली अस्पताल में उनकी सफल सर्जरी की गई, जिसके तहत उनके दाहिने फेफड़े के निचले हिस्से को सुरक्षित निकाल दिया गया है।

90 मिनट चली सर्जरी, हालत स्थिर : वेटिकन ने स्पष्ट किया कि करीब 90 मिनट तक चले इस ऑपरेशन में किसी भी प्रकार की जटिलता सामने नहीं आई। प्रक्रिया पूरी तरह सफल रही और ऑपरेशन के बाद पोप सामान्य रूप से होश में आ गए। कुछ समय गहन निगरानी में रखने के बाद उन्हें अस्पताल के निजी कमरे में शिफ्ट कर दिया गया है।

उनके लगभग एक सप्ताह तक अस्पताल में ही स्वास्थ्य लाभ लेने की संभावना है।

नियमित जांच में सामने आई थी गांठ : वेटिकन के अनुसार, इस गांठ का पहली बार पता नियमित स्वास्थ्य जांच के दौरान चला था। एहतियात के तौर पर और यह सुनिश्चित करने के लिए कि कोई अवशेष न बचे, डॉक्टरों ने उनके दाहिने फेफड़े के पूरे निचले हिस्से को निकालने का निर्णय लिया। समाचार एजेंसी एएफपी के मुताबिक, वेटिकन सूत्रों ने पुष्टि की है कि कैंसर के शरीर के अन्य हिस्सों में फैलने की आशंका की जांच के लिए आगे के चिकित्सकीय परीक्षण किए जा रहे हैं।

अस्पताल के बाहर उमड़ी भीड़, पोप ने हाथ हिलाकर स्वीकारा अभिवादन : अस्पताल पहुंचने से पहले बड़ी संख्या में श्रद्धालु घंटों बाहर खड़े रहे और उनके जल्द स्वस्थ होने की प्रार्थना करते हुए नारे लगाए। पोप ने अपनी कार की पिछली खिड़की से मुस्कुराते हुए हाथ हिलाकर लोगों का अभिवादन स्वीकार किया। अस्पताल पहुंचने पर जब स्वास्थ्यकर्मियों ने उनके प्रति सहानुभूति जताई, तो पोप ने मुस्कुराते हुए सहज भाव से उनका हौसला बढ़ाया। अमेरिका में जन्मे पहले पोप लियो ने रविवार को बताया था कि नियमित स्वास्थ्य जांच के दौरान उनके फेफड़े में एक गांठ का पता चला है। चिकित्सकों ने इसे हटाने की सलाह दी थी। पोप के अनुसार, गांठ का पता शुरुआती चरण में ही चल गया था और वह एक सीमित हिस्से में थी। हालांकि, वेटिकन ने अभी यह स्पष्ट नहीं किया है कि गांठ कैंसरयुक्त थी या नहीं।

सीएनएन की रिपोर्ट के मुताबिक, फेफड़े में गांठ को हटाने की ऐसी सर्जरी आमतौर पर कम चीर-फाड़ वाली प्रक्रिया से की जाती है और इनमें जटिलताओं का जोखिम कम रहता है। फेफड़े के रोगों के विशेषज्ञ डॉ. मैथ्यू ट्रिपलेट ने बताया कि ऐसे ऑपरेशन के बाद मरीजों को सामान्यतः कुछ दिन अस्पताल में रहना पड़ता है। इसके बाद वे घर पर स्वास्थ्य लाभ ले सकते हैं।

पाकिस्तान में रेल हादसा, पटरी से उतरी पूरी ट्रेन, छह यात्रियों की मौत

लाहौर, एजेंसी। पाकिस्तान के पंजाब प्रांत में मंगलवार को एक यात्री ट्रेन के पटरी से उतर गई. इस रेल हादसे में छह लोगों की मौत हो गई और 40 अन्य घायल हो गए. पुलिस अधिकारियों ने बताया कि यह ट्रेन हादसा सुबह 5.15 बजे के आसपास हुआ और ट्रेन कराची से पेशावर जा रही थी.अधिकारियों ने बताया कि 'रहमान बाबा एक्सप्रेस' के सभी 14 डिब्बे मुल्तान में शेरशाह पुल के पास पटरी से उतर गए. पाकिस्तान रेलवे के प्रवक्ता बाबर अली ने बताया कि ट्रेन में लगभग 500 यात्री सवार थे. उन्होंने लोको पायलट के बयान के हवाले से बताया कि जब ट्रेन मुल्तान के शेरशाह स्टेशन से गुजर रही थी, तो उसे अचानक एक झटका महसूस हुआ जिसके बाद उसने ब्रेक लगाए. उन्होंने कहा, 'जब ट्रेन रुकी, तो उसके लगभग 14 डिब्बे पटरी से उतर चुके थे. प्रवक्ता ने बताया कि घायलों को इलाज के लिए स्थानीय अस्पतालों में भर्ती कराया गया है, जबकि राहत और बचाव दल ने पटरी से उतरे डिब्बों से यात्रियों को निकालने का अभियान शुरू कर दिया है. उन्होंने कहा, 'एक यात्री के डिब्बे के भीतर फंसे होने की सूचना है और बचावकर्मी उस तक पहुंचने का प्रयास कर रहे हैं.' पुलिस ने बताया कि दुर्घटना में छह लोगों की मौत हो गई है और 40 से अधिक लोग घायल हुए हैं. राहत और बचाव कार्यों में सहायता के लिए मुल्तान से एक राहत ट्रेन और मेडिकल वैन दुर्घटनास्थल के लिए रवाना की गई. वहीं, रेल हादसे के बाद अप और डाउन दोनों लाइन पर रेल यातायात निलंबित कर दिया गया, जिससे इस मार्ग पर रेल सेवाएं बाधित हुईं. मुल्तान के आयुक्त आमिर करीम खान ने दुर्घटनास्थल का दौरा किया. उन्होंने प्रभावित यात्रियों और उनके परिजनों से मुलाकात कर उन्हें हर संभव सहायता का आश्वासन दिया. एक यात्री ने मीडिया को बताया कि दुर्घटना से पहले रोहरी के पास कर्मचारियों ने बोगी नंबर-नौ के नट-बोल्ट की मरम्मत की थी. 'जियो न्यूज' के अनुसार, इस दावे की स्वतंत्र रूप से पुष्टि नहीं हुई है और यह भी अभी स्पष्ट नहीं है कि इस मरम्मत का ट्रेन के पटरी से उतरने से कोई संबंध था या नहीं. पाकिस्तान के प्रधानमंत्री शहबाज शरीफ ने रेल हादसे पर दुख व्यक्त किया. उन्होंने संबंधित अधिकारियों को राहत और बचाव कार्य में तेजी लाने और घायलों को बिना किसी देरी के बेहतर मेडिकल सुविधा उपलब्ध कराने के निर्देश दिए।

ट्रंप की हूती लड़ाकों को चेतावनी: कहा- याद रखें चुनाव के बाद भी मैं ही सत्ता में रहूंगा; ईरान पर साधा निशाना

वॉशिंगटन, एजेंसी। अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने हूती विद्रोहियों पर सऊदी अरब को निशाना बनाने और तेल की कीमतें बढ़ाने की कोशिश करने का आरोप लगाया है। ट्रंप ने कहा कि हूती विद्रोही एक साल पहले अमेरिकी बमबारी के बाद शांत हो गए थे, लेकिन अब फिर सक्रिय हो गए हैं। उन्होंने इसके पीछे ईरान का हाथ होने की आशंका भी जताई। ट्रंप ने अपने सोशल मीडिया मंच ट्रुथ सोशल पर लिखा कि हूती विद्रोही बहुत खराब व्यवहार कर रहे हैं। उन्होंने दावा किया कि अमेरिकी हमलों के बाद हूती विद्रोहियों ने खुद रुकने का अनुरोध किया था और लंबे समय तक शांत रहे थे। अब वे संभवतः ईरान के कहने पर फिर सामने आए हैं।

ट्रंप ने ईरान पर लगाया क्या आरोप : डोनाल्ड ट्रंप ने ईरान को कमजोर राष्ट्र बताते हुए उसकी नौसेना, वायुसेना और अर्थव्यवस्था पर भी टिप्पणी की। उन्होंने आरोप लगाया कि हूती विद्रोही जानबूझकर तेल की कीमतें बढ़ाने की कोशिश कर रहे हैं, संभवतः अमेरिकी चुनावों से पहले। ट्रंप ने कहा कि उन्हें यह समझाया जाना चाहिए कि वह चुनाव नहीं लड़ रहे हैं और भारी अंतर से जीत पहले ही हासिल कर चुके हैं। उन्होंने चेतावनी दी कि चुनाव के बाद वह इस घटना को नहीं भूलेंगे।

सऊदी अरब में तेल ठिकानों और हवाई अड्डों को खाली करने की चेतावनी यमन के हूती विद्रोहियों ने मंगलवार को सऊदी अरब में तेल ठिकानों के आसपास मौजूद कर्मचारियों और नागरिकों से वहां से निकलने को कहा। समूह ने इन ठिकानों को वैध निशाना बताया। हूती प्रवक्ता याह्या सरी ने यह चेतावनी सऊदी नेतृत्व वाले गठबंधन की ओर से यमन की राजधानी सना में हूती नियंत्रण वाले इलाके में स्थित यमनी ऑयल कंपनी के अल-सबाह केंद्रीय स्टेशन को खाली कराने के आदेश के बाद दी। गठबंधन के आदेश के कुछ ही समय बाद सना में विस्फोटों की आवाजें सुनी गईं। हूती समर्थक मीडिया संस्थानों ने दावा किया कि सऊदी समर्थित बलों ने राजधानी के अल-सबाहा इलाके में एक तेल प्रतिष्ठान पर हवाई हमले किए। अल जजीरा के संवाददाता यूसुफ मावरी ने कहा कि उन्होंने सना में यमनी ऑयल के अल-सबाह केंद्रीय स्टेशन पर सऊदी अरब के हमले के दौरान विस्फोट की आवाज सुनी। मावरी के अनुसार, सऊदी अरब ने रास ईसा बंदरगाह पर यमनी तेल भंडारण टैंकों और हूती नियंत्रण वाले होदेइदा प्रांत में एक तेल स्टेशन को भी निशाना बनाते हुए दो अन्य हवाई हमले किए।

बताए गए विस्फोटों के बाद याह्या सरी ने कहा कि हूती लड़ाके सना में सऊदी समर्थित बलों का मुकाबला कर रहे हैं। उन्होंने चेतावनी दी कि अगर गठबंधन ने सना पर हमला किया, तो सऊदी राजधानी रियाद में इसका कड़ा और दर्दनाक जवाब दिया जाएगा। सरी ने एक्स पर जारी बयान में कहा कि यदि सऊदी नेतृत्व वाला गठबंधन सना पर हमला करता है, तो हूती उन ठिकानों को निशाना बनाएंगे जिन्हें खाली करने का आदेश दिया गया है। इस चेतावनी में सऊदी अरब के दमाम स्थित अरामको कंपनी के मुख्यालय, किंग खालिद अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे और रियाद में अरामको से जुड़े एक रिफाइनरी परिसर को खाली करने की बात कही गई। अल जजीरा के संवाददाता ने कहा कि अंसार अल्लाह हूती समूह ने अभी तक कोई हमला नहीं किया है, लेकिन जवाबी कार्रवाई की आशंका जताई जा रही है। रिपोर्ट के मुताबिक, शनिवार को किंग खालिद अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे पर हुए हमले में कम से कम 13 लोगों की मौत हुई और 300 से अधिक लोग घायल हुए।

स्वामी, प्रकाशक, अनीता शर्मा द्वारा मुद्रक, रजनी कुमारी- मैसर्स साई प्रिंटिंग प्रेस D-85 सेक्टर-6 नोएडा, गौतमबुद्धनगर से मुद्रित एवं जी-271 एचआईजी, प्रताप विहार, सेक्टर-11, गाजियाबाद (उ०प्र०) से प्रकाशित। संपादक -अतुल शर्मा *
ईमेल-rashtriyashikhar@gmail.com (समस्त विवादों का क्षेत्र गाजियाबाद न्यायालय रहेगा) (* इस अंक में प्रकाशित समस्त समाचारों के चयन एवं संपादन तथा कानूनी मामलों हेतु उत्तरदायी)
समाचार संपादक-आरव शर्मा (एडवोकेट) 9310230557, 9625163807
(PRGI No. - UPHIN/25/A0086)